RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 179
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 05 अगस्त, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



नैनीताल की खूबसूरती के दीवाने हैं हजारों
पेज - 12


## टोक्यो ओलंपिक सोने के तमगे से एक कदम दूर रवि



**टोक्यो।** भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया (57 किग्रा भारवर्ग) ओलंपिक के फाइनल में पहुंच गए हैं। सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने कजाकिस्तान के नूरीस्लाम सनायेव को हराया। अब वह स्वर्ण पदक से सिर्फ एक कदम दूर हैं। अब गुरुवार को फाइनल होगा, जहां रवि रूस के पहलवान जवुर यूगेव से भिड़ेंगे। अगर मुकाबले की बात करें तो चौथी वरीयता प्राप्त पहलवान रवि एक समय 2-9 से पीछे चल रहे थे, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए कजाकिस्तान के पहलवान को पटखनी दी। बता दें कि रवि ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पहलवान हैं। इनसे पहले सुशील कुमार 2012 में फाइनल में पहुंचे थे।

**रूसी पहलवान जवुर को पछाड़ा तो रचेंगे इतिहास**





**फाइनल में पहुंचे नीरज:** ओलंपिक में भारत के स्टार जेवेलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने भाला फेंक स्पर्धा में पहले ही प्रयास में कमाल का थ्रो करते हुए 86.65 मीटर दूर भाला फेंका। इसके साथ वह फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गए। फाइनल में सीधे प्रवेश करने के लिए 83.50 मीटर का थ्रो होना जरूरी है। नीरज अब 7 अगस्त को फाइनल मुकाबले में अपना दमखम दिखाएंगे।

## उपलब्धि लवलीना ने जीता कांस्य पदक



भारत की स्टार युवा मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा है। 22 वर्षीय महिला मुक्केबाज को सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन तुर्की की बुसेनाज सुरमेनेली के हाथों हार का सामना करना पड़ा। लवलीना भले ही फाइनल में पहुंचने से चूक गईं, बावजूद इसके वह इतिहास रचने में सफल रहीं। वह अब ओलंपिक इतिहास में पदक जीतने वाली भारत की दूसरी महिला मुक्केबाज बन गई हैं। यही नहीं वह 125 साल के ओलंपिक इतिहास में असम की पहली एथलीट हैं जिन्होंने पदक जीता है।

## महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से हारी, कांस्य के लिए ब्रिटेन से भिड़ेगी

ओलंपिक में महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल मुकाबला हार गई। अर्जेंटीना ने भारत को 2-1 से हराया। भारत की ओर से इकलौता गोल गुरप्रीत ने दूसरे ही मिनट में कर दिया था। इसके बाद अर्जेंटीना की कप्तान मारिया नोएल बारिओनुएवो ने दूसरे और तीसरे क्वार्टर में गोल कर भारतीय टीम पर लीड ली और इसे आखिर तक बनाए रखा। हालांकि, भारत की मेडल की उम्मीद अभी टूटी नहीं है। ब्रॉन्ज के लिए टीम ब्रिटेन से मुकाबला करेगी। यह मैच 6 अगस्त को खेला जाएगा।

● विस्तृत खबर पेज-11

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,465 | ▲ 546 |
| निफ्टी | 16,246 | ▲ 128 |
| सोना | 46,992 | ▲ 123 /10 gm |
| चांदी | 66,926 | ▲ 766/ kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 33.01°C
न्यूनतम 27.00°C

## क्विक न्यूज

### समुद्र में उतरा भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत



**नई दिल्ली।** भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रांत 4 अगस्त को ट्रायल के लिए समुद्र में उतरा। इससे पहले जुलाई के आखिर में विक्रांत के बेसिन ट्रायल सफल रहे थे। ऐसे में विक्रांत को 2022 में नौसेना में शामिल किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। इसका नाम आईएनएस विक्रांत पर रखा गया है, जिसने 1971 युद्ध में निर्णायक भूमिका निभाई थी। रक्षा मंत्रालय कार्यालय ने ट्वीट कर बताया है कि स्वदेशी विमान वाहक विक्रांत के समुद्री परीक्षणों की शुरुआत हो चुकी है।

### घर की दीवार ढहने से एक ही परिवार के सात की मौत

**कोटा।** राजस्थान के बूंदी जिले में मूसलाधार बारिश की वजह से एक घर की दीवार ढहने से एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें से चार बच्चे हैं। पुलिस ने बुधवार को बताया कि घटना नवघाट क्षेत्र में मंगलवार व बुधवार की दरम्यानी रात को हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजस्थान के बूंदी, बारां, सवाई माधोपुर और कोटा जिलों के कई इलाकों में भारी बारिश हुई, जबकि कई अन्य इलाकों में बुधवार सुबह तक भारी बारिश हुई। मृतकों की पहचान महेंद्र केवट (40), उनकी पत्नी अनीता (32), महावीर की पत्नी मीरा (40), पूसी (10), तमन्ना (9), दीपिका (7) और कान्हा (5) के रूप में हुई है।

### सशस्त्र बलों को लग चुकी कोविशील्ड पर दुनिया की सबसे बड़ी स्टडी का नतीजा

# दोनों डोज के बाद कोरोना संक्रमण से 93 फीसद सुरक्षा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत में 16 जनवरी से हुई थी वैक्सीनेशन की शुरुआत**

**वैक्सीनेशन** के बावजूद कोरोना होने की खबरों से परेशान लोगों के लिए एक राहत भरी खबर है। खासतौर पर एस्ट्राजेनेका की कोवीशील्ड वैक्सीन लगवाने वालों के लिए। हाल ही में देश के सशस्त्र बलों के 15.9 लाख से ज्यादा हेल्थ केयर वर्कर्स (एचसीडब्ल्यू) और फ्रंटलाइन वर्कर्स (एफएलडब्ल्यू) पर हुई स्टडी के मुताबिक कोवीशील्ड के दोनों डोज लेने के बाद होने वाला कोरोना यानी ब्रेक-थ्रू इन्फेक्शन 93 फीसद कम पाया गया है। यानी कोवीशील्ड लगवाने वालों में वैक्सीनेशन के बाद होने वाले ब्रेक-थ्रू इन्फेक्शन 93 फीसद कम होंगे।

ब्रेक-थ्रू इन्फेक्शन को लेकर देश में हुई अब तक की सबसे बड़ी स्टडी के अनुसार देश में वैक्सीनेशन के बावजूद कोरोना होने की दर तकरीबन 1.6 फीसद है। यानी देश में पूरी तरह वैक्सीनेटेड 1000 लोगों में 16 लोगों को दोबारा कोरोना हो सकता है। किसी शख्स को वैक्सीन की दोनों डोज लगने के दो सप्ताह के बाद ही पूरी तरह वैक्सीनेटेड माना जाता है। ब्रेक थ्रू इन्फेक्शन की दर का अंदाज लगाने वाली यह स्टडी चंडीगढ़ पीजीआई ने की है और यह मशहूर द न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में पब्लिश हुई है। आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी) की यह स्टडी दुनिया में अब तक की सबसे बड़ी स्टडी है। फिलहाल इसके अंतरिम नतीजे जारी किए गए हैं। रिसर्चर्स का कहना है कि अब तक जितनी भी स्टडी हुई उनका सैंपल साइज 10 लाख से कम था। इसलिए हम मानते हैं कि विन-विन कोहोर्ट संभवत: वैक्सीन प्रभावशीलता पर दुनिया भर में हुए सबसे बड़े अध्ययनों में से एक है।



### 15 लाख से ज्यादा फ्रंट लाइन वर्करों पर किया अध्ययन

कोवीशील्ड, ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के एजेडडी-1222 फॉर्मूलेशन का मेड इन इंडिया वैरिएंट है। साथ ही यह भारत में चल रहे कोविड-19 वायरस के खिलाफ वैक्सीनेशन में इस्तेमाल हो रही प्रमुख वैक्सीन में से एक है। नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर वीके पॉल ने इस स्टडी के नतीजों का जिक्र करते हुए बताया कि ये अध्ययन 15 लाख से ज्यादा डॉक्टरों और फ्रंटलाइन वर्करों पर किया गया है। उन्होंने कहा, जिन्होंने कोवीशील्ड वैक्सीन की दोनों डोज लगवाई थी, उनमें 93 प्रतिशत सुरक्षा देखी गई। कोरोना की दूसरी लहर के दौरान डेल्टा वैरिएंट का कहर देखा गया था, ये स्टडी उसी वक्त की गई है। भारत में वैक्सीनेशन की शुरुआत 16 जनवरी से हुई। जिसमें सबसे पहले आर्म्ड फोर्सेज के हेल्थकेयर वर्कर और फ्रंटलाइन वर्कर्स को वैक्सीन लगी थी। यह स्टडी 30 मई तक वैक्सीन लगवा चुके इन्हीं 15.9 लाख वर्कर पर हुए वैक्सीन की प्रभाव पर आधारित अंतरिम विश्लेषण है।

# निलंबित होने के बाद सांसदों का हंगामा, महिला पुलिसकर्मी जख्मी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**बुधवार** को राज्यसभा में अनुचित आचरण के लिए तृणमूल कांग्रेस के 6 सांसदों को एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया। सस्पेंड होने के बाद सांसदों ने राज्यसभा की लॉबी में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान लॉबी की एक खिड़की पर लगी कांच टूट गई। कांच टूटने के दौरान एक महिला सुरक्षाकर्मी भी जख्मी हो गईं। बताया जा रहा है कि जब राज्यसभा में इन सभी सांसदों को कार्यवाही से बाहर जाने के लिए कहा गया तब उन्होंने राज्यसभा की गैलरी में घुसने का प्रयास किया, लेकिन यहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक लिया।

इसके बाद गैलरी के एंट्रेंस के पास सस्पेंड विधायक प्रदर्शन करने लगे और गाना गाने लगे। जब राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी तब उसके बाद निलंबित सांसदों ने जबरन राज्यसभा चैम्बर में घुसने की कोशिश की। आरोप है कि इसी दौरान सांसद अर्पिता घोष ने लॉबी में खिड़की की कांच को तोड़ दिया। कांच लगने की इसकी वजह से एक महिला सुरक्षाकर्मी घायल हो गईं। इस मामले में संसद में सुरक्षा से जुड़ी एक समिति पूरी घटना का रिपोर्ट भी तैयार कर रही है। इससे पहले रास चेयरमैन वेंकैया नायडू ने छहों सांसदों को दिनभर के लिए सदन छोड़ने को कहा। गौरतलब है कि नियम 255 के तहत इन सांसदों को दिन भर के लिए निलंबित किया गया है। ये सांसद रसदन के भीतर प्ले कार्ड लेकर हंगामा कर रहे थे और चेयरमैन के बार-बार कहने के बावजूद सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहे थे।



### संसद के बाहर भिड़े कांग्रेस-अकाली सांसद

संसद के मानसून सेशन में नए कृषि कानून को लेकर हंगामा मचा है। बुधवार को इसका असर संसद के बाहर देखने को मिला। इस मामले पर कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू और शिरोमणि अकाली दल सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल के बीच जुबानी जंग हुई। प्लेकार्ड्स लेकर संसद के बाहर प्रदर्शन कर रहीं बादल और अकाली सासंदों से बिट्टू ने कहा कि आपका यह प्रदर्शन नकली है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि जिस समय सरकार कृषि कानून संसद में पास करा रही थी, उस वक्त एसएडी सरकार के साथ थी। उसके किसी भी नेता ने केंद्र सरकार के बिल पर ऐतराज नहीं जताया। संसद में जब बिल पास हो गया, तब किसानों का हितैषी बनने के लिए एसएडी के नेताओं ने घर जाकर इस्तीफा दिया। ये लोग रोज ड्रामा करते हैं, जबकि इन लोगों के कैबिनेट में रहते हुए बिल पास हुआ। इस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि जब बिल संसद में पास हो रहा था तो कांग्रेस ने बिल के समय वॉकआउट क्यों किया था? जब संसद में बिल पास हो रहा था, उस समय राहुल गांधी कहां पर थे? उस समय वो किसानों की आवाज बनकर संसद में क्यों नहीं आए। राहुल और सोनिया गांधी ने बिल के विरोध में संसद में अपनी बात क्यों नहीं रखी। केंद्र सरकार खेती से जुड़े तीन कानून लेकर आई है। ये तीनों कानून संसद के दोनों सदनों से पारित हो भी चुके हैं और कानून बन चुके हैं। इन कानूनों के खिलाफ दिल्ली में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही इस पर सियासत भी जारी है।

## मध्यप्रदेश में 24 घंटे में पांच पुल टूटे

**शहर अस्त-व्यस्त हुआ**

**भिंड/दतिया।** सिंध नदी ने ग्वालियर-चंबल अंचल में तबाही मचा दी है। पहली बार सिंध नदी का ऐसा रौद्र रूप लोगों ने देखा है। बुधवार सुबह दतिया जिले में सिंध नदी पर बने सेंवढ़ा और भिंड का इंदुर्खी पुल बह गए। इसके बाद दोपहर में शिवपुरी जिले में नरवर-ग्वालियर को जोड़ने वाला मगरौनी पुल का काफी हिस्सा नदी में बह गया। इसके पहले मंगलवार को सिंध नदी के बहाव में रतनगढ़ वाली माता और लांच-पिछोर का पुल भी बह गया था।

अब दतिया जिले के गोराघाट, भिंड के मेंहदा घाट का पुल भी खतरे में हैं। दोनों पुलों पर पानी आ गया है। ककेटो और मड़ीखेड़ा बांध से पानी छोड़े जाने के बाद मंगलवार की दोपहर से लगातार सिंध नदी में पानी बढ़ रहा है। सिंध नदी के उफान पर आने से अब तक दतिया जिले के 3 और भिंड- शिवपुरी जिले में एक- एक पुल टूट चुके हैं। सिंध नदी पर ही मड़ीखेड़ा डैम के नीचे के पुल पर दरार आ गई है। बहे गए पुलों में लांच-पिछोर पुल, रतनगढ़ वाली माता पुल, सेंवढ़ा पुल, इंदुर्खी पुल, मगरौनी पुल शामिल है।

## हरियाणा में सभी राशन डिपो पर 18 और 19 को अन्नपूर्णा उत्सव

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 18 और 19 अगस्त को सभी राशन डिपो पर अन्नपूर्णा उत्सव का आयोजन होगा। उत्सव के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत पात्र परिवारों को पांच किलोग्राम गेहूं प्रति व्यक्ति दिया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्तों को अन्नपूर्णा उत्सव की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, अन्नपूर्णा उत्सव के दौरान राशन का वितरण पांच व दस किलोग्राम के थैलों में किया जाएगा।

## तिहाड़ में कुख्यात गैंगस्टर अंकित गुर्जर की हत्या

**नई दिल्ली।** देश की अतिसुरक्षित जेल से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बुधवार सुबह यह खबर आई कि जेल के अंदर कुख्यात गैंगस्टर अंकित गुर्जर की हत्या कर दी गई। उसका शव जेल की बैरक नंबर तीन में पाया गया। यह घटना गैंगवार के चलते हुई। अंकित के शव को दिल्ली के दीनदयाल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जेल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



इसके साथ ही हरिनगर थाने में भी मामला दर्ज कराया गया है। इस मामले में तिहाड़ के डीजी ने जानकारी दी कि अंकित गुर्जर बुधवार सुबह मृत पाया गया था। उसके ऊपर हत्या, लूट और अन्य संगीन धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। उसकी मौत की जांच की जा रही है। अंकित के परिजनों ने जेल अधिकारियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार कुख्यात गैंगस्टर अंकित गुर्जर बागपत के खैला गांव का रहने वाला था। पूर्व प्रधान विनोद की हत्या के मामले में एक लाख के इनामी रहे अंकित को दिल्ली पुलिस ने हरियाणा में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था।

## रोजगार पैदा करने वाले उद्योगों को मिलेगी सब्सिडी : दुष्यंत

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**10** उद्योगों वाला कलस्टर होगा मैगा प्रोजेक्ट

**50** फीसद स्थानीय युवाओं को नौकरी देने पर मिलेगी सब्सिडी

**हरियाणा** सरकार ने प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न श्रेणियों के उद्यमों के लिए 'रोजगार सृजन सब्सिडी योजना' अधिसूचित की है ताकि कुशल, अर्द्ध-कुशल एवं अकुशल श्रेणी के व्यक्तियों को क्षमता निर्माण के साथ-साथ रोजगार के अवसर मिल सके।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जिनके पास उद्योग एवं वाणिज्य विभाग का प्रभार भी है, ने बुधवार को बताया कि इस योजना के तहत अल्ट्रा-मेगा परियोजनाओं, स्थापित या स्थानांतरित क्लस्टरों, सूक्ष्म, लघु, मध्यम, बड़ी और मेगा परियोजनाओं, थ्रस्ट सेक्टर/आयात प्रतिस्थापन/आवश्यक क्षेत्र/जैव ऊर्जा/अक्षय ऊर्जा उद्यमों (एमएसएमई, बड़ी, मेगा परियोजनाओं) और डेटा केंद्र एवं को-लोकेशन सुविधा (एमएसएमई, बड़ी, मेगा परियोजनाओं) को कुशल/अर्ध-कुशल/अकुशल श्रेणी में हरियाणा अधिवासी व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध करवाने पर प्रोत्साहन एवं सब्सिडी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा, रोजगार सृजन सब्सिडी योजना के तहत अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को राज्यभर में हरियाणा उद्यम संवर्धन बोर्ड द्वारा प्रोत्साहन के अनुकूलित पैकेज की पेशकश की जाएगी।

# हरियाणा के उत्पाद को दुनियाभर में पहुंचाएगा वालमार्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने प्रदेश के 'एमएसएमई' के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध करवाने के लिए एक और अहम कदम बढ़ाया है। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की उपस्थिति में बुधवार को 'वॉलमार्ट वृद्धि' और 'हकदर्शक' कंपनी के साथ हरियाणा सरकार का एमओयू हुआ। सरकार की ओर से एमएसएमई विभाग के महानिदेशक विकास गुप्ता तथा 'वॉलमार्ट वृद्धि की ओर से नितिन दत्त तथा 'हकदर्शक' की ओर से सीईओ अनिकेत डॉयगर ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

डिप्टी सीएम ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में अधिक से अधिक उद्योग लगाना चाहती है ताकि युवाओं को रोजगार हासिल हो। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों के अलावा एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए 'हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति-2020' में निवेशकों के लिए कई महत्वपूर्ण रियायतें दी गई हैं। राज्य सरकार जहां केंद्र सरकार की 'मेक-इन-इंडिया' नीति को अपना रही है वहीं 'मेक-इन-हरियाणा' नीति को तवज्जो दे रही है, ताकि हरियाणा निवेश-गंतव्य बन सके। दुष्यंत ने बताया, प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग लगाने को प्राथमिकता दे रही है, इससे जहां शहरों की तरफ होने वाले पलायन पर रोक लगेगी, वहीं गांवों के कारीगरों को अपना उत्पाद कम खर्च में तैयार कर आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि 'वॉलमार्ट' जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र के पारंपरिक बुनकरों, हथकरघा और अन्य हस्तशिल्पियों को उनके उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने में राज्य सरकार सहयोग करेगी। उन्होंने 'हकदर्शक' कंपनी के सीईओ अनिकेत डॉयगर को निर्देश दिए कि वे देश के प्रत्येक राज्य की दो-दो, तीन-तीन कल्याणकारी व बेहतरीन योजनाओं का खाका तैयार करें ताकि हरियाणा अपने 'वन-ब्लॉक, वन-प्रोडक्ट' योजना के तहत उनको लागू करने की संभावनाओं पर काम कर सके।



सरकार ने वॉलमार्ट वृद्धि और हकदर्शक के साथ किया एमओयू

### एमएसएमई को जरूरत के हिसाब से दिलवाया जाएगा प्रशिक्षण

इस अवसर पर एमएसएमई विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी कि 'वॉलमार्ट' के साथ एमओयू साइन होने के बाद प्रदेश के एमएसएमई के उत्पाद जहां 24 देशों में प्रदर्शित होंगे वहीं 48 बैनर्स के नीचे 10,500 स्टोर्स में उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि एमएसएमई को जरूरत के अनुसार उद्योग-विशेषज्ञों से प्रशिक्षण भी दिलवाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया, 'हकदर्शक' कंपनी के साथ एमओयू साइन होने पर प्रदेश के एमएसएमई को सरकार और निजी कल्याण की सेवाओं तक पहुंचने में आसानी होगी। इस कंपनी की देश के 22 राज्यों में 7,000 कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है जिससे एमएसएमई को लाभ होगा। वहीं इस अवसर पर 'वॉलमार्ट वृद्धि' की ओर से नितिन दत्त तथा 'हकदर्शक' की ओर से सीईओ अनिकेत डॉयगर ने हरियाणा सरकार के साथ बुधवार को हुए एमओयू पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हरियाणा एक प्रगति की तरफ अग्रसर हो रहा राज्य है, उनकी कंपनी प्रदेश के एमएसएमई के उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने में भरपूर सहयोग करेगी।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 05 अगस्त, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 33.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 27.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सभी दुकानें खुलेंगी: रात 10 बजे तक
- माल्स खुले रहेंगे: रात 10 बजे तक
- बीके अस्पताल में ओपीडी शुरू : सुबह आठ बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू : सुबह 9 बजे

## निवेश गुरु

**देश** में बड़ी संख्या में खुदरा निवेशक अब अपने वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सिस्टेमैटिक इंवेस्टमेंट प्लांस के जरिये म्यूचुअल फंड्स में पैसा लगा रहे हैं। लोग फंड्स की बदलती नेट असेट वैल्यू के आधार पर अपने निवेश को संतुलित कर अच्छा पैसापैसा बना रहे हैं। हालांकि, जानकारी की कमी के कारण सिप निवेशक और खासतौर पर नए निवेशक कुछ गलतियां कर बैठते हैं। इससे उन्हें नुकसान भी उठाना पड़ता है या उन्हें मनमाफिक मुनाफा नहीं मिल पाता है।

## यूटीलिटी न्यूज

### दुकानों की ई टेंडरिंग के लिए आवेदन

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि लघु सचिवालय परिसर में वित्त वर्ष 2021 -22 के लिए वाहन पार्किंग, कैंटीन व फोटो स्टेट बूथों के ठेके के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से बोली की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह बोली आनँ लाइन की जाएगी। इसके लिए ई टेंडर सूचना डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ई टेंडर डॉट एचआरवाई डॉट इन साइट पर उपलब्ध होगी। जिस भी आवेदक को अपने आवेदन करने हैं वे ई टेंडर सूचना की वेबसाइट पर ऑनलाइन जाकर आवेदन कर सकता है।

## क्विक न्यूज

### पौधे किए वितरित

**फरीदाबाद।** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट फरीदाबाद की तरफ से आयुर्वेद शिरोमणि बालकृष्ण महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जड़ी बूटी दिवस मनाया। बड़खल के सीजीओ काम्प्लेक्स पार्क में बुधवार को भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने योग कराया। यहां पर राज्य प्रभारी जयपाल शास्त्री ने योग कराया। योग के उपरांत सभी लोगों को पपीता, गिलोय, एलोवेरा, कड़ी पत्ता व तुलसी के औषधीय पौधे वितरित किए गए। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी अंकुर सिंह ने बताया कि इस समय हर किसी के घर में औषधीय पौधे होना चाहिए। क्योंकि, यह पौधे संक्रमण व अन्य बीमारियों से बचाकर रखते हैं। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी अंकुर सिंह, योगाचार्य सुंदर लाल, विनोद विरमानी व रविंदर आदि मौजूद रहे।

### उद्योगों में चिकित्सा ट्रेनिंग आयोजित करेगी रेडक्रॉस

**फरीदाबाद।** जिला उद्योग केंद्र में बुधवार को संयुक्त निदेशक आरके राणा की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार एवं प्राथमिक चिकित्सा ट्रेनिंग जांच कमेटी के नोडल अधिकारी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी ईशाक कौशिक, सहायक विमल खंडेलवाल के साथ बैठक का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रुप से कमेटी के द्वारा हरियाणा सरकार आदेश अनुसार अनिवार्य की गई जोकि कंपनियों, होटल्स, रेस्टोरेंट, जिम, स्विमिंग पूल, वाटर पार्क सिक्योरिटी गार्ड एवम कर्मचारियों की प्राथमिक चिकित्सा ट्रेनिंग लेना अनिवार्य है।

# लापरवाही या भ्रष्टाचार : अवैध बस्तियों में विकास, औद्योगिक क्षेत्रों में विनाश

### राजस्व देकर बाद भी बदहाल सड़कों के कारण शर्मशार हो रहे उद्यमी

**राजेश दास।** फरीदाबाद





**खोरी** हो या जमाई कालोनी या फिर शहर की कोई अन्य अवैध बस्ती, इनमें अतिक्रमण को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम अथवा अन्य सरकारी एजेंसियां ही जिम्मेदार हैं। क्योंकि इनके द्वारा सड़क और अन्य विकास कार्यो पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। वहीं दूसरी तरफ शहर की हालत बद से बदतर हो चुकी है।

शहर की ज्यादातर सड़कें टूट चुकी हैं। लेकिन इन सड़कों का निर्माण करवाना तो दूर जानलेवा गड्ढों को भरने के लिए भी निगम के पास पैसे नहीं हैं। सेक्टर 25 औद्योगिक क्षेत्र की कई सड़कों पर एक से दो फुट गहरे गड्ढे बने हुए हैं। जिसमें बरसाती अथवा सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर बह रहा है। जबकि इलाके के उद्योगपति सरकार को जीएसटी और नगर निगम को विभिन्न टैक्सों के रूप में करोड़ों रुपये देते हैं। पिछले करीब दस सालों से यहां के उद्योगपति सड़कों के निर्माण और सीवर जाम से मुक्ति पाने के लिए मंत्री, विधायक और अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। इलाके की बदहाल सड़कों के कारण उद्योगपतियों को कई बार विदेशी प्रतिनिधि मंडल के सामने शर्मशार होने पड़ता है। जिसका सीधा असर उनके बिजनेस भी पड़ रहा है।

#### सड़क के गड्ढे या गड्ढों में सड़क

**सेक्टर** 25 औद्योगिक क्षेत्र को एचएसवीपी ने बसाया था। यहां के उद्योगपतियों ने लाखों रुपये सरकार को देकर यहां कारखानों के लिए प्लॉट खरीदे थे। इस औद्योगिक सेक्टर को विकसित करने के बाद एचएसवीपी ने कई साल पहले नगर निगम को हैंडओवर कर दिया था। लेकिन यहां के उद्योगपति पिछले करीब दस सालों से खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। सेक्टर की एक आध सड़क को छोड़ कर शेष सभी बुरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। इलाके में ऐसी कोई सड़क नहीं है, जो टूटी न हो। ज्यादातर सड़कों पर एक दो फुट तक गहरे गहरे गड्ढे बने हुए हैं। बरसात आने पर स्थिति बेहद दयनीया हो जाती है। गड्ढों में फंस कर आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। यहां ये हालत कोई हाल ही में नहीं हुई है। सड़कों को जर्जर हुए करीब दस साल का समय बीत चुका है। पिछले दस सालों से उद्योगपति मंत्री, विधायक और अधिकारियों से शिकायत करने के साथ साथ कई बार सीएम विंडो पर भी शिकायत दे चुके हैं।

#### सैकड़ों उद्योगों पर असर

**सेक्टर** 25 औद्योगिक क्षेत्र में करीब 200 और नजदीक ही स्थित कृष्णा नगर औद्योगिक क्षेत्र में करीब 250 से ज्यादा छोटे बड़े कारखाने मौजूद हैं। इन दोनों इलाके में स्थित कारखानों में हजारों की संख्या में मजदूर काम पर आते हैं। सेक्टर 24 और 25 को जोड़ने वाले गुरुग्राम नहर के पुल के टूट जाने के बाद इन दोनों इलाकों के उद्योगपतियों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा था। करीब दो साल बाद सिंचाई विभाग ने किसी तरह पुल का निर्माण तो करवा दिया। लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी पुल के दोनों तरफ रैम्प बनवाने की जरूरत महसूस नहीं की।

पुल के दोनों तरफ बनी सड़कों पर रैम्प न होने के कारण गड्ढे बन चुके हैं। बरसात आने पर यह गड्ढे दूर से दिखाई नहीं देते। जिसके कारण पुल से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शाम ढलते ही अंधेरा होने पर इन गड्ढों के कारण दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। इलाके के उद्योगपति और आसपास के लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा।

#### होना पड़ता हैं शर्मशार



**इस** क्षेत्र में कारखाना चलाने वाले उद्योगपतियों और काम करने वाले मजदूरों को हर रोज परेशानियां झेलते हुए आना जाना पड़ता है। सड़कों पर बरसाती अथवा सीवर का पानी भर जाने पर लोगों का पैदल अथवा दोपहिया वाहनों पर चलना मुश्किल हो जाता है। यहां स्थित कई कंपनियां देश के अन्य राज्यों के साथ विदेशी कंपनियों के लिए भी काम करती हैं। जिसके कारण इन कंपनियों का दौरा करने के लिए अक्सर देशी और विदेशी प्रतिनिधि मंडल यहां आते रहते हैं। कुछ समय पहले अफ्रीका के छोटे से देश बोत्सवाना स्थित एक कंपनी का प्रतिनिधि मंडल यहां आया था। प्रतिनिधि मंडल के सदस्य सड़कों की हालत को देखकर काफी नाराज हुए थे। जिसके कारण उद्योगपतियों को उनके सामने शर्मशार होने के लिए मजबूर होना पड़ा था। बदहाल सड़कों के कारण उद्योगपतियों को अक्सर नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। सड़कों के गड्ढों के कारण ट्रकों से लाये और ले जाने वाला माल कई बार क्षतिग्रस्त भी हो जाता है। उद्योगपति इन समस्याओं को लेकर कई बार शहर के दोनों मंत्रियों को भी शिकायत दे चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

#### कोई सुनने को तैयार नहीं



**एफसीसीआई** के कार्यकारणी सदस्य एवं उद्योगपति बीके गुप्ता का कहना है कि सरकार को करोड़ों रुपये सालाना टैक्स देने के बावजूद उद्योगपतियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। पिछले दस सालों के दौरान वे नगर निगम को दर्जनों बार शिकायत दे चुके हैं। लेकिन अधिकारी उनकी समस्याओं का समाधान करने को तैयार नहीं हैं। मंत्रियों और सीएम विंडों में भी कई बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन समस्या का समाधान करने की बजाए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

## शानदार रहा विद्यासागर स्कूल की10वीं का परिणाम

### स्कूल डायरेक्टर ने छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनको बधाई दी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**विद्यासागर** इंटरनेशनल स्कूल, तिगांव का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति ही शानदार रहा। स्कूल के छात्रों में से ज्योति, साहिल और यांशी ने 96 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये।

स्नेहा गर्ग, दिव्यांशी, जिया बहोत, प्रियांशु व साक्षी वर्मा ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये. इसके साथ ही ध्रुव त्यागी, ओमदत्त, भारती, मुस्कान, दिनेश, मुस्कान, जय अधाना, रजत, तनिश, मोहित, देवशी, गीतिका, रूद्र, वर्षा, साहिल, तमन्ना, स्नेहा, आयुषी, निशांत, मानक्षी, हर्ष और यश ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर दीपक यादव ने बताया कि सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में स्कूल के सभी छात्र अच्छे अंकों से सफल हुए हैं। उन्होंने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनको बधाई दी है और इसका श्रेय स्कूल के अध्यापकों, स्टाफ व छात्रों की मेहनत को दिया। साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों को भी धन्यवाद किया। जिन्होंने कोरोना की वजह से पढ़ाई प्रभावित होने के बाबजूद छात्रों को अनुसाशन के साथ प्रेरित किया।

इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल यादव ने छात्रों आशीर्वाद दिया और उन्हें आगे के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल के डायरेक्टर शम्मी यादव, प्रधानाचार्य कुलविंदर कौर, वाईस प्रिंसिपल योगेश चौहान ने भी सभी को मिठाई खिलाकर शुभकामनायें दीं। गौरतलब है कि तिगांव स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल स्वच्छ वातावरण के साथ आधुनिक सुविधाओं और अनुभवी स्टाफ वाला उत्कृष्ट स्कूल है जिसका हर साल का रिजल्ट शानदार ही रहता है।

## केएल महता के बच्चों ने हासिल किए 95 प्रतिशत से अधिक अंक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेक्टर**-16 स्थित केएल महता दयानंद पब्लिक सीनियर सेकेंडरी सकूल के बारहवीं कक्षा के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य अनिता उप्पल ने कहा कि सीबीएसई द्वारा घोषित सीनियर सेकेंडरी के परीक्षा परिणाम में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

उन्होंने बताया कि मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स और आर्ट्स में विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त किए है। जिसमें मेडिकल की भौरवी मंगल और वर्षा ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। वहीं नॉन-मेडिकल में कृष अग्रवाल, विनय यादव और दास गजराज ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। कॉमर्स में सोनिया ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। आर्टस में मोहित ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष आनंद महता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय की प्रधानाचार्य अनिता उप्पल ने विद्याथियों को आशीर्वाद देते हुए शिक्षकों के कठिन परिश्रम की सराहना की है। अध्यक्ष आनंद महता के अमूल दिशा-निर्देशों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में ऐसे ही सहयोग की कामना व्यक्त की है।

## मॉडर्न दिल्ली पब्लिक स्कूल का रिजल्ट रहा शानदार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**मॉडर्न** दिल्ली पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10 (2020-21) की परीक्षा में अद्भुत प्रदर्शन किया। विद्यालय ने 91.52 प्रतिशत के अभूतपूर्व औसत के साथ 457.60 का गुणात्मक सूचकांक हासिल किया। सानवी गोयल और गरिमा कालरा ने 99.6 प्रतिशत के साथ विद्यालय में टॉप किया। पर्ल नारंग 99.4 प्रतिशत और प्रणवी बंसल, आयुषी गुप्ता, स्वर्णा जैन, तरणजोत कौर और वंषिका वर्मा ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

उल्लेखनीय बात यह रही कि कुल 349 परीक्षार्थियों में 129 ने 95 प्रतिशत से अधिक और 242 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये।

निदेशक प्राचार्य उदय वर्मा ने इन चमकते सितारों, अध्यापकों तथा अभिभावकों को प्रशंसनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा, प्रत्येक सफलता के साथ हम अपने स्तर को ऊंचा उठाते हैं तथा नए प्रतिमान स्थापित करते हैं। हमारी कार्य नीति असाधारण है। हम सदैव स्वयं से बेहतर की मांग करते हैं। यह हमारे उत्साह को द्विगुणित करता है तथा हमें श्रेष्ठता की ओर अग्रसर करता है।

## रावल स्कूल के 7 बच्चों के 95 प्रतिशत से अधिक अंक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**रावल** बीएसके स्कूल का दसवीं तथा बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्रों ने अपनी अद्वितीय सफलता से स्कूल का गौरव बढ़ाया।

बारहवीं कक्षा के 75 प्रतिशत छात्रों ने मैरिट में स्थान बनाया। 50 प्रतिशत छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 17 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। जिनमे सात बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय के पहले ही परीक्षा परिणाम को अविस्वमरणीय बना दिया। स्कूल की छात्रा भावना डागर 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही। इस छात्रा ने बायोलॉजी में 100 प्रतिशत, अंग्रेजी में 100 प्रतिशत और केमिस्ट्री में 99 प्रतिशत अंक लेकर अपनी मेधा का परचम लहराया। सभी छात्रों ने निरंतर मार्गदर्शन एवं समर्थन के लिए अपने विद्यालय के चेयरमैन सीबी रावल, प्रो. चेयरमैन अनिल रावल एवं वाइस चेयरमैन रितेश रावल, प्रिंसीपल मैडम और अपने सभी अध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के चेयरमैन सीबी रावल ने सभी छात्रों अभिभावकों को उनके सराहनीय प्रयास के लिए बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




सिहर उठता है मन जब भी ये मासूमों पे उठती है
कभी कलियों पे उठती है कभी फूलों पे उठती है
बड़ों के सामने सज़दा, अजब क़िरदार है खाकी
तेरी लाठी ग़रीबों और मज़लूमों पे उठती है

## जेजेपी यूथ इलेवन ने डीसी इलेवन को नौ विकेट से हराया मैच

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेक्टर**-86 स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी में मंगलवार की शाम को एक इंडिविजुअल मैच का आयोजन किया गया। यह मैच डीसी इलेवन फरीदाबाद और जेजेपी यूथ इलेवन के बीच खेला गया। यह मैच 20-20 ओवर का खेला गया था।

डीसी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाए। जिसमें प्रदीप यादव ने 35 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्कोड्ड के साथ 47 रन बनाए। वहीं नगर निगमायुक्त यशपाल यादव ने 45 गेंदो पर चार चौकों और एक छक्के के साथ 46 रन बनाए। डीसी इलेवन का सामना करते हुए जेजेपी यूथ इलेवन के गेंदबाज नीरज ने दो विकेट लिए। वहीं उपेन्द्रपाल चीमा और सौरभ ने एक-एक विकेट लिया। जिसके बाद जेजेपी यूथ इलेवन की टीम ने बल्लेबाजी शुरू की।

लक्ष्य का पीछा करते हुए जेजेपी यूथ इलेवन की तरफ से 16.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाते हुए यह मैच नौ विकेट से जीत लिया। जिसमें राहुल डागर ने 47 गेंदों पर 64 रन आठ चौके और दो छक्कों की मदद से बनाए। वहीं 24 गेंदों पर दो चौके और सात छक्कों की मदद से दीपक चंदीला ने 59 रन बनाए। वहीं यशपाल डागर ने 27 गेंदों पर 51 रन तीन चौके और पांच छक्के की मदद से बनाए। डीसी इलेवन के गेंदबाज नगर निगमायुक्त यशपाल यादव ने अकेले ही एक विकेट लिया। मैच के अंत में बेस्ट प्लेयर का आवार्ड दीपक चंदीला और बेस्ट गेंदबाज का खिताब नीरज को दिया गया।

### जिले में 8028 लोगों ने लगवाया टीका

**फरीदाबाद।** जिले में बुधवार को 8028 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। जिसमें निजी अस्पतालों में 2052 लोगों ने टीकाकरण करवाया। क्योंकि जिले में सरकारी केन्द्रों पर टीकाकरण केन्द्रों की संख्या कम थी। आज भी सरकारी और निजी टीकाकरण केन्द्रों की संख्या केवल 12-12 ही है। बुधवार को हेल्थ केयर वर्करों में 87, फ्रंट लाइन वर्करों में एक, 18 प्लस आयुवर्ग में 5811 लोगों ने और 45 प्लस आयुवर्ग में 2129 लोगों ने टीकाकरण करवाया। इसी कड़ी में कुछ स्थानों पर 90 से अधिक उम्र के मरीजों के पहुंचने पर विशेष व्यवस्था की गई थी। खेड़ी कला स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात चिकित्सक डॉ. गजेन्द्र अधाना ने बताया कि उनके यहां वैक्सीन लगवाने आए 98 वर्षीय सेक्टर-14 निवासी अमर कपूर को गाड़ी में टीका लगाया गया, क्योंकि बुजुर्ग पैदल चलने की स्थिति में नहीं थे। उन्होंने बताया कि उनके केन्द्र में बुधवार को कुल 385 लोगों को टीके लगाए गए।

## 100 प्रतिशत परिणाम लाए विद्यार्थी : डॉ. गीता



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### प्रधानाचार्य बोलीं हमारे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

**केएल** महता दयानंद पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल नंबर 1, नेहरू ग्राउंड, फरीदाबाद का दसवीं की परीक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष आनंद महता ने विद्यार्थियों स्टाफ और प्रधानाचार्य जी को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और अपनी शुभकामनाएं दी। 12वीं के परिणाम के उपरांत 10वीं का परिणाम आशा अनुरूप 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. गीता यादव ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत परिणाम लाकर हम सभी को हर्षोल्लास से भर दिया है। हमारे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया है। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे। मिहिर विरमानी ने 96.4 प्रतिशत, ज्ञान रंजन ने 93.8 प्रतिशत और अनिशा सिंह ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# बोर्ड की गलती : अधर में रिजल्ट लेट वाले स्टूडेंट्स का भविष्य

**कविता**। फरीदाबाद

### स्कूल संचालकों ने छात्रों को बोर्ड जाने के दे दिए निर्देश

### हॉयर एजुकेशन डिपार्टमेंट ने कर दी दाखिले की घोषणा




**12वीं** का परीक्षा परिणाम आने के बाद कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। वहीं हजारों बच्चे परिणाम रूकने के बाद स्कूलों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान करने के बजाय स्कूल संचालक उन्हें बोर्ड में जाने की सलाह दे रहे हैं। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने एक सप्ताह में परिणाम आने की घोषणा की थी, लेकिन अब वे चुप्पी साध कर बैठी हैं।

कुछ बच्चों ने बताया कि उनका परीक्षा परिणाम बोर्ड द्वारा रोक दिया गया है। स्कूल जाने पर उन्हें शिक्षा बोर्ड कार्यालय जाने की सलाह दी जाती है। सरकारी अथवा निजी स्कूलों में यही सुनने को मिल रहा है। कुछ निजी स्कूल संचालकों ने बताया कि सीबीएसई और हरियाणा बोर्ड ने कुछ बच्चों का परीक्षा परिणाम रोक रखा है। जिससे बच्चों को परेशानी हो रही है।

### उच्चशिक्षा विभाग तैयार

**उच्चशिक्षा** विभाग ने सभी कॉलेजों को उपलब्ध सीटों, फीस व सब्जेक्ट आदि की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश किए हैं। विभाग ने 12 से 30 अगस्त तक दाखिला प्रक्रिया पूरी करने की घोषणा की है। आवेदनों की जांच 13 से 22 अगस्त तक जारी रहेगा। 23 व 24 अगस्त को मेरिट लिस्ट तैयार करने का समय मिलेगा और 25 अगस्त को पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। पहली लिस्ट के आधार पर 28 अगस्त तक छात्र फीस जमा करनी होगी। 29 अगस्त को दूसरी मेरिट लिस्ट तैयार कर 30 अगस्त को जारी किया जाएगा। 31 अगस्त तक फीस जमा की जा सकेगी। एक सितंबर को पोर्टल दोबारा से आवेदन करने के लिए खोला जाएगा।

### कॉलेजों में सीटें

**स्नातक** कोर्सेज में शहर के कॉलेजों में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए के कई विकल्प मौजूद हैं। सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन के साथ इसकी जानकारी जल्द ही कॉलेजों द्वारा दाखिला पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। नेहरू कॉलेज में 1600 सीटें, राजकीय कॉलेज खेड़ी गुजरान में 320 सीटें, तिगांव कॉलेज में 700 सीटें, राजकीय कन्या कॉलेज बल्लभगढ़ में 540 सीटें, राजकीय कन्या कॉलेज नचौली में 240 सीटें, राजकीय कॉलेज मोहना में 260 सीटें, डीएवी कॉलेज में 1900 सीटें, दयानंद कॉलेज में 1190 सीटें व अग्रवाल कॉलेज में 1980 सीटों पर दाखिले होंगे।

### ये दस्तावेज होंगे जरूरी

**विद्यार्थियों** को 15 तरह के दस्तावेज व जानकारी आवेदन के साथ उपलब्ध करानी होगी। इनमें फैमिली आईडी, आधार कार्ड, 10वीं व 12वीं का प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, आरक्षित श्रेणी को जाति प्रमाण पत्र, यदि 12वीं क्लास के बाद कुछ समय के लिए पढ़ाई छोडी है तो गैप इयर सर्टिफिकेट, पासपोर्ट साइज फोटो, इनकम सर्टिफिकेट, चरित्र प्रमाण पत्र, ईमेल आईडी व मोबाइल नंबर, भिवानी शिक्षा बोर्ड को छोड़कर किसी अन्य बोर्ड से 12वीं क्लास पास की है तो माइग्रेशन सर्टिफिकेट, बैंक खाते की फोटो कॉपी, ईडब्ल्यूएस कैटेगिरी के लिए सर्टिफिकेट व एनसीसी, एनएसएस, स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट शामिल हैं।

## लोक अदालत : जेल में निपटाए 30 केस

**फरीदाबाद**। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाईएस राठौर के दिशा निर्देशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिला जेल नीमका में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। 48 केसों में से 30 केसों का निपटारा जोकि चोरी व मारपीट से संबंधित थे मौके पर ही कर दिया। यानी कि जेल में बंद दिनों को सजा मानकर कटी कटी सजा पर यदि आरोपी किसी दूसरे केस में वांछित न हो तो ऐसे 30 हवालाती बंदियों को छोड़ने का आदेश दिया। मंगलेश कुमार चौबे ने विचाराधीन बंदियों को कहा कि जाने अनजाने में जो गलती हुई है, उनका सुधार करते हुए अपना समय अच्छे काम में लगाएं ताकि आपका आने वाला भविष्य ठीक हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएवी 14 के बच्चों ने मारी बाजी



**फरीदाबाद**। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। पिछले वर्षो की तरह इस बार भी डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-14 फरीदाबाद के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कुहुक कथुरिया ने 98.8 प्रतिशत, मान्या बिन्दल ने 98.8 प्रतिशत लुकेश कुमार मिश्रा ने 98.4 प्रतिशत, अक्षित शानडिल्या ने 98.4 प्रतिशत, सत्यम गुप्ता ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय की प्राधानाचार्य अनिता गौतम ने छात्र-छात्राओं व अभिभावकों व समस्त शिक्षा वर्ग को बधाई देते हुए कहा है कि कक्षा 10वीं के छात्रों के कठोर परिश्रम व लगन ने उन्हें बेहतर परिणाम दिलाया हैं। उन्होंने छात्रों को उनके भावी उज्जवल भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं दी हैं।

### डीएवी इंस्टीट्यूट और अवडाना सर्विसेज के बीच एमओयू



**फरीदाबाद**। डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद ने छात्रों को करियर के अवसर प्रदान करने और छात्रों के मूल्यांकन और समग्र विकास के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए अवडना सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन है जो सहयोगात्मक सीखने और कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के प्रबंधन की सुविधा प्रदान करेगा। अवडना सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के क्लस्टर डेवलपमेंट मैनेजर यूनिक मदान ने आश्वासन दिया कि यह समझौता ज्ञापन निश्चित रूप से डीएवीएम को बड़े पैमाने पर कॉर्पोरेट तक पहुंचने में मदद करेगा, जिससे छात्रों को बेहतर करियर के अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। अवडना सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के क्लस्टर डेवलपमेंट मैनेजर महेंद्र मनरल ने कहा कि छात्र अपने पोर्टल का उपयोग करके सहयोगात्मक शिक्षा के लिए क्विज़, वाद-विवाद और सत्र जैसी विभिन्न गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। इस अवसर पर स्थानापन्न प्राचार्य डॉ. रितु गांधी अरोड़ा ने बेहद खुशी बयां करते हुए सभी के प्रयासों की सराहना की जिसमें कॉर्पोरेट रिसोर्स सेल (सीआरसी) विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा कौल और टीम के सदस्य डॉ. जूही कोहली, पूजा सचदेवा, हरीश वर्मा व रूची धुन्ना व एमओयू कमेटी के सदस्य डॉ. सुनीता बिश्नोई, सीए भवाना खत्री व पूजा सचदेवा जिन्होंने समझौते के मसौदे की समीक्षा करते हुए सभी तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की।

### बोहरा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम



**फरीदाबाद**। सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें चावला कालोनी स्थित बोहरा पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। पूरे स्कूल में 10वीं कक्षा के सक्षम ठाकुर ने 96.8 प्रतिशत, दिव्यांशु झां ने 94.8 प्रतिशत तथा अक्षत गर्ग 92.8 प्रतिशत अंक प्रात किए। स्कूल में 157 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। वहीं 333 छात्र-छात्रा ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। इसी तरह स्कूल में 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत घोषित किया। शगुन पाण्डे ने 96.8 प्रतिशत कॉमर्स में लिए। चिराग ने 95.8 प्रतिशत (कॉमर्स), भावना ने 96.4 प्रतिशत (मेडिकल) शौर्या चौबे 96.2 प्रतिशत (नॉन मेडिकल) अंक प्रात किए। जिसमें स्कूल के 25 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। वहीं 68 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। बोहरा चेरीटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन महेन्द्र बोहरा, स्कूल के प्राचार्य अजय भट्टाचार्य ने बच्चों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बोहरा चेरीटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन महेन्द्र बोहरा, स्कूल के प्राचार्य अजय भट्टाचार्य ने बच्चों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 17 साल से फरार चल रहा इनामी बदमाश गिरफ्तार



**फरीदाबाद**। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए क्राईम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने आरोपी बलबीर उर्फ टीटू को लुधियाना पंजाब से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी की पहचान बलबीर उर्फ टीटू निवासी ईशर नगर शिमलापुरी लुधियाना, पंजाब के रूप में हुई है। बताते चलें कि आरोपी ने 9 मई 1996 को थाना एनआईटी फरीदाबाद की मर्केट में संजय खान को जो रजाई भरने का काम करता था। आरोपी ने शिकायतकर्ता संजय खान पर नुकीले हथियार से पेट पर वार किया था जिससे उसको गहरी चोट आई थी। जिसका मुकदमा हत्या के प्रयास सहित थाना एनआईटी में दर्ज किया। पुलिस टीम ने बताया कि आरोपी को थाना एनआईटी की पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था जोकि अदालत ने आरोपी को 18 सितंबर 2000 को 9 साल की सजा सुनाई थी। आरोपी ने 2004 तक 4 साल की सजा काटकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से जमानत ले ली। आरोपी अपना मकान व सामान बेचकर रातों-रात फरार हो गया था, जिसकी तलाश के लिए पिछले 17 साल से गिरफ्तारी वारंट जारी किए जा रहे थे। आरोपी बलबीर को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी राकेश सिंह ने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त की। आरोपी को लुधियाना पंजाब से क्राइम ब्रांच 48 व थाना एसजीएम नगर की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का शुभारंभ 18 को : मनोहर लाल

### वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिला उपायुक्तों को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए उपायुक्त जितेंद्र कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान, डीएफएससी अशोक रावत सहित अन्य अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना को अन उत्सव के रूप में प्रदेश में हर्ष और उल्लास के साथ मना कर योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अन्न उत्सव योजना का शुभारंभ 18 अगस्त को 10.30 बजे किया जाएगा और यह पूरे उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक सरकारी दुकान पर एक सरकारी कर्मचारी अवश्य हो, चाहे वह किसी भी विभाग का हो और एक जनप्रतिनिधि की ड्यूटी अवश्य सुनिश्चित की जाए। इसमें जिला परिषद के सदस्य पंचायत समिति सदस्य, शहरों में वार्ड पार्षद, सरपंच, पंच आदि सभी को शामिल किया जाए।

मुख्यमंत्री मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इसके अलावा विधायक व सांसद तथा मंत्री गण को भी अन्न उत्सव कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल अवश्य किया जाए। अन उत्सव के दौरान जिला में एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा और इसके अलावा पूरे हर्ष और उल्लास के साथ यह अन्न उत्सव क्रियान्वित किया जाए। इस योजना के तहत सभी गरीब परिवारों को आगामी नवंबर माह तक यह राशन फ्री में दिया जाएगा। इसके अलावा सरकार द्वारा अन्य दाल और चीनी देने वाला अतिरिक्त राशन भी नियमित रूप से लोगों को मिलता रहेगा। उपायुक्त जितेंद्र कुमार ने बताया कि जिला में आगामी 18 व 19 अगस्त को अन्न उत्सव दो दिवसीय यह कार्यक्रम उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए हर शॉप पर जिस भी सरकारी कर्मचारी की ड्यूटी लगेगी उसका नाम मोबाइल नंबर का विवरण भी लिखा जाएगा।

उपायुक्त जितेंद्र कुमार ने बताया कि जिला में 700 राशन की सरकारी दुकानें हैं। इनमें बल्लभगढ़ में 270, फरीदाबाद ओल्ड में 190, एनआईटी में 240 दुकानें शामिल हैं। इनमें 471107 गेहूं के बैग बाटे जाएंगे। इनमें पांच किलो के 92426 और 10 किलो के 378687 बैग बाटे जाएंगे। इसके लिए तीनों सप्लायर से बात हो गई है। एडीसी सतबीर मान को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अलावा हर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी चौपाल में अन्न उत्सव के रूप में आयोजन किया जाएगा। जिसमें मंत्री गण, विधायक गण तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि जिला फरीदाबाद में 193759 राशन कार्ड है।

## खुलासा: प्रेम प्रसंग में बेटी ने दोस्त संग की थी मां की हत्या

### नाबालिग लड़की दोस्त के साथ करना चाहती थी शादी, मां कर रही थी विरोध



**फरीदाबाद**। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए एक नाबालिग लड़की सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपांशु उम्र 18 वर्ष निवासी बुलंदशहर एवं एक नाबालिग लड़की उम्र 16 वर्ष निवासी फरीदाबाद के रूप में हुई है।

गत 10-11 जुलाई को उड़िया कॉलोनी, डबुआ में रहने वाले विशाल ने पुलिस को शिकायत दी कि रात को किसी ने उसकी मां सुधा की हत्या कर दी है। जिस पर हत्या का मामला थाना डबुआ में दर्ज कर जांच क्राइम ब्रांच डीएलएफ को सौंपी गई थी। क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने मामले को जल्द सुलझाने के लिए टीम गठित कर जांच शुरू की। टीम ने केस का खुलासा करते हुए आरोपी दीपांशु को तीन अगस्त एक और आरोपी किशोरी को बुधवार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई। आरोपी दीपांशु ने बताया कि वह और मृतका सुधा पत्नी स्वर्गीय प्रेमपाल उम्र 45 वर्ष की नाबालिग पुत्री दोनों पिछले दो साल से प्यार करते हैं और शादी करना चाहते थे, लेकिन मृतका सुधा उनके खिलाफ थी। जिससे दोनों ने सुधा को मारने की योजना बनाई। 10 जुलाई को दीपांशु नींद की गोलियां लेकर आया और अपनी प्रेमिका को दे दी। लड़की ने निम्बू पानी में नींद की गोलियां अपनी मां को खिला दी। रात साढ़े 12 बजे दीपांशु ने वीडियो कॉल के जरिये पहले तकिये से मुंह दबाने और फिर चुन्नी से गला दबाने के लिए कहा। दीपांशु के कहे अनुसार लड़की ने अपनी मां की हत्या कर दी। क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। अदालत ने दीपांशु को जेल में भेज दिया और नाबालिग लड़की को बाल सुधारगृह करनाल भेजने के निर्देश दिए। पुलिस टीम में निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक ब्रहम प्रकाश, सहायक उप निरीक्षक राजबीर सिंह, सिपाही अनिल कुमार, सिपाही अजमेर, सिपाही नकुल, सिपाही प्रीतम, सिपाही सुरेन्द्र (ड्राइवर) मौजूद थे।

## कोरोना : दो दिन में छह पॉजिटिव



**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीज एक बार फिर सामने आने लगे है। पिछले दो दिनों में जहां जांच किट समाप्त होने से आरटीपीसीआर जांच की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ दो दिनों में छह पॉजिटिव मरीज सामने आए है।

मंगलवार को एक साथ चार मरीज और बुधवार को दो मरीज सामने आने से कोविड-19 के मरीजों की संख्या का आंकड़ा जिले में 99781 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में फिलाल एक्टिव केसो की संख्या 14 है। जिसमें आठ मरीज अस्पतालों में और छह होम आईसोलेशन में रह रहे हैं। इनमें चार मरीज ऑक्सीजन पर है। जिले में बुधवार को 2139 सैम्पल जांच किए गए। जिसमें 1048 लोगों की रिपोर्ट आनी शेष है।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जिले में अब तक जांच | : 1014953 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99781 |
| अब तक नेगेटिव | : 914123 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1048 |
| आक्सीजन पर है | : 04 |
| अब तक मौत | : 716 |
| अब तक ठीक | : 99051 |

## लापता तीन बच्चे रेलवे स्टेशन से बरामद किया

**फरीदाबाद**। बता दें कि घटना पुलिस चौकी सेक्टर आठ क्षेत्र की है। जहां छह से 11 वर्ष के तीन बच्चे घर के बाहर खेलते समय लापता हो गये। पता चलते ही परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस एक्शन में आयी और एएसआई जमशेद अली के नेतृत्व में एक टीम गठित की।

एएसआई ने सिपाही राकेश के साथ मिलकर लापता बच्चों को ढूंढने में पूरा प्रयास लगा दिया। तभी किसी ने पुलिस को बताया कि तीनों बच्चे फरीदाबाद रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। पुलिस टीम बिना देरी किये फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पहुंची। तलाश के दौरान पुलिस को तीनों बच्चे रेलवे स्टेशन परिसर से बाहर निकलने वाले रास्ते के पास जाते दिखे। पुलिस ने तीनों को अपनी सुरक्षा में ले लिया और उसे थाना ले आई। थाना में बच्चों के परिजनों को बुलाया। सभी कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए पुलिस ने बच्चों को उनके अभिभावकों को सौंप दिया। अभिभावकों ने फरीदाबाद पुलिस का हृदय से आभार जताया।

## पौधारोपण कर सुरक्षा भी करें : यादव

### सांसे मुहीम पर्यावरण के क्षेत्र में कर रही है सराहनीय कार्य

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद



**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना जहां एक नई बीमारी के साथ आई वही इस बीमारी ने संसार के प्राणियों को बहुत कुछ सिखाने का काम भी किया। कोरोना महामारी के दौरान बहुत से परिवारों ने अपनों को भी खो दिया था। जो लोग कोरोना महामारी के दौरान इस दुनिया को छोड़कर चले गए थे सांसे मुहिम के द्वारा उन लोगों की याद में सेक्टर 12 डीसी ऑफिस के सामने पौधारोपण किया गया जा रहा है जो सराहनीय कार्य है। उपायुक्त जितेंद्र यादव बुधवार को त्रिवेणी लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ कर रहे थे।

डीसी जितेंद्र यादव ने कहा कि लोगों अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए ताकि आने वाले भविष्य के लिए हम शुद्ध वायु दे सकें उपायुक्त महोदय ने सांसे मुहिम की प्रशंसा करते हुए बताया की सांसे मुहिम पर्यावरण के क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है और मेरी कोशिश रहेगी कि सभी फरीदाबादवासी, प्रसाशन, एनजीओ सभी के साथ मिलकर शहर को ज्यादा से ज्यादा हरा बनाने का प्रयास करेंगे।

इस दौरान सांसे मुहिम के संयोजक जसवंत पवार ने कहा कि सांसे मुहिम का एक ही लक्ष्य है कि हर व्यक्ति अपने जीवन में एक पौधा लगाएं और उस पौधे की अपने बच्चे की तरह देखभाल करके उसे वृक्ष बनाएं, पवार ने बताया कि सांसे मुहिम के द्वारा आज का पौधारोपण हमारे शहर के वो समाजसेवी लोग जिन्होंने इस महामारी मैं बिना किसी डर के समाज की सेवा करते करते अपने प्राणों की आहुति दे दी, हम नमन करते है उन सभी योद्धाओं को जो आज हमारे बीच तो नहीं परंतु हमारे दिलों में रहते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी योद्धाओं के परिवार वालों के हाथ से पौधे लगवाए हैं ताकि उनका लगाव इन पौधों के साथ लगा रहे और पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए जोकि एडब्ल्यूसी सॉफ्टवेयर कंपनी प्रवीण माहेश्वरी के द्वारा दिए गए। इस मौके पर, जज्बा फाउंडेशन के अध्यक्ष हिमांशु भट्ट, समाजसेवी सोनू रावत, दीपक आजाद, गौरव ठाकुर, राहुल वर्मा, नेहा, सुनीता रानी, लता सिंगला, राहुल सहगल, परसोत्तम सैनी, बृजेंद्र सोरौत, जसवंत पवार मौजूद रहे।

# युवाओं को सशक्त बनाने को हर हित स्टोर योजना

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद

### योजना के पहले चरण में प्रदेश भर में खोले जाएंगे 2000 स्टोर



**युवाओं** को रोजगार और उद्यमिता के साथ सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा हर हित स्टोर योजना शुरू की है। जिसका उद्देश्य उचित मूल्य पर दैनिक आवश्यकता के उत्पादों की सर्वोत्तम गुणवत्ता की बिक्री को बढ़ावा देना है।

योजना का मुख्य उद्देश्य: उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि हर हित स्टोर युवा फ्रेंचाइजी के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, सरकारी सहकारी संस्थानों, किसान उत्पादक संगठन, स्वयं सहायता समूहों को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। हरियाणा को बेरोजगार मुक्त, रोजगार युक्त बनाने के उद्देश्य से इन स्टोरों को खोलने से एक आवश्यकता पैदा होगी और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की संभावना भी बढ़ेगी और एक ऐसा परिस्थितिकी तंत्र तैयार होगा जो युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करे। ये स्टोर न केवल सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, बल्कि सरकारी सहकारी समितियों के लिए बाजार तक पहुंच के लिए एक गेम-चेंजर भी साबित होंगे। इन स्टोरों के खुलने से राज्य सरकार का प्रदेश के युवाओं को नौकरी तलाशने वाले के बजाय नौकरी देने वाला बनाने का लक्ष्य भी पूरा हो जाएगा।

**कैसे करें आवेदन :** फ्रेंचाइजी नीति के तहत इन स्टोरों के लिए आवेदन करने के इच्छुक लोग इसके लिए आवश्यक नियमों और शर्तों का विधिवत पालन करने के बाद आवेदन कर सकते हैं। नीति के अनुसार, 18-35 आयु वर्ग के लोगों, महिलाओं, विशेष विकलांग व्यक्तियों और मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत सत्यापित लोगों को वरीयता दी जाएगी। एक लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के युवा सदस्यों और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परिवार पहचान पत्र योजना के तहत सत्यापित किए गए युवा सदस्यों को भी इस हर हित स्टोर योजना में प्राथमिकता दी जाएगी।

**कॉर्पोरेट घरानों की शर्तें :** युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभिन्न ब्राण्डों के गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित उत्पाद जो इन स्टोरों में उपलब्ध कराये गये हैं। हरियाणा कृषि उद्योग निगम लिमिटेड ने 51 बड़े कॉरपोरेट घरानों के साथ व्यापार की शर्तों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो इन स्टोरों में अपने गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराएंगे। रिटेल स्टोर के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए इन स्टोरों को संपूर्ण आईटी सपोर्ट सिस्टम के साथ सक्षम किया जाएगा। सभी बिक्री पॉइंट ऑफ सेल सिस्टम के माध्यम से की जाएगी। मशीन के माध्यम से माल को स्कैन करने से बिलिंग, ऑनलाइन भुगतान, सामग्री का विवरण रखने और स्टॉक ऑर्डर करने में सुविधा होगी।

**दूसरे चरण में :** पहले चरण में हरियाणा ने 2000 स्टोर खोलने की योजना बनाई है और दूसरे चरण में 5000 स्टोर खोलने का लक्ष्य है। हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड 3000 की आबादी वाले प्रति गांव, नगर निगम में कम से कम प्रति वार्ड और नगरपालिका में 10000 की आबादी वाले वार्डों के समूह में कम से कम एक फ्रेंचाइजी आवंटित करेगा।

## संयुक्त ट्रेड यूनियन काउंसिल की हुई बैठक

**फरीदाबाद**। संयुक्त ट्रेड यूनियन काउंसिल की मीटिंग एटक कार्यालय में कामरेड विशंभर सिंह की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में एटक से बेचू गिरी, आरएन सिंह, सीटू से लालबाबू शर्मा और निरंतर पाराशर, हिंद मजदूर सभा से राजपाल डांगी, इंटक से हुक्म चंद बैनीवाल और राम बाबू, इकटू से जवाहरलाल और हरियाणा बैंक एम्पलाइज फेडरेशन से कृपाराम शर्मा ने भाग लिया। ज्वॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल के कन्वीनर कामरेड लालबाबू शर्मा ने राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने नौ अगस्त 2021 को भारत बचाओ, देश बचाओ, सार्वजनिक क्षेत्र बचाओ और आम नागरिक के अधिकार बचाओ के नारे के तहत देशव्यापी आंदोलन के आह्वान पर प्रकाश डाला। उसके बाद सभी संगठनों के नेताओं ने अपने विचार रखे और अंत में फैसला हुआ कि 9 अगस्त की तैयारी के लिए राष्ट्रीय, राज्य व फरीदाबाद के समस्याओं को लेकर हैंड बिल निकाल कर, गेट मीटिंग, साईड मीटिंग व विचार गोष्ठी द्वारा आम लोगों में प्रचार प्रसार किया जाए।

# समस्याओं को लेकर रियल एस्टेट कारोबारियों ने सौंपा मांग पत्र

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद



**बहुत** सारे रियल एस्टेट कारोबारी एवं प्लाट सेलर एवं परचेजर ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद विभाग द्वारा बायोमेट्रिक की तारीख और समय निश्चित कर दिए जाने के बावजूद सिर्फ इसलिए परेशान हैं क्योंकि उनकी फाइलें वहीं की वहीं अटकी रहती हैं।

फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने बताया कि उन्हें खुद आकर अपने रसूख से या अन्य माध्यम से उसे आगे न भिजवाना पड़ रहा है। जो इन अन्य माध्यमों से परिचित नहीं हैं। उन्हें दोबारा रि-शेड्यूल कराना पड़ता। इस चक्कर में नई तारीख आठ से 10 दिनों बाद ही मिलती है। इसलिए वे जल्दी ही मंत्री मूलचंद शर्मा अथवा कृष्ण पाल गुर्जर से मिलने की योजना बना रहे हैं।

फीवा पदाधिकारियों एवं एचएसवीपी की ग्रीवेंस कमेटी सदस्यों ने प्रशासक एवं सम्पदा अधिकारी से अपनी प्रथम मुलाकात में ही यह मांग की थी कि ऐसी फाइलों की बायोमैट्रिक अटेंडेंस की चेकिंग सुबह 9 से 10 के बीच में कर ली जाए। अन्यथा लोग परेशान होते रहेंगे और शिकायत भी करेंगे। कुछ लोगों ने आरटीआई के माध्यम से सबूत एकत्र करने की भी योजना बना ली है। आज भी कुछ फाइलें जानबूझकर पेंडिंग कर रखी है। इन मुद्दों पर फीएवा का प्रतिनिधिमंडल प्रधान अकाश गुप्ता व महासचिव गुरमीत सिंह के नेतृत्व में उप प्रधान मुकेश चौधरी, हंसराज अहूजा, नवीन धमीजा, रोहताश चहल, उमाशंकर गर्ग ने नवनियुक्त प्रशासक एचएसवीपी मोनिका गुप्ता से उनके कार्यालय में बुक्का भेंट कर सम्मानित करने के बाद एक मांग पत्र सौंप कर उन्हें सभी समस्याओं से अवगत कराया।

# गुरुग्राम-सिरसा रूट पर नहीं मिल रहे वोल्वो को यात्री

## तीसरे दिन भी बुधवार को खाली खड़ी रही वोल्वो बस

## गुरुग्राम से सिरसा के लिए दो अगस्त को शुरू की गई थी वोल्वो

## किराया अधिक होने को भी माना जा रहा यात्रियों के न बैठने का कारण

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** से चंडीगढ़ की तर्ज पर सिरसा के लिए शुरू की गई वोल्वो बस सेवा में यात्रियों का रुझान नहीं हो रहा। दो अगस्त 2021 को शुरू की गई इस वोल्वो सेवा के तीसरे दिन भी बस में कोई यात्री नहीं बैठा।

गुरुग्राम से सिरसा रूट पर शुरू की गई वोल्वो बस के गुरुग्राम से चलने का समय 02:10 बजे का रखा गया है। चलने के करीब एक घंटे पहले ही बस को बस अड्डे पर सिरसा के स्टैंड पर स्टार्ट करके खड़ा किया जाता है। पिछले दो दिनों की तरह बुधवार को तीसरे दिन भी वोल्वो बस नंबर-एचआर-68ए-9962 को स्टैंड पर लगा दिया गया। बस स्टाफ द्वारा सिरसा के लिए यात्रियों को वोल्वो सेवा के बारे में जानकारी भी दी गई।

वोल्वो बस देखकर ही यात्री समझ रहे थे कि बस का किराया अधिक होगा। इसलिए उनका वोल्वो में कोई रुझान ही नहीं बन रहा। यात्री पास में खड़ी सामान्य बस की टिकट लेकर बस में सवार हो रहे थे। ड्यूटी इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने बताया कि कम से कम 8-10 यात्री बैठते हैं तो बस को रवाना किया जा सकता है। इससे कम में कोई लाभ नहीं होगा।



गुरुग्राम से सिरसा जाने के लिए बस स्टैंड पर यात्रियों के इंतजार में खड़ी वोल्वो बस।

### बस चलने का समय भी ठीक नहीं

**स्टाफ** के सदस्यों ने यह भी कहा कि वोल्वो बस के इस समय चलाने का कोई लाभ नहीं है। यह सेवा अप्रैल-मई में शुरू की जानी थी। तब भयंकर गर्मी पड़ रही थी। यात्री इस सेवा का लाभ ले सकते थे। अब गर्मी कम हो चुकी है और मॉनसून आ चुका है। मौसम में गर्मी नहीं है। इसलिए यात्री सामान्य बसों में ही सफर कर रहे हैं।

### स्टाफ ने भी मानी अधिक किराये की बात

**यहां** बस अड्डे पर कार्यरत रोडवेज स्टाफ के कर्मचारियों ने गुरुग्राम से सिरसा तक का वोल्वो का किराया अधिक होने की बात कही। नाम न छापने की शर्त पर कर्मचारियों ने कहा कि गुरुग्राम से सिरसा रूट पर वोल्वो का जो किराया तय किया गया है, वह ज्यादा है। चंडीगढ़ से हिसार करीब 250 किलोमीटर है, जबकि गुरुग्राम से सिरसा 275 के करीब है। चंडीगढ़-हिसार के बीच वोल्वो का किराया 550 रुपये है, जबकि गुरुग्राम से सिरसा का किराया 750 रुपये तय किया गया है। मतलब 25 किलोमीटर अधिक होने पर ही किराया 200 रुपये अधिक तय किया है, जो कि सही नहीं है। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि यह किराया इससे भी कम होना चाहिए। इस रूट पर सभी यात्री सामान्य ही हैं। अगर वे 500 रुपये तक देकर सिरसा का सफर तक करते हैं तो यह जायज होगा। गुरुग्राम से रोहतक का किराया 240 रखा गया है।

### घाटे के साथ बंद करनी पड़ सकती है यह सेवा

**यात्रियों** का अगर वोल्वो की तरफ रुझान नहीं बढ़ा तो गुरुग्राम से सिरसा रूट पर वोल्वो सेवा कुछ घाटे के साथ बंद करनी पड़ सकती है। घाटा इसलिए कि जैसे ही बस वर्कशाप से निकलकर स्टैंड पर आती है तो उसे तय गंतव्य तक पहुंचने से पहले बंद नहीं किया जाता। क्योंकि वोल्वो बस वातानुकूलित (एसी) है। अगर उसे बंद कर देंगे तो बस में गर्मी बढ़ जाएगी और यात्रियों को परेशानी होगी। इसलिए चाहे बस में यात्री बैठे हों या ना बैठे हों, बस स्टार्ट ही रखी जाती है।

# मां-बेटे को टेम्पो ने मारी टक्कर, ट्रॉला ने कुचला



नागरिक अस्पताल परिसर में मां व भाई की मौत के बाद रोती बेटियां।

**सोहना।** सोहना घाटी में ट्रॉला व टाटा 407 टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत हो गई। सिटी थाना पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों का सौंप दिए।

फरीदाबाद के चाचा चौक निवासी 22 वर्षीय गौरव अपने 55 वर्षीय मां रामश्री को बाइक से लेकर सोहना आ रहा था। गौरव की बहन ममता और उसका जीजा चरण सिंह दूसरी बाइक पर थे। ये सभी लोग दो बाइकों पर सुबह छह बजे फरीदाबाद से राजस्थान स्थित धार्मिक स्थल मिलकपुर में पूजा-अर्चना के लिए निकले थे। साढ़े सात बजे सोहना घाटी में चढ़ाई के दौरान घाटी के एक मोड़ पर तावडू की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार टाटा 407 टेम्पो ने गौरव की बाइक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे बाइक समेत सड़क पर गिर गए। जब तक रामश्री और गौरव उठने की कोशिश करते उससे पहले घाटी चढ़ रहा ट्रॉला चालक ने बाइक समेत उन्हें कुचल दिया। रामश्री ने घटना स्थल पर ही दमतोड़ दिया। महिला के दामाद चरण सिंह ने बताया कि राहगिरों की मदद से गंभीर रूप से घायल गौरव को ऑटो द्वारा नागरिक अस्पताल सोहना में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने गौरव को मृत घोषित कर दिया।

**सपना पूरा न कराने का अफसोस :** रामश्री की बेटी ममता ने बताया कि उसकी उसकी मां की इच्छा थी कि वे सब सावन के पावन माह में सोहना के शिव कुंड में स्नान करें, लेकिन वह मां की इच्छा को कुंड के चंद दूरी पर आने के बाद भी पूरी नहीं कर सकी।

**टाटा टेम्पो के खिलाफ मामला दर्ज :** मामले की जांच कर रहे एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि टेम्पो के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। टेम्पो चालक अपने वाहन सहित फरार है। हादसे में मरने वालों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिए।

## संक्षिप्त-समाचार

### इनसो स्थापना दिवस समारोह को लेकर युवाओं में उत्साह

**गुरुग्राम।** पांच अगस्त को रोहतक में होने वाले जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो के 19वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर युवाओं में भारी उत्साह है। गुरुवार को जिलेभर से सैकड़ों युवा रोहतक पहुंचेंगे और एमडीयू में आयोजित होने वाले इनसो के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे। जजपा के राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनखड़ ने बताया कि जननायक स्व. चौ. देवीलाल की नीतियों और इनसो संस्थापक डॉ. अजय सिंह चौटाला की प्रेरणा से बनाए गए संगठन इनसो का पांच अगस्त को स्थापना दिवस होता है और इस बार स्थापना दिवस रोहतक में हर्षोउल्लास से मनाया जाएगा। इनसो स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर जिले के छात्र वर्ग में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और गुरुवार को भारी संख्या में युवा रोहतक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि इनसो के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में छात्र हित में युवाओं की बेहतर शिक्षा, रोजगार समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

### सोहना रोड पर कब्जों से मुक्त कराई निगम की बेशकीमती जमीन



**गुरुग्राम।** एक बिल्डर द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट और पार्किंग के नाम पर अवैधा रूप से कब्जाई गई नगर निगम की बेशकीमती जमीन पर से बुधवार को कब्जे हटाए गए। सोहना रोड पर डेवेलपर ने 200 वर्ग गज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया हुआ था, वहीं 1300 वर्ग गज जमीन पर पार्किंग बना रखी थी। बुधवार को संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार के निर्देश पर जोन-4 क्षेत्र के सहायक अभियंता (इनफोर्समेंट) नईम हुसैन, कनिष्ठ अभियंता सचिन कुमार व मनदीप कुमार तथा पटवारी हरकेश की टीम पुलिस बल के साथ सोहना रोड पर पहुंची। वहां सेक्टर-48 में विपुल डेवेलपर्स द्वारा नगर निगम गुरुग्राम की लगभग 200 वर्गगज भूमि पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया हुआ था तथा 1300 वर्ग गज भूमि को गाड़ियों की पार्किंग के लिए उपयोग किया जा रहा था। इस जमीन की पैमाईश पटवारी हरकेश द्वारा की गई। पटवारी की पैमाईश पर इनफोर्समेंट टीम ने जेसीबी की मदद से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को तथा पार्किंग के लिए उपयोग की जा रही भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाया।

### पौधा वितरण कार्यक्रम में बांटे जाएंगे बीस हजार पौधे

**होडल।** केबीसी वेलफेयर सोसायटी, प्राइवेट स्कूल प्रमोट एसोसिएशन व सिंचाई विभाग गुड़गांवा के तत्वावधान में सात अगस्त को नानक डेरी रोड स्थित अनुपम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बीस हजार पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पीएसपीए ऐसोसिएशन के प्रधान हरद्वारी लाल सौरोत ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में गुडगांवा सिंचाई विभाग के एसई डा. शिव सिंह रावत मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि सोसायटी ने अगस्त माह में पलवल जिले में तीन लाख फलदार पौधे वितरण का लक्ष्य रखा है। सोसायटी का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण व किसानों की आमदनी बढाना है। कार्यक्रम के इस मौके पर स्कूल के प्रांगण में पौधा रोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। सौरोत के साथ सोसायटी के प्रधान वेदपाल रावत, सचिव हुकम रावत व विक्रम सौरोत के अलावा सोसायटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### रक्तदान शिविर में 76 लोगों ने दिया रक्त



**सोहना।** सोहना लायंस क्लब द्वारा लगाए गए शिविर में 76 लोगों ने रक्तदान किया। क्लब द्वारा जल्द ही स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। बुधवार को शहर के सामाजिक संगठन लायंस क्लब सोहना टाउन ने शहर की लोहिया धर्मशाला में गुरुग्राम स्थित लायंस क्लब रक्त बैंक अस्पताल से आई डॉक्टरों की टीम की मदद से रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें 76 लोगों ने रक्तदान किया। क्लब के प्रधान लायन प्रदीप गुप्ता ने बताया कि जल्द ही संस्था की तरफ से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। जिसमें लोगों के स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ दवाइयां फ्री दी जाएंगी। क्लब द्वारा हाल ही में शहर के अलग-अलग स्थानों पर पौधारोपण किया गया था। उन्होंने बताया कि आज के शिविर के आयोजक लायन आरके अरोड़ा और कोषाध्यक्ष आर्दश गुप्ता को नियुक्त किया था। क्लब के सभी सदस्य और पदाधिकारियों ने अपना पूरा योगदान दिया।

### बदमाशों ने दो छीनाझपटी की दो वारदातों को अंजाम दिया

**पलवल।** बाइक सवार बदमाशों ने अलग-अलग थानाक्षेत्र अंतर्गत छीनाझपटी की दो वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने दोनों मामलों में पीड़ितों की शिकायतों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार करुण पुत्री शीशराम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह तीन अगस्त की शाम को अपने घर के बाहर खड़ी हुई थी तभी बाइक पर दो युवक सवार होकर आए और उसके गले से सोने की चेन को छीनकर फरार हो गए। वहीं अन्य घटना कैंप थाना इलाका की है जिसमें न्यू एक्सटेंशन कॉलोनी निवासी सचिन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह कपडे की दुकान करता है। सात जुलाई की शाम को वह दुकान को बंद करके अपने घर को जा रहा था तभी रास्ते में उसकी गाड़ी के आगे कुछ लोगों ने बाइक और गाड़ी अडाकर उसके साथ मारपीट कर उसकी जेब से 35 सौ रुपये छीन लिए और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एक्सटेंशन लेक्चरर को 58 साल तक रोजगार सुरक्षा का सीएम ने दिया आश्वास

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक्सटेंशन लेक्चरर को 58 साल तक रोजगार सुरक्षा देने का आश्वासन दिया है। बुधवार को एक्सटेंशन लेक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन का प्रति निधिमंडल राज्य प्रधान ईश्वर सिंह के नेतृत्व में हरियाणा निवास पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने एक्सटेंशन लेक्चरर को समान काम समान वेतन 57700 प्रति माह करने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल को स्मृति चिन्ह देकर आभार प्रकट किया। इसके साथ ही एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि भूतपूर्व प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने 16000 स्कूल गेस्ट टीचर की तरह एक्सटेंशन लेक्चरर को 58 वर्ष तक रोजगार सुरक्षा देने के लिए तीन निदेशकों की एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की थी। इस कमेटी ने एक्सटेंशन लेक्चरर्सको 58 वर्ष तक रोजगार सुरक्षा करने की रिपोर्ट, प्रपोजल सरकार को पेश नहीं किया है। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि कमेटी को निर्देश दें कि कमेटी समय पर एक्सटेंशन लेक्चरर्स को 58 वर्ष तक रोजगार सुरक्षा करने की फाइनल रिपोर्ट पेश करें। एसोसिएशन संयुक्त सचिव डॉ. सरोज दहिया, सचिव डॉ. रेखा तंवर और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुमेर सिवाच ने मुख्यमंत्री से मांग की कि एक्सटेंशन लेक्चरर्स को 58 साल तक रोजगार सुरक्षा देकर 2000 एक्सटेंशन लेक्चरर्स को लाभ दें।

# अब गुरुग्राम में भी ढहाएंगे वन क्षेत्र में अवैध निर्माण

## अवैध निर्माणों को चिह्नित करने के लिए ड्रोन कैमरों से किया जाएगा सर्वे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फरीदाबाद** में जिस तरह से वन क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर बुल्डोजर चला है, उसी तर्ज पर अब गुरुग्राम में भी काम करने की तैयारी शुरू हो गई है। जिले में वन क्षेत्र में बने निर्माणों की पहचान के लिए ड्रॉन कैमरों से सर्वे करवाया जाएगा। अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस देकर उन निर्माणों को हटाया जाएगा।

इस बाबत उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें मुख्य वन संरक्षक वास्वी त्यागी भी मौजूद थी। बैठक में वन क्षेत्र में अवैध निर्माणों को हटाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया और निर्णय लिया गया कि पहले सभी निर्माणों की पहचान करने के लिए बेसलाईन सर्व किया जाएगा। यह सर्वे ड्रोन कैमरों से होगा। उपायुक्त डॉ. गर्ग ने यह सर्वे एक सप्ताह के भीतर शुरू करने के आदेश दिए हैं। सर्वे के बाद अवैध निर्माणों के लिए संबंधित व्यक्तियों को वन विभाग द्वारा नोटिस दिए जाएंगे। नोटिस की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद वन क्षेत्र से अवैध निर्माणों को हटाया जाएगा। डॉ. गर्ग ने कहा कि इस बेसलाईन सर्वे में वन क्षेत्र में बनी सभी प्रकार की संपत्तियों को उनके क्षेत्रफल के साथ चिन्हित किया जाएगा। इसमें नगर निगम गुरुग्राम, नगर निगम मानेसर तथा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ने वाले वन क्षेत्र की सभी संपत्तियों की मैपिंग हो जाएगी। सर्वे का कार्य जल्द शुरू करके कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित मुख्य वन संरक्षक वास्वी त्यागी ने बताया कि फरीदाबाद जिला के खोरी गांव में वन क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के लिए दिए गए आदेशों में उच्चतम न्यायालय ने वन क्षेत्र को सभी प्रकार के अवैध निर्माणों से मुक्त करने के आदेश दिए हैं। उन्हीं आदेशों के पालन में गुरुग्राम जिला में भी वन क्षेत्र से अवैध निर्माण हटाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस दिशा में वन विभाग ने गुरुग्राम जिला में जीओ रेफ्रेंस मैप तैयार किए हैं, जो जिला प्रशासन की सर्वे करने वाली टीमों के साथ साझे किए जाएंगे।

श्रीमति त्यागी ने बताया कि पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम (पीएलपीए) के तहत गुरुग्राम जिला में 33 रेवेन्यु अस्टेट की लगभग 6800 हेक्टेयर भूमि आती है। बेसलाइन सर्वे के लिए इस पूरी भूमि का ड्रॉन से सर्वे होगा और उसमें बने निर्माणों को चिह्नित किया जाएगा।



गुरुग्राम स्थित अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त डा. यश गर्ग।

# हलवाई के गोदाम से 28 घरेलू सिलेंडरों से भरी गाड़ी जप्त

## जांच के बाद दोष ऐजेंसी मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी

कैलाश मंगला। होडल

**फूड** सप्लाई विभाग के अधिकारियों ने हलवाई के गोदाम के बाहर से चौपहिया वाहन में दो दर्जन से ज्यादा घरेलू खाली सिलेंडर जप्त किए हैं। विभागीय अधिकारी ने जप्त किए गए सिलेंडरों को वाहन सहित थाने में ले गए।

विभागीय अधिकारी ने सिलेंडरों के नम्बरों की सूचि बनाकर पुलिस को ऐजेंसी मालिक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की कार्रवाई में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ऐजेंसी मालिक के खिलाफ मामला दर्ज नहीं कर सकी है।

फूड सप्लाई विभाग के अधिकारी संतोष कुमार को सूचना मिली कि बाईसी मोहल्ला के निकट स्थित लक्खी हलवाई के गोदाम के बाहर घरेलू सिलेंडर से भरी गाड़ी खड़ी है जबकि हलवाई घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल नहीं कर सकते। सूचना मिलते ही विभाग के अधिकारी हलवाई के गोदाम के निकट पहुंच गए। अधिकारी ने घरेलू सिलेंडर से भरे वाहन के चालक से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह यह सिलेंडर गांव भिडूकी स्थित चंदा गैस ऐजेंसी से लक्खी हलवाई के मंगवाने पर उनके गोदाम पर लेकर आया है और गोदाम में भरे सिलेंडर उतारने के बाद खाली सिलेंडर लेकर ऐजेंसी के लिए जा रहा है। अधिकारी वाहन व उसमें भरे खाली सिलेंडरों को अपने साथ थाने में लाकर जांच शुरू कर दी।

संतोष कुमार ने जब गाडी में भरे सिलेंडरों को नीचे उतरवाया तो उसमें 28 सिलेंडर भारत गैस ऐजेंसी भिडूकी के निकले। अधिकारी ने जप्त किए गए सभी सिलेंडरों की सूची तैयार कर पुलिस को सौंप दी है। संतोष कुमार का कहना है कि उन्होंने सिलेंडर जप्त कर वाहन व सिलेंडर पुलिस को सौंप दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब आगे की कार्रवाई पुलिस अमल में लाएगी वहीं थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह राठी का कहना है कि उन्होंने कहा कि जप्त किए गए कागजों की जांच चल रही है। जांच के बाद दोष ऐजेंसी मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



हलवाई के गोदाम के बाहर घरेलू सिलेंडरों से भरा चौपाहिया वाहन को जप्त करते अधिकारी व पुलिस।

# हेल्थकेयर वर्करों को वैक्सीन की दोनों डोज लगाने के लिए एक्शन प्लान तैयार

**गुरुग्राम।** जिले में जिन फ्रंटलाइन वर्कर्स व हेल्थकेयर वर्कर्स को कोरोना से बचाव की वैक्सीन की दोनों डोज अभी तक नहीं लगी हैं, वे अपनी दोनों डोज लगवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक्शन प्लान तैयार किया है। एक्शन प्लान के तहत उन्हें टीकाकरण करवाने के लिए प्रेरित करते हुए उनका टीकाकरण करवाया जाएगा।

सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने सभी निजी व सरकारी अस्पतालों में कार्यरत हेल्थ वर्कर्स और अन्य फ्रंटलाइन वर्कर्स को दोनों डोज लगवाने के लिए 15 अगस्त तक की समय सीमा निर्धारित कर दी है। उन्होंने कहा कि जिला में वर्तमान में 53 हजार हेल्थकेयर वर्कर तथा लगभग 54 हजार फ्रंटलाइन वर्कर पंजीकृत हैं जिनमें से लगभग 5 हजार फ्रंटलाइन वर्कर तथा लगभग 7 हजार हेल्थकेयर वर्कर ऐसे हैं जिन्हें या तो वैक्सीन की एक डोज लगी है या दोनो ही नहीं लगी हैं। उन्होंने हेल्थकेयर वर्कर्स संबंधी विषय पर कहा कि ऐसी भी संभावना है कि वे स्थानांतरित हो गए हो अथवा उन्होंने स्वयं से दूसरी डोज कहीं और लगवा ली हो, या वह आउटसोर्सिंग पर लगाया गया हो अथवा अन्य किसी कारण से उसका डेटा पोर्टल पर पेंडिंग दिखा रहा हो, ऐसे लोगों से संपर्क करते हुए उनसे वैक्सीनेशन संबंधी जानकारी प्राप्त की जाएगी।

# श्याम होलिक मंडल की ओर से धूमधाम से निकाली गई ध्वज यात्रा

## श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के मंदिर में ध्वजों को चढ़ाकर पूजा-अर्चना की

पायनियर समाचार सेवा। होडल

**श्याम** होलिक मंडल की ओर से बुधवार को श्रावण कृष्ण पक्ष कामिका एकादशी के मौके पर श्याम बाबा की ढोल नगाडों के साथ ध्वज यात्रा निकाली गई। इस मौके पर श्याम बाबा का ट्रैक्टर में भव्य दरबार भी सजाया गया।

यह पदयात्रा कमेटी चौक स्थित श्याम होलिक मंडल के कार्यालय से चलकर पंचवटी धाम में पहुंची जहां श्याम बाबा की पूजा-अर्चना के साथ पदयात्रा का समापन किया गया। पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। होलिक मंडल की ओर से शहर में श्याम बाबा की यह पहली ध्वज यात्रा है। श्याम होलिक मंडल की ओर से बुधवार को निकाली गई ध्वज यात्रा में सुबह छह बजे से ही महिला-पुरुष श्रद्धालुओं का मंडल कार्यालय पर एकत्रित होना शुरू हो गया था। मंडल द्वारा ट्रैक्टर में श्याम बाबा का फूल-मालाओं से भव्य दरबार सजाकर श्याम बाबा व ध्वजों की पूजा-अर्चना कर पदयात्रा को आगे बढ़ाया गया। पदयात्री महिला-पुरुषों ने श्याम बाब के भजनों पर जमकर नृत्य किया। पदयात्रा ढोल-नगाडे व डीजे के साथ कमेटी चौक से शुरू होकर मीनार गेट होते हुए पंचवटी धाम में पहुंची। पंचवटी धाम में श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के मंदिर में ध्वजों को चढ़ाकर व पूजा-अर्चना कर पदयात्रा का समापन किया।

श्याम होलिक मंडल के सदस्य जतिन बंसल, गौरव गर्ग, तनुराग गर्ग, दीपक गोयल, गर्वित गर्ग, श्लोख, विवेक, साहिल बंसल, रिशव, उदित, हरिओम, यश बिंदल, राजेश शर्मा, एकादशी निशान यात्रा से तुलसी सिंगला, कपिल गर्ग, श्रीखाटू श्याम के दिवाने मंडल होडल से गौरव बंसल, साहिल गोयल के अलावा सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालू मौजूद थे।



श्याम होलिक मंडल द्वारा निकाली गई ध्वज पदयात्रा में हिस्सा लेते श्रद्धालू।

# वन विभाग ने ई पौधशाला योजना की शुरुआत की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**वन** विभाग ने पौधारोपण को अधिक से अधिक कराने के उद्देश्य से ई पौधशाला योजना शुरू की है। जिससे पौधे लेने वाले अपने घर, दफ्तर से ऑनलाइन आर्डर बुक करा सकेंगे।

वन विभाग ने राज्य के अंदर आम लोगों, सामाजिक संगठन, किसान, सरकारी विभाग के अधिकारी और ग्राम पंचायतों के सदस्यों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने में सहयोग देने की नई प्रक्रिया शुरू की है। वन विभाग अब ऑनलाइन आर्डर बुकिंग कराने वालों को पौधे उपलब्ध कराएगा। वन रक्षक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग योजना के तहत पौधों के ऑडर बुक होने के बाद उन्हें दो दिन के अंदर उठाना होगा। ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले की ऑडर आईडी के साथ-साथ यूनिक कोड़ दिया जाएगा। ऑनलाइन बुकिंग कराने के दौरान प्रदेश की किस नर्सरी में कौन-कौन सी श्रेणी के पौधे उपलब्धता की सूची मिलेगी।



सोहना में वन विभाग की नर्सरी में तैयार किए गए पौधे।

### तीन हजार पौधे ऑनलाइन दिए

**सोहना** में स्थित वन विभाग की नर्सरी से वैसे तो 70 हजार पौधे वितरण किए गए हैं। जिनमें करीब तीन हजार पौधे ई पौधशाला योजना के तहत दिए गए हैं। विभाग की ऑनलाइन प्रकिया अभी भी खुली है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**वन** विभाग के सोहना रेंज अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि ई पौधशाला योजना विभाग द्वारा पहली बार अमल में लाई गई हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य विभाग पौधारोपण की प्रक्रिया को पहले से अधिक मजबूत करना है। ताकि लोग अधिक से अधिक पौधारोपण कर सके।

# स्वास्थ्य विभाग को भेंट किए 24 कार्डियक मॉनिटर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कोरोना** की तीसरी लहर की संभावनाओं को देखते हुए तैयारी में जुटे जिला प्रशासन को जिला की विभिन्न संस्थाओं द्वारा निरंतर सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में एमएमटीसी-पीएएमपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने स्विस इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स और कोविड एक्शन कोलाब के सहयोग से सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव व उनकी टीम को 24 कार्डियक मॉनिटर भेंट किए हैं।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि जिला में कुल मिलाकर 89 सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं हैं, जिनमें 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पांच सिविल अस्पताल, एक सरकारी मेडिकल कॉलेज और 68 उप-स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। सभी केंद्रों पर कोरोना को जड़ से खत्म करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिला में जहां टेस्टिंग अभियान पर खासा जोर दिया जा रहा है, वहीं स्वास्थ्य केंद्रों के साथ साथ जिला के दूरदराज क्षेत्रों में टीकाकरण शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि विशेषज्ञों द्वारा जताई जा रही तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां पूरी है। जिला प्रसाशन द्वारा अपने स्तर पर की जा रही इन तैयारियों में जिला की विभिन्न संस्थाओं द्वारा निरंतर सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में एमएमटीसी-पीएएमपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने स्विस इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स और कोविड एक्शन कोलाब के सहयोग से सोहना क्षेत्र में स्थित स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 24 कार्डियक मॉनिटर उपलब्ध कराए गए हैं। कंपनी द्वारा की गई यह भेंट जिला की अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा देने का कार्य करेगी। उप-सिविल सर्जन डॉ. ईशा नारंग ने कहा कि उपरोक्त संस्था द्वारा भेंट किए गए बीपीएल मल्टीपारा मॉनिटर-ईवी8 नामक यह 24 कार्डियक मॉनिटर्स स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की प्रक्रिया में काफी सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में मौजूद स्वस्ति हेल्थ कैटालिस्ट की सीईओ, शमा करकल ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर मानव जाति के लिए काफी चुनौतियां लेकर आई थी।



गुरुग्राम में स्वास्थ्य विभाग को कार्डियक मॉनिटर भेंट करते एमएमटीसी-पीएएमपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी।

# कोविड के निराश्रित बच्चे के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना बनेगी वरदान

## कोरोना में हुए निराश्रितों का पुनर्वास कराना है योजना का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा कोरोना महामारी से निराश्रित हुए बच्चों के पुनर्वास और सहायता करने व सुरक्षित भविष्य देने के मकसद से शुरू की गई मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना वरदान साबित होगी।

कोरोना महामारी में माता-पिता की मृत्यु के बाद अनाथ हुए बच्चों को इस योजना से बड़ी सहायता मिलेगी यानि इस योजना के तहत ऐसे सभी बच्चे, जिन्होंने अपने माता-पिता या उनका पालन पोषण करने वालों को खोया है। उनको हरियाणा सरकार से आर्थिक सहायता मिलेगी।

उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा में नजदीकी केन्द्रीय विद्यालय/निजी स्कूल में डे-स्कोलर के रूप में दाखिला तथा निजी स्कूल में दाखिला के लिए पीएम केयर्स से आरटीई के तहत फीस, वर्दी, पाठ्यक्रमों व नोटबुक की सुविधा प्रदान की




जाएगी। इसी प्रकार 11 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा के दौरान किसी भी आवासीय विद्यालय जैसे सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय, इत्यादि में दाखिला, निजी स्कूल में दाखिले के लिए पीएम केयर्स से आरटीई के तहत फीस, वर्दी, पाठ्यक्रम की पुस्तकें व नोटबुक की सुविधा दी जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए सहायता के रूप में भारत में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों/उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण दिलाने में बच्चे की मदद के साथ-साथ ऋण के ब्याज का भुगतान पीएम केयर्स द्वारा किया जाएगा। विभिन्न योजनाओं के तहत ऐसे बच्चों को स्नातक/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के शिक्षा शुल्क/पाठ्यक्रम शुल्क के बराबर छात्रवृत्ति तथा जो बच्चे मौजूदा छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत पात्र नहीं है। उनके लिए पीएम केयर्स द्वारा समकक्ष छात्रवृत्ति सुविधा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त ऐसे सभी बच्चों को आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा के तहत पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जाएगा। 18 वर्ष की आयु तक के इन बच्चों के प्रीमियम की राशि का भुगतान पीएम केयर्स द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर पीएम केयर्स द्वारा 10 लाख रुपये का कोष, 18 वर्ष की आयु से अगली 5 वर्षों तक उच्च शिक्षा की अवधि के दौरान मासिक वित्तीय सहायता/छात्रवृत्ति तथा 23 वर्ष की आयु पूरी करने पर बच्चे को व्यक्ति और व्यावसायिक उपयोग के लिए राशि दी जाएगी। हरियाणा सरकार से स्वीकृति दे चुकी है जिसके तहत 18 वर्ष तक 2500 रुपये प्रति बच्चा प्रति महीना, बिना परिवार के बच्चों की देखभाल करने वाले बाल देखभाल संस्थान को 1500 रुपये प्रति बच्चा प्रतिमास 18 वर्ष तक की आयु तक, अन्य पूरा खर्चा बाल देखभाल संस्थान द्वारा वहन किया जाएगा। इसी प्रकार 18 वर्ष तक पढ़ाई के दौरान प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना की तीसरी लहर रोकने के लिए दूसरी डोज जरूरी



**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फ्रंट लाईन वर्कर, हैल्थ केयर वर्कर के साथ-साथ प्रथम डोज लगवा चुके लोगों को दूसरी डोज लगाने पर फोकस रखना होगा। जिन लोगों को प्रथम डोज लग चुकी है उन लोगों को जल्द से जल्द दूसरी डोज लगवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग अलग से काउंटर स्थापित करें। वे बुधवार को देर सायं लघु सचिवालय एनआईसी कार्यालय में कोरोना की तीसरी लहर को लेकर किए गए प्रबंधों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोडा ने सभी अधिकारियों को कोरोना की तीसरी लहर को कैच करने के समय रहते प्रबंध करने के आदेश दिए है। इन प्रबंधों के तहत सभी जिलों में सबसे पहले दूसरी डोज के कार्य को पूरा किया जाए। उसके साथ ही कोरोना वैक्सीनेशन कार्य को तेजी के साथ किया जाए, इसके लिए विशेष शिविर लगाया जाए और दूसरी डोज के लिए अलग से काउंटर लगाया जाए ताकि दूसरी डोज लगवाने वाले लोगों को परेशानी ना झेलनी पडे। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रधानमंत्री केयर फंड से स्थापित किए जा रहे पीएसए ऑक्सीजन प्लांट, सात जिलों में आरटीपीसीआर लैब, नए अस्पतालों के इंफ्रास्ट्रक्चर, बच्चों के निजी अस्पतालों में बैड ऑक्सीजन व अन्य संसाधनों की फीडबैक लेने तथा तैयारियां पूरी रखने, डी टाइप के सिलेंडर, आक्सीजन कंसेंट्रेटर के साथ-साथ मास्क पहनने के प्रति लोगों को जागरुक करने जैसे विषयों पंर विशेष फोकस रखना है।

### धूमधाम से निकाली गई ध्वज यात्रा



**होडल।** श्याम होलिका मंडल की ओर से बुधवार को श्रावण कृष्ण पक्ष कामिका एकादशी के मौके पर श्याम बाबा की ढोल नगाड़ों के साथ ध्वज यात्रा निकाली गई। इस मौके पर श्याम बाबा का ट्रैक्टर में भव्य दरबार भी सजाया गया। यह पदयात्रा कमेटी चौक स्थित श्याम होलिका मंडल के कार्यालय से चलकर पंचवटी धाम में पहुंची। जहां श्याम बाबा की पूजा-अर्चना के साथ पदयात्रा का समापन किया गया। पदयात्रा में सैकडों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। होलिका मंडल की ओर से शहर में श्याम बाबा की यह पहली ध्वज यात्रा है। श्याम होलिका मंडल की ओर से बुधवार को निकाली गई ध्वज यात्रा में सुबह छह बजे से ही महिला-पुरूष श्रद्धालुओं का मंडल कार्यालय पर एकत्रित होना शुरू हो गया था। मंडल द्वारा ट्रैक्टर में श्याम बाबा का फूल-मालाओं से भव्य दरबार सजाकर श्याम बाबा व ध्वजों की पूजा-अर्चना कर पदयात्रा को आगे बढ़ाया गया। पदयात्री महिला-पुरूषों ने श्याम बाब के भजनों पर जमकर नृत्य किया। पदयात्रा ढोल-नगाडे व डीजे के साथ कमेटी चौक से शुरू होकर मीनार गेट होते हुए पंचवटी धाम में पहुंची। पंचवटी धाम में श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के मंदिर में ध्वजों को चढाकर व पूजा-अर्चना कर पदयात्रा का समापन किया। श्याम होलिक मंडल के सदस्य जतिन बंसल, गौरव गर्ग, तनुराग गर्ग, दीपक गोयल, गर्वित गर्ग, श्लोख, विवेक, साहिल बंसल, रिशव, उदित, हरिओम, यश ड्क्षबदल, राजेश शर्मा, एकादशी निशान यात्रा से तुलसी सिंगला, कपिल गर्ग, श्रीखाटू श्याम के दिवाने मंडल होडल से गौरव बंसल, साहिल गोयल के अलावा सैकड़ों महिला-पुरूष श्रद्धालु मौजूद रहे।

### कार्यकम में होंगे बीस हजार पौधे वितरित

**होडल।** केबीसी वेलफेयर सोसायटी, प्राइवेट स्कूल प्रमोट एसोसिएशन व सिंचाई विभाग गुडगांवा के तत्वावधान में आगामी 7 अगस्त को नानक डेरी रोड स्थित अनुपम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बीस हजार पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ये जानकारी पीएसपीए ऐसोसिएशन के प्रधान हरद्वारी लाल सौरोत ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुडगांवा सिंचाई विभाग के एसई डा. शिव सिंह रावत मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि सोसायटी ने अगस्त माह में पलवल जिले में तीन लाख फलदार पौधे वितरण का लक्ष्य रखा है। सोसायटी का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण व किसानों की आमदनी बढ़ाना है। कार्यक्रम के इस मौके पर स्कूल के प्रांगण में पौधा रोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सौरोत के साथ सोसायटी के प्रधान वेदपाल रावत, सचिव हुकम रावत व विक्रम सौरोत आदि मौजूद रहे।

# नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को करें जागरूक : ढाका

## शिक्षण संस्थाओं के 100 मीटर के दायरे में नहीं बिकेगी कोई भी नशीली वस्तु

### जन जागरूकता लाने के लिए साइकिल रैली निकाली गई

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**अतिरिक्त** उपायुक्त सुभिता ढाका ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थाओं में छात्र छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव व बुराइयों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। सुनिश्चित किया गया है किसी भी शिक्षण संस्थान के 100 मीटर के दायरे में कोई भी नशीली चीज न जा सके।

स्कूली छात्रों द्वारा नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता लाने के लिए




साइकिल रैली निकाली गई है। साईकिल रैली के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त जिला के लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग ले रही थीं। उन्होंने बताया कि सामाजिक स्तर पर मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। इनमें नशे से ग्रस्त व्यक्तियों उनके आश्रितों को नशे के दुष्प्रभाव की रोकथाम के विषय में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आम लोगों को जागरूक करने के लिए तहसील, ब्लाक, नगर निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए नशे की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक सुधीर तनेजा, जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री, बाल संरक्षण अधिकारी आबिद हुसैन समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान आदि उपस्थित थे।



उपायुक्त शक्ति सिंह वीसी में नूंह जिला के बारे में जानकारी देते हुए।

# 485 राशन डिपो पांच और 10 किग्रा के थैले में देंगे राशन

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**नूंह** जिला में आगामी 18 व 19 अगस्त को अन्नपूर्णा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला के सभी 485 राशन डिपो पर दोनों दिन उत्सव के रूप में मनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पात्रता अनुसार 5 व 10 किलोग्राम के थैले में गेहूं का वितरण किया जाएगा। नूंह जिला प्रशासन ने अन्न उत्सव के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी हैं। उत्सव के लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। ये जानकारी डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने दी। वे बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा अन्न उत्सव के तहत ली गई विडियो कांफ्रेंस में नूंह जिला में आयोजित उत्सव की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों की अनुपालना प्रभावी ढंग से करने की बात कही।

### नूंह जिले में 18 व 19 अगस्त को में मनेगा अन्नपूर्णा उत्सव

**4 लाख 90 हजार 745 थैलों का होगा वितरण**

डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने अन्नपूर्णा उत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि 18 व 19 अगस्त को दोनों दिन जिला में राशन डिपो पर कुल 4 लाख 90 हजार 745 थैलों में राशन का वितरण प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत किया जाएगा। जिसमें से 5 किलोग्राम के 73 हजार 189 थैलों में तथा 10 किलोग्राम के 4 लाख 17 हजार 556 थैलों में राशन पात्र लोगों को दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सरकार का संकल्प है कि हर परिवार सशक्त हो, संपन्न हो और संकट के समय में भी निश्चिंत हो, ऐसे में सरकार की ओर से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत जरूरतमंद लोगों को राशन उपलब्ध कराने में अपना दायित्व निभा रही है। उन्होंने कहा कि 18 व 19 अगस्त को नूंह जिला के सभी राशन डिपो पूरे दिन खुले रहेंगे तथा लाभार्थियों को सुचारू रूप से राशन वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। आपदा के दौर में कोई भूखा न रहे इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से लागू की गई।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना से आय बढ़ाने में मिलेगी मदद

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**मुख्यमंत्री** अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहयोग दिया जाएगा। चिह्नित परिवारों की आय को बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से यथा संभव प्रयास करने की पूरी रूपरेखा तैयार की जा रही है। यह जानकारी डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने दी। डीसी शक्ति सिंह ने वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल को नूंह जिला में क्रियांवित की जा रही योजना के बारे में बताया। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जरूरतमंद को सरकार की सभी विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति योजना का लाभ उठा सकता है। जिला प्रशासन की ओर से खण्ड स्तर अथवा शहरी निकाय स्तर पर कमेटियों का गठन करते हुए योजनाओं को मूर्त रूप दिया जाएगा। डीसी ने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत परिवार पहचान पत्र पोर्टल के माध्यम से उन गरीब परिवारों को चयनित किया जाएगा जोकि सामाजिक-आर्थिक उत्थान की अंतिम पंक्ति में खड़े हैं। उन चयनित परिवारों को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक उत्थान की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की पहल की है।

## 28 घरेलू सिलेंडरों से भरी गाड़ी जब्त की

**होडल।** फूड सप्लाई विभाग के अधिकारियों ने हलवाई के गोदाम के बाहर से चौपहिया वाहन में दो दर्जन से ज्यादा घरेलू खाली सिलेंडर जब्त किए हैं। विभागीय अधिकारी जब्त किए गए सिलेंडरों को वाहन सहित थाने में ले गए। विभागीय अधिकारी ने सिलेंडरों के नम्बरों की सूची बनाकर पुलिस को एजेंसी मालिक के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

खबर लिखे जाने तक पुलिस एजेंसी मालिक के खिलाफ मामला दर्ज नहीं कर सकी है। फूड सप्लाई विभाग के अधिकारी संतोष कुमार को सूचना मिली कि बाईसी मोहल्ला के निकट स्थित लक्खी हलवाई के गोदाम के बाहर घरेलू सिलेंडर से भरी गाड़ी खड़ी है जबकि हलवाई घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।

# धरती पर पेड़ रहेंगे तब तक जीवन रहेगा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने जिलावासियों से अपील की हैं कि पर्यावरण संरक्षण के लिये एक-एक पौधा अवश्य लगाएं। साथ ही उनकी देखभाल भी सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि पौधे मानव जीवन का अभिन्न अंग है क्योंकि यह हमें जीने के लिये ऑक्सीजन देते है। उन्होंने बताया कि कोविड काल में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुये पौधों की महत्वता और बढ़ जाती हैं। जब तक धरती पर पेड़ रहेंगे तब तक मनुष्य के लिए धरती पर जीवन सम्भव रहेगा, पेड़ों के ना रहने से हमें जीवनदायिनी आक्सीजन नहीं मिलेगी और ना ही

### पेड़ लगाना और पर्यावरण बचाना सभी का दायित्वः डीसी

धरती पर बरसात होगी क्योंकि पेड़ ही बरसात लाने में सहायक होते है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समय रहते आवश्यक कदम उठाने होंगे और आने वाली पीढ़ी को भी अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि मॉनसून चल रहा है और पौधारोपण के लिए मॉनसून का समय सबसे उपयुक्त समय समझा जाता है। ऐसे में यदि जिला का प्रत्येक नागरिक पौधारोपण करे। इससे प्रदूषण कम हो सके।

# दिल्ली-अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गड्ढों से बढ़ रहीं दुर्घटनाएं

### परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क में गड्ढों को भरवाने की मांग उठाई

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**दिल्ली**-अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए पर मालब व भादस गांव में सड़क पर गड्ढे होने की वजह से ग्रामीणों व राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं यहां पर कुछ लोग व राहगीर गिरने से चोटिल हो रहे हैं। आयेदिन बड़े हादसे का डर बना रहता है।



मालब गांव के रहने वाले समाजसेवी साहुन खान, खालिद एडवोकेट, अकरम खान, अनवर हाजी मुस्ताक, हाजी समी खान दर्जनों लोगों ने जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह से मांग की है कि तुरंत विभाग को आदेश दिए जाएं और समस्या का समाधान कराया जाए। उन्होंने बताया कि मालब गांव की सबसे बड़ी जामा मस्जिद व सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक इसी रोड पर पड़ते हैं।

जिससे राहगीर व बैंक में किसी काम से आने वाले ग्रामीणों को इसी रोड से होकर गुजरना पड़ता है। रोड में गड्ढे होने के कारण आयेदिन हादसों का डर बना रहता है। वहीं भादस गांव के शकील खान, मुस्तफा खान, वहीद दुकानदार आदि लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द समाधान किया जाए ताकि हादसे न हो।

# संतरी से लेकर मंत्री तक नहीं सुधार पा रहे सफाई व्यवस्था

## ग्राम पंचायत नगीना की सफाई व्यवस्था चरमराई,गंदगी का लगा ढेर, कीचड़ से दिख रही जनता परेशान

सेनायत खां। फिरोजपुर झिरका

**ग्राम** पंचायत नगीना व स्थानीय प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही की वजह कस्बा नगीना में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। जिसकी वजह से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, नालियों की निकासी ना होने की वजह से नालियां भी गंदगी के ढेर से अटी पड़ी हैं। गंदगी की वजह से जनता काफी परेशान है।

कस्बा निवासी के बाशिंदे सामाजिक नेता व पूर्व प्रधान रजत जैन, नेमचन्द गोयल, पंडित चक्रदत्त शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता सफी मोहम्मद, हरीश शर्मा, महेंद्र प्रजापति, ओमकार साहू, पूर्व पंचसूबेदार खान, पूर्व पंच प्यारे लाल, पंडित बाबूराम शर्मा ने बताया की नगीना खंड का मुख्य कस्बा



शहर के बीच एकत्रित गन्दगी के ढेर व गलियों में जमा गन्दा पानी।



होने की वजह से जनता की आवाजाही भी अधिक रहती है, लेकिन नगीना में सफाई व्यवस्था दुरुस्त ना होने की वजह से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, वहीं नालियों की निकासी ना होने की वजह से गंदगी के ढेर से अटी पड़ी है। जिससे हमेशा दुर्गंध उठती रहती है। जिसकी वजह से राहगीरों को भी इसकी वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ व्यक्ति अज्ञानतावश वश कूड़े के ढेरों में आग लगा देते है। जिसकी वजह से पर्यावरण भी दूषित होता है

। सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान ने भी मात्र कागजों में सिमट कर दम तोड़ दिया है। उन्होंने बताया की कस्बा की व्यवस्थित तरीके से सफाई करवाने के लिए संतरी से लेकर मंत्री तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात है। सफाई व्यवस्था ठप होने की वजह से जनता त्रस्त है। प्रशासन से भी कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ध्यान ना दिए जाने की वजह से कस्बा वासियों में पंचायत व प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है।

### कस्बा का मुख्य मोहल्ला है झबला चौराहा

**वैसे** तो पूरे कस्बा की सफाई व्यवस्था ही पटरी से उतरी हुई है लेकिन कस्बा के चौराहों में से एक वार्ड नम्बर-03 के झबला मोहल्ला का चौराहा मुख्य चौराहों में से एक है क्योंकि इस चौराहे से अन्य गांव के रास्ते भी जुड़े हुए हैं। यह चौराहा कस्बा के मध्य के लगभग पड़ता है। चारों ओर से कस्बे के मोहल्ला को जोड़ता है। इसके अलावा इस चौराहे के आसपास कई मंदिर व मस्जिद भी पढ़ती है। जिसकी वजह से जनता की आवाजाही भी अधिक रहती है, लेकिन इस मोहल्ले की सफाई व्यवस्था ठप होने की वजह से भक्तजनों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो गंदगी की वजह से आने जाने वाली जनता के वस्त्र भी खराब हो जाते है जो धार्मिक कार्यों के योग्य नहीं रह जाते हैं।

पायनियर क्लासीफाइड

सार्वजनिक सूचना

यह है कि मेरी मुक्किला शीला देवी पत्नी श्री रोशन लाल निवासी नगला शंकर लाल धनौली मलपुरा उत्तर प्रदेश का पुत्र संजीव कुमार व उसकी पत्नी नीलम पुत्री परमानन्द मेरी मुक्किला के कहने से बाहर है, मेरी मुक्किला की किसी प्रकार की सेवा, सहायता नही करते है अपनी मनमानी, गाली गलौंच, लड़ाई-झगड़ा व मारपीठ करते हैं। इसलिए मेरी मुक्किला ने अपने पुत्र संजव कुमार व पुत्रवधू नीलम दोनों से अपने सभी संबंध विच्छेद कर अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद मेरी मुक्किला का पुत्र व पुत्रवधू के साथ कोई ताल्लुक वास्ता व कोई लेना-देना नहीं है। भविष्य में जो कोई इन दोनों से किसी प्रकार का लेनदेन करेगा। उसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा। मेरी मुक्किला के किसी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ध्रुव कुमार अधिवक्ता, फरीदाबाद

बेदखली सूचना

हम, संतोष कुमारी पत्नी सुरेन्द्र कुमार पांचाल व सुरेन्द्र कुमार पांचाल पुत्र सियाराम निवासी मकान नं0 154, ब्लॉक सी, गली नं0 6, शिव कॉलोनी, पल्ला नं0 1, अमरनगर, जिला फरीदाबाद ने अपनी पुत्री ज्योति जो हमारे कहने से बाहर है को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उक्त पुत्री से लेनदेन करने वाले स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

बेदखली सूचना

मैं, रामसहाय पुत्र श्री सांवलिया निवासी मोहन नगर, तहसील व जिला पलवल अपने पुत्र सोनू जो मेरे कहने से बाहर है, को अपनी तमाम चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इसके किसी भी अच्छे-बुरे कार्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेवार नहीं होगा।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## कोविड की तीसरी लहर

### सतर्कता आवश्यक


**कोविड**-19 की तीसरी लहर लगभग आ गई है, ऐसे में सरकार को फौरन कठोर निर्णय लेने चाहिए। इंडियन इंस्टीट्यूट आफटेक्नोलोजी हैदराबाद व कानपुर के शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी की तीसरी लहर देश पर किसी समय हमला बोल सकती है और वह इसी महीने आ सकती है। हालांकि, उनके इस दावे ने थोड़ी राहत दी है कि यह लहर बहुत छोटी हो सकती है जो अक्टूबर में शिखर पर होगी और तब लगभग 1,50,000 मामले रोज आने की आशंका है। दूसरी लहर में रोज लगभग चार लाख मामले आते थे, अत: उसकी तुलना में तीसरी लहर निश्चित रूप से छोटी होगी। लेकिन मुद्दा यह है कि क्या देश को अगस्त में निरोधक लाकडाउन की आवश्यकता है तथा ऐसे निर्णय के अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेंगे। तीसरी लहर के बारे में शोर-शराबे की शुरुआत जुलाई में दूसरी लहर शुरू होने के समय से ही जारी है। इसके बाद राज्यों ने चरणबद्ध अनलाक की प्रक्रिया शुरू की है। वर्तमान समय में देश से अधिकांश नियंत्रण हटाए जा चुके हैं तथा केवल उच्च पाजिटिविटी दरों वाले कुछ जिलों व कंटेनमेंट क्षेत्रों में नियंत्रण जारी हैं। अधिकांश राज्यों में शिक्षा संस्थान भी खुलने वाले हैं, जबकि कुछ अन्य में वे लगभग एक पखवाड़े से काम कर रहे हैं। हालांकि, मुंबई जैसे शहरों में कुछ नियंत्रणों के बावजूद सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था शत-प्रतिशत क्षमता से काम कर रही है। शहरी, अर्ध-शहरी तथा ग्रामीण वाणिज्यिक व औद्योगिक उद्यम सामान्य कामकाज करने लगे हैं। देश में चौथे सीरो सर्वे के बाद सामान्य रूप से विश्वास बहाल हुआ है जिसके अनुसार जनसंख्या के दो-तिहाई हिस्से में एंटीबाडी पाई गई हैं। इसके साथ ही कोरोना से ठीक हुए लोग हैं जिनमें एंटीबाडी हैं। इस प्रकार अब केवल 40 करोड़ लोगों को ज्यादा खतरा है।



धीमी गति के बावजूद अब पूर्ण टीकाकृत लोगों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन एक लापरवाही की भावना भी है तथा लोग सुरक्षा प्रोटोकालों पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्या छोटी तीसरी लहर का पूर्वानुमान सरकारों और जनता को और ज्यादा लापरवाह बना देगा? पहली दो लहरों के प्रति सरकारों का दृष्टिकोण केवल प्रतिक्रियात्मक था। हालांकि, पिछले दो महीनों से लगता है कि उन्होंने स्वयं को संगठित किया है, चिकित्सा ढांचे को बेहतर बनाया गया है तथा अन्य तरीकों से भी तीसरी लहर से मुकाबले की तैयारी हो रही है। सरकार को फौरन कुछ निर्णय लेने की आवश्यकता है। पहला, यह तय करना जरूरी है कि देश में तीसरी लहर आने के पहले या उसके बाद नियंत्रण कब फिर से लागू किए जाएंगे। तर्क दिया जा रहा है कि हर व्यक्ति तीसरी लहर का अनुमान लगा रहा है, ऐसे में बिजनेस, कार्यालय, संस्थान और स्कूल क्यों खोले जा रहे हैं, जबकि उनको थोड़े दिनों में बंद किया जाना है। दूसरा, क्या नियंत्रणों पर निर्णय उस समय तक टाला जा सकता है, जब तक विशेषज्ञ इसकी पुष्टि न कर दें कि टीकाकरण व एंटीबाडी की उपस्थिति ने नए संक्रमणों का प्रभाव कुंद कर दिया है। तर्क है कि यदि ज्यादा खतरनाक तथा आसानी से फैलने वाले डेल्टा प्लस स्वरूप की बहुलता तीसरी लहर में हो तो क्या होगा। तीसरा, स्कूलों के पुन: खुलने तथा 18 वर्ष से छोटे बच्चों का टीकाकरण बिल्कुल न होने के कारण क्या उनको तीसरी लहर का खतरा अधिक नहीं होगा। वैश्विक महामारी टास्क फोर्स ने सरकार को सलाह दी है कि उसे इन सरोकारों को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करना चाहिए। तीसरी लहर का पूर्वानुमान जारी रहेगा, पर इससे हमारी सतर्कता कम नहीं होनी चाहिए ताकि हम किसी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हो सकें।

# बिजली व्यवस्था में सुधार की अनिवार्यता

### डिस्काम पर नियंत्रण ढीला करने से राजनीतिक पार्टियों के हाथ से वह औजार निकल जाएगा जिसके द्वारा वे चुनाव के समय जनता को सस्ती या मुफ्त बिजली का वादा करती हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



पिछले साल तक बिजली वितरण कम्पनियों-डिस्काम के पुनर्गठन संबंधी अनेक घोषणायें हुई हैं। इनमें बिजली व्यवस्था में सुधारों से जुड़ा बिजली संशोधन कानून, 2020, वितरण की परिणामोन्मुख योजना-आरएलआरबीएसडी तथा डिस्काम को 2020 में दिया जाने वाला 90,000 करोड़ रुपये का विशेष कर्ज शामिल है जिसे बाद में बढ़ा कर 1,30,000 करोड़ कर दिया गया था। इसे राष्ट्रीय बिजली नीति, 2021 के नए प्रारूप में शामिल किया गया है। प्रमुख सुधार उपायों में बिजली वितरण के लिए सक्षम बाजार तैयार करना, वितरण बिजनेस को लाइसेंस मुक्त करना, इसमें प्रतियोगिता लाना तथा उपभोक्ता को 'खुली पहुंच' के माध्यम से अपना सप्लायर चुनने का अधिकार देना शामिल है। इसके साथ ही सब्सिडी के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी लागू करना, बिजली मूल्य वृद्धि की सीमा निर्धारित करना, डिस्काम को भुगतान को लेटर आफ क्रेडिट-एलओसी से जोड़ना तथा घाटे वाली डिस्काम को अनुदान देने से इनकार करना, आदि भी सुधारों में शामिल हैं। डिस्काम राष्ट्रीय ताप विद्युत बिजली निगम-एनटीपीसी आदि पीएसयू द्वारा पैदा बिजली के बहुत बड़े हिस्से के साथ स्वतंत्र बिजली उत्पादकों-आईपीपी तथा राज्य बिजली बोर्डों-एसईबी स्टेशनों द्वारा तैयार बिजली खरीदते हैं। इन पर बिजली खरीद समझौतों-पीपीए के माध्यम से राज्य सरकारों का नियंत्रण व स्वामित्व है। इनमें से अधिकांश पीपीए का 25 साल का दीर्घकालीन समझौता है। इससे केवल पांच प्रतिशत बिजली का ही व्यापार होता है।

राज्य सरकारें कुछ खास उपभोक्ताओं को बिजली बेचने का आदेश डिस्काम को देती हैं जिनमें गरीब परिवार व किसान शामिल हैं। यह बिजली खरीद, परिवहन व वितरण पर आने वाली लागत के एक हिस्से पर या मुफ्त दी जाती है। उपरोक्त समूहों को दी जाने वाले बिजली से भयानक नुकसान होता है। यह एग्रीगेट टेक्निकल व कामर्शियल-एटीएंडसी नुकसानों के कारण और बढ़ जाता है जिनमें से अधिकांश बिजली चोरी है। आईपीपी-पीएसयू को एक लागत-प्लस फार्मूले के अंतर्गत टैरिफ की अनुमति पीपीए के अंतर्गत दी जाती है जिससे राजस्व में कमी और बढ़ती है। इन तीन आयामों के खतरनाक जोड़ से डिस्काम को लगातार बढ़ते घाटे का सामना करना पड़ता है। यह घाटा 2015-16 में 52,000 करोड़ था जो नवंबर, 2015 में उज्ज्वल डिस्काम एश्योरेंस योजना के अंतर्गत मिले भारी बेलआउट पैकेज के कारण 2017-18 में 17,000 करोड़ रह गया। इसके बाद यह घाटा बढ़ कर 2019-20 में 30,000 करोड़ तथा 2020-21 में 58,000 करोड़ हो गया। इस पृष्ठभूमि में हमें सुधार उपायों का विश्लेषण करना चाहिए।

बिजली वितरण की सक्षम बाजार के लिए सुधार पूर्वशर्त हैं ताकि तैयार की जाने वाली बिजली का बड़ा हिस्सा खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध हो। लेकिन दीर्घकालीन रूप से 95 प्रतिशत बिजली पीपीए से बंधी होने के कारण इस पर सोचा भी नहीं जा सकता है। परिवारों व उद्योगों को सप्लाई करने वाले पूरे नेटवर्क का स्वामित्व व नियंत्रण डिस्काम के पास है अत: ऐसे में निजी उद्यमों को अनुमति देना असंभव है। इसमें ट्रांसमिशन लाइनें, फीडर लाइनें व ट्रांसफार्मर शामिल हैं।

खुली पहुंच के लिए संशोधित बिजली कानून, 2003 में प्राविधान किया गया था। इस नीति के अंतर्गत पांच साल के भीतर, यानी 2008 तक 1 मेगावाट से अधिक वाले बड़े उपभोक्ताओं को सप्लायर चुनने का अधिकार देना था। लेकिन कानून के दूसरे प्राविधान के अंतर्गत ऐसे उपभोक्ताओं को वितरक बदलने की स्थिति में संबंधित एसईबी को 'खुली पहुंच सरचार्ज'-ओएसी देना पड़ता। राज्य सरकारों ने इस कमी का लाभ उठा कर अब तक एसईबी की रक्षा की है जो उद्योगों से मनमाना दाम वसूल कर रही हैं। सरचार्ज को अधिक रख कर तथा उसे कम करने की चिन्ता किए बिना उन्होंने उपभोक्ताओं को एक दाम पर बिजली देना सुनिश्चित किया है।

यह दर उनके द्वारा एसईबी को किए भुगतान से अधिक होती है। यह स्थिति आर्थिक रूप से ठीक नहीं है। उन्होंने रेलवे को भी नहीं बख्शा है जो हर साल बिजली खरीद पर 12,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करती है। रेलवे एक्ट के अंतर्गत उसे एक 'डीम्ड' लाइसेंसी के रूप में बिजली वितरण व सप्लाई का अधिकार मिल जाता है क्योंकि वह बिजली अपने उपभोग के लिए खरीदता है तथा सरचार्ज भुगतान से बाहर है। इसके बावजूद उसे ओएसी देना पड़ता है क्योंकि राज्य उसे 'एनओसी' देने के तैयार नहीं है जो विकल्प प्राप्त करने के लिए जरूरी है। डीबीटी के अंतर्गत राज्य सरकारें सीधे लक्षित लाभार्थियों को सब्सिडी देती हैं, हालांकि डिस्काम इस प्रकार अपने दाम तय करती हैं कि उससे खरीद, व्हीलिंग व वितरण का पूरा खर्च वसूल हो जाए तथा बिक्री पर घाटा न उठाना पड़े। उनको उद्योगों व बिजनेसों से अधिक पैसा लेने की अनुमति भी है क्योंकि इससे पसंदीदा उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने का बोझ उठाया जाता है। प्रत्यक्ष सब्सिडी हस्तांतरण के माध्यम से डिस्काम को राज्य नियंत्रण से मुक्त किया जा सकता है जिससे उनको चोरी पर लगाम लगा कर खर्च घटाने में आसानी होगी। इस व्यवस्था में 'खुल पहुंच' सुनिश्चित करना आसान होगा।

इन सकारात्मक लाभों के बावजूद केन्द्र सरकार डीबीटी लागू करने की हिम्मत नहीं दिखा सकी है। वास्तव में किसानों ने स्वयं को बिजली संशोधन कानून, 2020 के अंतर्गत लाने का भारी विरोध किया है जिससे सरकार ने यथास्थिति बनाए रखने का वादा किया है। यदि किसानों को भारी रियायत पर या मुफ्त बिजली देने की वर्तमान व्यवस्था जारी रही तो यही स्थिति परिवारों के लिए भी होनी चाहिए क्योंकि आप समाज के विभिन्न वर्गों को सब्सिडी देने के दो अलग तरीके नहीं अपना सकते हैं। इसलिए फिलहाल डीबीटी की कोई उम्मीद नहीं है। डिस्काम द्वारा बिजली सप्लाई खर्च वसूल न कर पाने की केवल 15 प्रतिशत लागत ही उपभोक्ताओं पर डाली जा सकती है। इस प्रकार किसानों या परिवारों से वसूल न की जा सकने वाली धनराशि का केवल 15 प्रतिशत ही उद्योगों व बिजनेसों को बिजली कीमत बढ़ा कर वसूल किया जा सकता है। हालांकि, उद्योग कीमत में थोड़ी वृद्धि स्वीकार कर सकते हैं, लेकिन इससे व्यवस्था ठीक नहीं होगी और अंतत: उनको बेलआउट पैकेज के लिए सरकार के पास जाना होगा। जहां तक एलसी व्यवस्था का सवाल है, बैंक गारंटी देते हैं कि खरीदार द्वारा विक्रेता को समय पर सही भुगतान हो जाएगा। यदि खरीदार भुगतान करने में अक्षम हो तो बैंक उससे पूरी लागत वसूल करेगा तथा इसके लिए उपलब्ध सारे विधिक विकल्प अपनाएगा। इस प्रकार राज्य स्वामित्व वाले डिस्काम के लिए बैंक को चुनौती देना आसान नहीं होगा। जहां तक घाटे वाले डिस्काम को कर्ज देने से इनकार करने का मामला है, उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि वे किसी न किसी तरह सहायता प्राप्त कर लेंगे।

संक्षेप में कहा जाए तो अब तक उठाए गए उपरोक्त कदम केवल सतही हैं क्योंकि राजनेताओं में अन्य कठोर कदम उठाने की हिम्मत नहीं है, जबकि यही असली सुधार ला सकते हैं। इसका कारण यह है कि डिस्काम को उन बंधनों से मुक्त करना होगा जो सभी पार्टियां उन पर लगाती हैं। इसका कारण चुनाव के समय जनता के विभिन्न वर्गों को सस्ती या मुफ्त बिजली देने का वादा है। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि हम सुधारों के बारे में घोषणायें सुनते रहेंगे जो संकट से निकालने की जरूरत पड़ने पर डिस्काम में भारी पूंजी निवेश का एक बहाना भर होंगे।

उदय, 2015 के अंतर्गत डिस्काम को 4,00,000 करोड़ का पैकेज दिया गया था, पर उनको अभी बेची गई हर बिजली यूनिट पर 0.42 रुपये का घाटा उठाना पड़ रहा है तथा उन पर 31 मार्च, 2021 को 4,50,000 करोड़ का कर्ज हो गया था। आरएलआरबीएसडी के अंतर्गत सरकार 3,00,000 करोड़ और खर्च करेगी, पर इससे घाटा समाप्त होने की कोई उम्मीद नहीं है। इस प्रकार वर्तमान दुष्चक्र जारी रहेगा।

# सेना का राजनीति से दूर रहना बेहतर

**दीपक सिन्हा**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति, डोनाल्ड ट्रम्प, हमेशा कट्टरपंथी अधिकार के करीबी संबंधों के साथ संदिग्ध नैतिक और नैतिक अखंडता के व्यक्ति होने की प्रतिष्ठा रखते हैं। फिर भी, ऐसे लोग थे जिन्होंने 2016 में उन्हें वोट दिया क्योंकि वे वास्तव में मानते थे कि वह दो बुराइयों में से कम थे, और दृढ़ता से महसूस किया कि उनके जैसा ''बाहरी व्यक्ति'' ही ''वाशिंगटन दलदल'' को निकालने में सक्षम था, एक वाक्यांश जिसका संकेत था वाशिंगटन सत्ता अभिजात वर्ग के आसपास प्रतीत होता है कि व्यापक भ्रष्टाचार। वे निश्चित रूप से राष्ट्रपति के रूप में उनके नीरस प्रदर्शन से निराश हुए होंगे, विशेष रूप से उनके धूर्तता और स्वार्थ की हद तक। ट्रम्प के सत्ता में अंतिम वर्ष पर, दो पुलित्जर पुरस्कार विजेता वाशिंगटन पोस्ट के पत्रकारों, खोजी कर्मचारी लेखक कैरोल लियोनिग और व्हाइट हाउस ब्यूरो के पूर्व प्रमुख फिलिप रूकर द्वारा हाल ही में एक किताब में इन्हें नंगे रखा गया है, जिसका शीर्षक है ''आई अलोन कैन फिक्स इट''। एक उपयुक्त अगली कड़ी, और बोधगम्य और रोशन के रूप में, ''एक बहुत स्थिर प्रतिभा'' है।

उनकी नवीनतम पुस्तक के सबसे आकर्षक पहलुओं में से एक उस तरीके से संबंधित है जिसमें ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष, जनरल मार्क मिले ने राष्ट्रपति ट्रम्प के चुनाव परिणामों को पलटने के अपने 'बिग लाई' को थपथपाने के बेशर्म प्रयासों का जवाब दिया कि चुनाव डेमोक्रेट्स द्वारा व्यापक धोखाधड़ी का सहारा लेकर चोरी की गई थी। उनकी कानूनी चुनौतियों को सरसरी तौर पर खारिज किए जाने के बावजूद, वह आज भी इन आरोपों को हवा दे रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता है कि उनके समर्थकों को उकसाने की परिणति 6 जनवरी को चुनाव परिणामों को औपचारिक रूप देने के लिए कैपिटल हिल में कार्यवाही को बाधित करने के लिए एक हिंसक लेकिन निष्फल प्रयास में हुई।

इससे पहले, कोई याद कर सकता है, जनरल मिले को सैन्य दिग्गजों, राजनेताओं और मीडिया द्वारा अनजाने में सेना को राजनीति में घसीटने के लिए, वर्दी में, ट्रम्प के कुख्यात ''बाइबिल फोटो सेशन'' में सेंट जॉन्स चर्च में उपस्थित होने के लिए उकसाया गया था। इसके तुरंत बाद शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को नस्लीय समानता के लिए प्रदर्शन करते हुए जबरन बेदखल कर दिया गया। वास्तव में, यह कि उन्होंने अपने निर्णय की त्रुटि के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी, यह उनकी स्पष्टता, अखंडता और चरित्र की ताकत की मात्रा को दर्शाता है।



इसके बाद उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई शुरू की कि ट्रम्प द्वारा पेंटागन के भीतर प्रमुख पदों पर अपनी खुद की कमी को नियुक्त करने के बावजूद सेना को राजनीतिक क्षेत्र में नहीं घसीटा गया। अगर लेखकों की माने तो उन्होंने ट्रंप की तुलना हिटलर से की और 6 जनवरी के विद्रोह को अमेरिका के लिए 'रीचस्टैग मोमेंट' के रूप में संदर्भित किया। ट्रम्प के बल के माध्यम से सत्ता से चिपके रहने के प्रयासों पर, उन्होंने कथित तौर पर संयुक्त प्रमुखों में अपने सहयोगियों से कहा ''वे कोशिश कर सकते हैं, लेकिन वे सफल नहीं होने जा रहे हैं ... आप सेना के बिना ऐसा नहीं कर सकते . आप सीआईए और एफबीआई के बिना ऐसा नहीं कर सकते। हम बंदूक वाले हैं।''

उनके कार्यों से यह सबक मिलता है कि हमारे सैन्य नेतृत्व को इसे आत्मसात करना अच्छा होगा। यह अकल्पनीय है कि हमारे वरिष्ठ सैन्य पदानुक्रम लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के नेतृत्व के प्रति इस तरह के टकरावपूर्ण रवैये को अपना सकते हैं, या कभी भी, चाहे उनके कार्य कितने भी उकसावे हों, या असंवैधानिक हों। 1977 के आपातकाल के दौरान सेना द्वारा प्रदर्शित अलगाव एक उदाहरण है। यह सच है कि जनरल थिम्मैया, फील्ड मार्शल मानेकशॉ और कुछ अन्य ऐसे भी रहे हैं जिन्होंने रीढ़ की हड्डी प्रदर्शित की है और सरकार के निर्देशों का विरोध किया है, लेकिन ये बहुत कम हैं और उनके दायरे में केवल पेशेवर मामलों तक ही सीमित हैं। इसके अलावा, हाल तक, सेना का वरिष्ठ नेतृत्व यह सुनिश्चित करने में काफी सतर्क रहा है कि उसकी कार्रवाई पूरी तरह से निष्पक्ष, गैर राजनीतिक, धर्मनिरपेक्ष और संवैधानिक मानकों के भीतर हो। वास्तव में, यह उनके इस तरह के व्यवहार का पालन था जिसने सेना को देश के भीतर सबसे लोकप्रिय और सम्मानित संस्थान बना दिया।

दुर्भाग्य से, जबकि हमारी सेना का बड़ा हिस्सा अराजनीतिक और धर्मनिरपेक्ष बना हुआ है, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, जनरल बिपिन रावत के कार्यों और सार्वजनिक बयानों ने यह धारणा बनाई है कि सेना के वरिष्ठ नेतृत्व का अत्यधिक राजनीतिकरण हो गया है। फिर तथ्य यह है कि कुछ बहुत ही वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी वर्दी उतारने के तुरंत बाद सक्रिय राजनीति में प्रवेश कर लिया है।

जबकि सत्तारूढ़ अभिजात्य वर्ग के भीतर कुछ लोग घटनाओं के इस मोड़ को अपने वैचारिक कारण के लिए लाभप्रद के रूप में देख सकते हैं, और वास्तव में ''गहन चयन'' की प्रक्रिया के माध्यम से सैन्य व्यवस्था पदानुक्रम के भीतर इस बदलाव को प्रोत्साहित करते हैं, जैसा कि कुछ आरोप लगाते हैं, वे अच्छी तरह से अधिक काट सकते हैं वे चबा सकते हैं। अगर इतिहास से कुछ सीखना है, तो वह यह है कि एक बार जब सेना राजनीति में आ जाती है, तो वह सत्ता में बैठे लोगों की दासी बनकर संतुष्ट नहीं होगी। जैसा कि जनरल मिले ने इतनी वाक्पटुता से कहा, वे बंदूक वाले हैं! उदाहरण के लिए हमें बस अपने पड़ोस को करीब से देखने की जरूरत है।

सेना का राजनीतिकरण करने से बचना राजनीतिक प्रतिष्ठान के हित में होगा। एक बेकाबू राक्षस बनाना, जो उसे खिलाने वाले हाथ को काटेगा, वह सरासर मूर्खता के अलावा और कुछ नहीं है। सरकार और विधायिका के लिए अच्छा होगा कि ऐसे नियम बनाए जाएं जो सेना और यहां तक कि सिविल सेवाओं के सदस्यों को उचित कूलिंग-ऑफ अवधि के बिना राजनीति में शामिल होने से रोकें। यह उन्हें, विशेष रूप से सेना को, राजनीति से बचाने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

## आप की बात

### भारत का बढ़ता प्रभाव

**मौजूदा** भारतीय राजनीति और उसका शीर्ष नेतृत्व आज दुनिया में पिछले 75 सालों के इतिहास में अपनी अलग पहचान बनाने में कामयाब हुआ है। भारतीय विदेश नीति की कूटनीतिक सफलता ही है कि उसकी दुनिया के देशों में गहरी पैठ बनी है। अनुकुल होती परिस्थितियों के बीच भारतीय प्रधानमंत्री को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करने का मौका मिला है जो देश के लिए गौरवशाली क्षण है। भारत सरकार लगातार वसुधैव कुटुंबकम को लेकर दुनिया के देशों का सहयोग करती आई है।राजनीतिक, आर्थिक और सामयिक मुद्दों का सर्वमान्य हल भारतीय विदेश नीति का हिस्सा रहा है। कोरोना काल में दवाओं की पूर्ति और सहयोग को लेकर भारत की भुमिका प्रभावी रही है। अमेरिका, रूस, जर्मनी, ब्रिटेन, इजरायल सहित तमाम संपन्न राष्ट्र भारतीय नीति के कायल हुए हैं।इन्हीं भावनाओं और सहयोग का ही नतीजा है कि भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में भी सिरमौर बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करने का मौका मिला है। निश्चित रूप से इसे भारत की नियत और चरित्र का संतुलन ही कहा जाएगा। अब ऐसे अवसर ही हमारी संयुक्त राष्ट्र संघ में स्थाई सदस्यता का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### जरूरत जल संरक्षण की

**ग्लोबल** वार्मिंग के कारण ऋतु चक्र में बदलाव नजर आ रहा है। हमारे देश में अतिवृष्टि एवं अना वृष्टि के कारण उत्पन्न हुई समस्याओं से देश के विभिन्न राज्य जूझ रहे हैं। भूभाग पर उपलब्ध जल का 70त्न व्यय कृषि कार्यों में होता है। शेष पाली का इस्तेमाल निस्तार एवं पेयजल के रूप में किया जाता है। हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को पानी की कम खपत वाली फसलों को उगाने हेतु प्रोत्साहन देने की नीति तर्कसंगत प्रतीत होती है। साथ ही कृषकों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धतियों को अपनाने हेतु भी प्रेरित करने की आवश्यकता है। कम पानी की सिंचाई योजनाओं पर सरकार को अनुदान देखकर किसानों को इन्हें अपनाने हेतु प्रेरित करना चाहिए। फसल चक्र में बदलाव से एवं अल्प पानी की पैदावार को बढ़ावा देखकर किसान भी फसलों के लिए पानी की व्यवस्था करने के तनाव से कुछ हद तक निजात पा सकते हैं। भूजल स्तर गिरने एवं अनियमित वर्षा चक्र के कारण जल स्त्रोतों में पानी का संचय पर्याप्त रूप से नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में पानी की बचत को एक अभियान के रूप में अपनाकर कृषक प्रकृति के संरक्षण हेतु अपना अहम योगदान दे सकते हैं।

– **ललित महालकरी**, इंदौर


### केरल की कारस्तानी

**केरल**, जो सर्वाधिक कोरोना-ग्रस्त प्रदेश है, की सरकार ऐसी एकमात्र सरकार है, जिसने पिछले 5 मास में 3 बार दावा किया। कि उसने कोविड पर विजय प्राप्त कर ली है, किन्तु राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के अनुसार आज भी कोविड के सर्वाधिक सक्रिय केस केरल में ही हैं। वहां गत 3 सप्ताह में संक्रमण की वृद्धि दर 1.40 प्रतिशत बढ़ी है। 6 जिलों में संक्रमण 10 प्रतिशत से भी अधिक है। केरल में देश की केवल 2.6त्न आबादी रहती है, और कुल राष्ट्रीय कोविड मोतों का 32 प्रतिशत वहीं है। वहां अस्पतालों में जगह नहीं है। लोग बरामदों, गलियारों और बाहरी मैदानों में जमीन पर पड़े हुए बिना डॉक्टर, बिना नर्स और बिना इलाज भगवान को प्यारे हो रहे हैं। इन सबके बावजूद विजयन सरकार ने ईद पर लोगों को खुली छूट दे दी। और जब इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने उसे लताड़ लगाई तो बेशर्म सरकार ने अपने कदम को उचित ठहराया। किसी भाजपा-शासित राज्य में कोविड के कारण केरल जैसी दुर्दशा हुई होती तो पूरा मीडिया उसके पीछे पड़ गया होता।

– **अजय मित्तल**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैंने** असम पुलिस को मिजोरम से राज्यसभा के सम्माानित सदस्य, वनलावेना, के खिलाफ प्राथमिकी वापस लेने का निर्देश दिया है।

– **हेमंत बिस्वा सरमा**
असम के मुख्यमंत्री



**तालिबानी** लड़ाकों में कौन सा बदलाव आया है? वे अधिक क्रूर, अधिक दमनकारी और अधिक गैर-मुसलमान बन गए हैं।

– **अशरफ गनी**
अफगानिस्तान के राष्ट्रपति



**भाजपा** का अंत निकट है और जो लोग पार्टी मुख्यालय पर बुरी नजर डाल रहे हैं वे वर्ली के गटरों में गोते लगाते पाएं जाएंगे।

– **उद्धव ठाकरे**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

# आरटीआई की सूचना नहीं देने पर हाईकोर्ट ने फटकारा

## पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने भिवानी नगर परिषद के अधिकारियों को लगाई कड़ी फटकार

### दोषियों के खिलाफ दंडनात्मक कार्रवाई के दिए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**भिवानी** नगर परिषद की विवादित कार्यशैली पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी के साथ आरटीआई की सूचना नहीं देने पर नप अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है।

हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए शहरी विकास एवं निकाय विभाग के मुख्य सचिव को भिवानी नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय यादव, निवर्तमान सचिव राजेश महता, सेवानिवृत्त कर्मचारी कंवरसेन के खिलाफ सर्विस रूल के तहत अनुशासनात्मक एवं दंडनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं। हाई कोर्ट की सख्ती के बाद भिवानी नगर परिषद ने जवाब दिया कि एक सप्ताह के अंदर आरटीआई




कार्यकर्ता को संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिस पर हाई कोर्ट ने एक सप्ताह के भीतर जवाब देने के आदेश दिए हैं। भिवानी निवासी साधुराम ने नगर परिषद से 26 फरवरी 2016 को अपने प्लाट की असेसमेंट व अन्य जानकारी जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी थी।

जिस पर नगर परिषद की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद साधुराम ने राज्य सूचना आयोग में प्रथम और द्वितीय अपील भी लगाई। राज्य सूचना आयोग ने भी दो बार नप अधिकारियों को नप अधिकारियों को सूचना देने के आदेश दिए। आरटीआई कार्यकर्ता को चार हजार रुपये हर्जाना देने के भी आदेश दिए थे। लेकिन राज्य सूचना आयोग के दोनों ही आदेशों पर नप अधिकारियों ने कोई सकारात्मक रुख नहीं दिखाया। जिसके बाद साधुराम स्वास्थ्य शिक्षा सहयोग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बृजपाल सिंह परमार से मिला। परमार ने आरटीआई कार्यकर्ता साधुराम की अधिवक्ता अभिनव अग्रवाल के माध्यम से 2 अगस्त को हाई कोर्ट में याचिका डलवाई। हाई कोर्ट ने 3 अगस्त को इस मामले में सुनवाई करते हुए तलख टिप्पणी की।

## श्रीश्याम ताली कीर्तन आयोजित

**थानेसर।** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा नया बस स्टैंड के शिव मंदिर में 271वां श्रीश्याम ताली कीर्तन किया गया। श्याम प्रेमी अजय गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम में गायक हर्ष गोयल सहित श्याम प्रेमियों ने बारी-बारी से भजन सुनाए। खाटू श्याम कथा में बताया गया कि खाटू श्यामजी हारे के सहारे के नाम से जगत में विख्यात हैं। श्याम आरती में मोहित तायल, अनिल मित्तल, गौरव गुप्ता, संजय चौधरी, सुमित सिंगला, योगेंद्र अग्रवाल, अजय गुप्ता, आशीष गोयल, सुरेंद्र काठपाल और अन्य शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### क्षत्रिय समाज के महापुरुषों के इतिहास को सुधारा जाए : पुष्पा



**भिवानी।** भाजपा नेत्री पुष्पा कौशिक ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत बूथ नं. 76 व 78 में कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए कहा कि पुराने समय में क्षत्रिय समाज ने इस देश के आत्मसम्मान के लिए लड़ाई लड़ कर अपनी कुर्बानियां दी हैं लेकिन उनके इतिहास के साथ न्याय नहीं किया गया। अनेक महापुरूषों के इतिहास को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया है जोकि उनकी कुर्बानी का अपमान है। सरकार को इसमें हस्तक्षेप करते हुए उनके इतिहास को ठीक करना चाहिए। सर्व समाज एकता की संयोजक व भाजपा नेत्री ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने 37 पैसे प्रति यूनिट बिजली दर घटाकर बहुत अच्छा कार्य किया है क्योंकि इससे पहले की सरकारों ने बिजली विभाग को घाटे में चला रखा था लेकिन भाजपा ने जनता का समर्थन व सहयोग मांग कर बिजली विभाग को मुनाफे में लेकर आई है और इसीलिए सरकार बिजली दरों में कुछ घटा पाई है। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश की जनता के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार महिलाओं के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। जिसमें कई योजनाएं बड़ी महत्वपूर्ण है। इसके लिए महिलाओं को जागरूक भी किया। कौशिक ने कहा कि शहर के हर वार्ड व हर बूथ पर जाकर वे संगठन को मजबूत करने का काम करेंगी।

### उपायुक्त ने परखीं सामान्य अस्पताल की व्यवस्थाएं



**भिवानी।** उपायुक्त जयबीर सिंह आर्य ने चौधरी बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में स्थापित किए जा रहे ऑक्सीजन प्लांट के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त राहुल नरवाल और एसडीएम संदीप कुमार भी साथ थे। उपायुक्त ने गायनी वार्ड, नीकू वार्ड और आईसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कोविड की तीसरी लहर की संभावना के चलते अस्पताल में किए सैंट्रल गैस पाइप लाइन लगाने के कार्य में तेजी लाई जाए। इसी प्रकार से उन्होंने आईसीयू वार्ड में भी कार्य को शीघ्र संपन्न करने के निर्देश दिए। निर्देश दिए कि आईसीयू में बैड की संख्या 28 से बढ़ाकर 50 की जाए ताकि उपचार में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि अस्पताल में जहां-जहां भी फाल सिलिंग गिरी हुई है, उसको तुरंत प्रभाव से ठीक करवाया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि नीकू वार्ड सहित अन्य वार्डों में वेंटीलेशन सही ढंग से होना चाहिए।

### अन्नोत्सव योजना में थैलों में मिलेगा राशन

**भिवानी।** प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के तहत ही अब अन्नोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस योजना के तहत 18 व 19 अगस्त को जन वितरण प्रणाली के तहत आने वाली प्रत्येक राशन की दुकानों पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बीपीएल, एएवाई और प्राथमिक परिवार की श्रेणी में आने वाले हर पात्र व्यक्ति को बाकायदा थैलों में राशन दिया जाएगा। इस बारे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से निर्देश दिए कि लाभार्थियों को थैलों में राशन दिया जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति राशन से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन वितरण कोविड-19 की गाइड लाइन की पालना के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य हर गरीब व्यक्ति को राशन मुहैया करवाना है। सरकार का प्रयास है कि हर गरीब व्यक्ति के परिवार का पालन-पोषण आसानी से हो। वीसी के दौरान उपायुक्त जयबीर सिंह आर्य ने मुख्यमंत्री को जानकरी देते हुए बताया कि जन वितरण प्रणाली के तहत उपभोक्ताओं को सरकारी दरों पर राशन उपलब्ध करवाने के लिए भिवानी जिला में कुल 461 डिपू संचालित हैं।

### मानसून होता है जल भंडारण और पौधरोपण का अवसरः डॉ टाया



**कुरुक्षेत्र।** जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग वासो से ब्लॉक रिसोर्स कोआर्डिनेटर डॉ सतविन्द्र टाया ने कहा कि मानसून के दिनों में आकाश से बरसने वाला पानी मनुष्य को अपने जल भंडारण समृद्ध करने का अवसर देता है इसलिए मानसून एक अवसर है। हमारे देश में हर साल औसतन एक सो पच्चीस सेंटीमीटर बारिश होती है इसमें से पचहतर प्रतिशत बारिश जून से सितंबर तक रहने वाले दक्षिण पश्चिम मानसून के कारण होती है। टाया ने अतीत में जाते हुए कहा कि प्राचीन काल में प्राचीन काल में पानी के प्रवाह के मार्ग में तालाब कुओं या बावड़ियों का निर्माण करवा दिया जाता था ताकि बरसात का पानी को जल संसाधन अपने चुल्लू में समेट लें मानसून एक अवसर देता है कि हम आने वाली पीढ़ियों की जरूरत के प्रति संवेदनशील हों।

# खालिस्तानी मुहिम चलाने वालों की जगह हो जेल या गोली : शांडिल्य


## मां का दूध पीया है तो हरियाणा बनेगा खालिस्तान की बात पन्नू भारत में आकर करें

### खट्टर को तिरंगा ना लहराने देने की धमकी वालों को एंटी टैरेरिस्ट फ्रंट ने दी खुली चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**एंटी** टैरेरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने खालिस्तानी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत के प्रधानमंत्री से मांग की कि 370 की तरह खालिस्तान के खिलाफ भी बड़ा व सख्त फैसला लेने की जरूरत है। जो कट्टरपंथी ताकतें खालिस्तान की बात करती हैं, उनका इलाज जेल या गोली होना चाहिए।

एंटी टैरेरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय



अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को 15 अगस्त को तिरंगा ना लहराने की धमकी देने वाले खालिस्तानियों को पाकिस्तान, पाकिस्तान की आईएसआई और पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों का एजेंट बताया। उन्होंने कहा कि अब खालिस्तान की बात करने वालों पर सरकार को अपनी चुप्पी तोड़नी होगी। वीरेश शांडिल्य ने खालिस्तान को ललकाते हुए कहा कि 12 अगस्त को हिमाचल-पंजाब सीमा पर एंटी टैरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के सदस्य उस भारतीय तिरंगे को लहराएंगे, जिसे पाने के लिए भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव, रामप्रसाद बिसमिल, मदन लाल ढींगरा, अशफाक उल्ला खान जैसे शूरवीरों ने फांसी के फंदे चूमे हैं।

अगर खालिस्तानियों ने अपनी मां का दूध पिया तो सीएम हरियाणा व हिमाचल को क्या हमें रोक कर देख लें। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि खुफिया एजेंसियों को सतर्क होना होगा। जिस गाड़ी पर खालिस्तान की बात करने वाले जरनैल सिंह भिंडरावाले के पोस्टर व झंडे होंगे। उस गाड़ी को स्थाई तौर पर जब्त किया जाए। गाड़ी के मालिक के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया जाए। शांडिल्य ने कहा कि अब वह खालिस्तान के खिलाफ पूरे देश में मुहिम छेड़ेंगे। जारी में बयान उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को यूके कनैडा में बैठकर खालिस्तान की मुहिम चलाने वाले पाकिस्तान की आईएसआई एजेंट गुरपतवंत सिंह पुन्नू का भी पुतला जलाएंगे। एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा अगर सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत पन्नू में दम है तो भारत में आकर खालिस्तान बनाने की बात करें और तिरंगा न फहराने की धमकी दें तो उसकी औकात बता दी जाएगी। उन्होंने कहा सिख फॉर जस्टिस की धमकी के बाद पूरे हिमाचल वासियों को 15 अगस्त को अपने घरों के ऊपर व अपने मोहल्ले-कॉलोनी में तिरंगा फहराना चाहिए।

# 2024 तक बनाएंगे रोजगार युक्त हरियाणा-बेरोजगार मुक्त हरियाणा: मनोहर लाल



पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**अन्नपूर्णा** उत्सव एवं मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि 2024 तक प्रदेश को रोजगार युक्त हरियाणा-बेरोजगार मुक्त हरियाणा बनाएंगे।

उद्देश्य की पूर्ति में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना बेहद कारगर साबित होगी, जिसके तहत अति गरीब परिवारों की पहचान की जा रही है। चिन्हित परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने व रोजगार देने की दिशा में प्रभावी प्रयास किये जायेंगे। शुरुआती चरण में एक लाख परिवारों की पहचान की जाएगी।

मुख्यमंत्री खट्टर विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से बुधवार की सुबह जिला उपायुक्तों की बैठक लेते हुए अन्नपूर्णा उत्सव के आयोजन व मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा कर रहे थे। उपायुक्त ललित सिवाच ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिया कि सभी दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना के साथ योजनाओं को सफल बनाया जाएगा। विडियो कान्फ्रेंस के उपरांत संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए सिवाच ने कहा कि 18 व 19 अगस्त को जिला में अन्नपूर्णा उत्सव मनाया जाएगा।

## लिपिकों की समस्याओं का शीघ्र हो समाधान अन्यथा होगा आंदोलन

**भिवानी।** भाजपा, जजपा गठबंधन सरकार मानवविहीन कार्यालय स्थापित कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ के पदों को समाप्त करने की साजिश रच रही है। लिपिकों की समस्याओं का शीघ्र हो समाधान, अन्यथा आंदोलन होगा।

कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर में दूरदराज स्थानांतरित का समायोजन, वरिष्ठता सूची अपडेट, लिपिकों का वेतन 35400, पुरानी पेंशन बहाली, खाली पदों पर भर्तियां व पदोन्नतियां, एसीपी मामलों का निपटान, एसईटीसी के स्थान पर विभागीय रिफ्रेसर कोर्स, वर्क लोड के अनुसार नए पद व सेवा नियम, एसीपी प्रमोशनल पद अनुसार, उच्च योगयता प्राप्त लिपिकों को शिक्षक के पद पर समायोजित करने आदि मांगों को लागू करवाने के लिए आंदोलन होगा।

## सीबीएलयू की ऑफलाइन परीक्षा के विरोध में दिया ज्ञापन

पायनियर समाचा सेवा। भिवानी

**चौधरी** बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों की ऑफलाइन परीक्षा करवाई जाने के विरोध में छात्रों ने कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए सभी परीक्षाएं ऑनलाइन करवाने की मांग की है।

इसको लेकर धर्मसेना आईटी सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप काटिया व छात्र नेता प्रवीण गोलागढ़ की अध्यक्षता में सीबीएलयू के गेट पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद वीसी प्रो. राजकुमार मित्तल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सभी परीक्षाओं ऑनलाइन किया जाए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन परीक्षा से बच्चे कोरोना महामारी से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑनलाइन हुई हैं। इसी प्रकार द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की भी परीक्षाएं ऑनलाईन तरीके से करवाई जाएं। जिससे सभी विद्यार्थी कोरोना के दुष्प्रभाव से बच सके। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि रिअपीयर रिजल्ट की त्रुटियों को ठीक किया जाए, रि अपीयर फॉर्म भरने की तिथि को आगे बढ़ाया जाए तथा बस पास को रिन्यू किया जाए ताकि बढ़ती महंगाई में विद्यार्थियों पर अतिरिक्त भार ना पड़े।

उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वे विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके साथ मिलकर अनिश्चितकालीन आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

## तिरंगा यात्रा में महिलाओं की होगी अहम भागेदारी: बबीता तंवर

### शहीदों के सम्मान में सात को निकलेगी विधायक के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**भाजपा** महिला मोर्चा की बैठक का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष बबीता तंवर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मोर्चा की जिला प्रभारी हेमलता तंवर मुख्यरूप से उपस्थित रही।

बैठक में तिरंगा यात्रा और तीज महोत्सव को लेकर विचार विमर्श किया गया। महिलाओं को जिम्मेवारी भी



सौंपी गई। जिला अध्यक्ष बबीता तंवर ने बताया कि शहीदों के सम्मान में 7 अगस्त को विधायक घनश्याम सर्राफ की अध्यक्षता में शहर में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि यह तिरंगा यात्रा प्रात: 10 बजे वैश्य कॉलेज के सामने स्थित लाला लाजपतराय चौक से आरंभ होगी जो पूरे शहर में निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा में महिलाओं की अहम भागेदारी होगी। उन्होंने बताया कि 8 अगस्त को हांसी स्थित शकुंतला गार्डन में प्रात: 10 बजे भाजपा महिला मोर्चा द्वारा तीज उत्सव कार्यक्रम होगा।

## भिवानी की जनता मिल रही बदबूदार पेयजलापूर्ति

### कोरोना काल में दूसरी बड़ी बीमारियां फैलने की है आशंका

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**इन** दिनों भिवानी शहर के लोग पीने के गंदे पानी की स्पलाई से परेशान हैं। शहर का कोई ही ऐसा क्षेत्र होगा, जंहा बदबूदार गंदा पानी न आता हो? सोशल मीडिया पर भिवानी शहर में पीने के गंदे पानी की सप्लाई का मुद्दा छाया हुआ है, परन्तु विभाग को इसकी कोई परवाह नहीं है।

जब लोग इकट्ठे होकर शिकायत करने जाते हैं तो अधिकारियों के पास समाधान की बजाए आश्वासन होते हैं। दूसरी ओर शहर में लोगों को पेट और त्वचा सम्बंधी बीमारियों की शिकायत बढ़ रही हैं। पेट में इंफेक्शन के केसों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है, परन्तु विभाग और प्रशासन चुपी साधे हुए हैं। वास्तव में पीने के गंदे पानी की समस्या कोई नई बात नहीं है। ये समस्या पिछले कई सालों से चली हा रही है। इस बारे के जानकार बताते हैं कि भिवानी में पीने के पानी की सप्लाई की लाइन सिवरेज डाले जाने से बहुत पहले डाली जा चुकी थी फिर जब चौधरी बंसीलाल के शाससनकाल में सीवरेज डाले गए तो पानी सप्लाई की लाइन नीचे दब कर रह गई। इतना ही नहीं शहर की बंद गली या कुछ घरों की गलियों में पानी के कनेक्शन टी-प्वाइंट बना कर दिए गए। बड़ी मेन लाइन में से छोटे चार इंच के पाइप डाल कर कनेक्शन दे दिए गए। इत्तफाकन जहां ये टी-प्वाइंट थे, वहीं इनके उपर सिवरेज के मेनहॉल बना दिए गए। दशकों बीत जाने के बाद पानी की लाइन के पाइप जर्जर हो गए। दूसरी ओर सीवरेज के मेनहॉल भी दरकने लगे तो उनमें पानी रिसने लगा। अब सीवरेज का यह पानी वाटर लाइन पर जाने लगा।




# किसान महापंचायत ने किया आंदोलन तेज करने का निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**हरियाणा** बिजली वितरण व प्रशासन के खिलाफ विरोध जताते हुए पिछले 49 दिनों से गांव निमड़ीवाली में धरने पर बैठे किसानों को तेवर अब तीखे नजर आने लगे हैं। किसानों ने कंपनी व प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ अपना विरोध तेज करने का निर्णय ले लिया है। जिसके तहत बुधवार को गांव निमड़ीवाली में किसान महापंचायत आयोजित हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि यदि किसान की जमीन पर बिना मुआवजा दिए टॉवर लगाए गए किसान भी



आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे। बता दें कि हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिना मुआवजा दिए किसानों के खेतों में जबरदस्ती बिजली के टॉवर लगाए जा रहे है, जिसके विरोध में गांव निमड़ीवाली में किसान पिछले 49 दिनों से धरने पर बैठे है। वहीं पिछले नौ दिनों से किसान राकेश आर्य, वीरभान गिल व करतार गिल आमरण अनशन पर बैठे है तथा संकल्प लिए हुए है कि जब तक किसानों को मुआवजा नहीं दिया जाएगा, वे अन्न-जल ग्रहण नहीं करेंगे। हालांकि आमरण अनशन पर बैठे किसानों की सेहत दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है।

इसी के विरोध में बुधवार को गांव निमडीवाली में किसान महापंचायत आयोजित हुई, जिसमें पंचायत ने आंदोलन को तेज करने का फैसला लिया गया है। बुधवार को धरने की अध्यक्षता रघुबीर बोहरा, उमेद फौगाट, रघुबीर गिल, ओंकार सिंहमार ने संयुक्त रूप से की।

## राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के चेयरमैन के विरोध पर बिफरे अनुसूचित जाति के लोग

**भिवानी।** राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के चेयरमैन विजय सांपला का बीती 31 जुलाई को सिरसा कार्यक्रम के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने संयुक्त किसान मोर्चा की आड़ में विरोध जताया। इसी के विरोध में आज बुधवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अनुसूचित जाति के चेयरमैन के विरोध जताने पर कहा कि आयोग के अध्यक्ष का पद भारतीय संविधान के अनुसार पूरे देश के अनुसूचित समाज की समस्याओं के निराकरण के लिए बनाया गया है। इस किसानों की आड़ में किसी का विरोध करना सरासर अलोकतांत्रित तरीका हैं। मीटिंग की अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनमोहन भुरटाना ने की। विशेष रूप से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजेंद्र बडगुजर उपस्थित रहे।

## मानेसर में जीनेक सीटिंग ने पेश किया फर्नीचर का विशाल रेंज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फर्नीचर** किसी के भी घर की शान होती है। अब इस सेगमेंट में नई तकनीक का उदय हो चुका है। जीकेन सीटिंग कलेक्शन ने मानेसर में अपने दूसरे शोरूम और तीसरे संयंत्र के लिए दरवाजे खोले। आईएमटी सेक्टर-5, मानेसर, गुरुग्राम में इसका उद्घाटन जीकेन सीटिंग कलेक्शन के प्रबंध निदेशक केदार नाथ पांडेय ने किया। नए जीकेन स्टोर में घरेलू और ऑफिस स्टील उत्पादों की विशाल रेंज प्रदर्शित की गई है। मानेसर में यह कंपनी की दूसरी डिस्प्ले गैलरी है।

एमडी ने सभा को संबोधित किया और भारत में कंपनी की विस्तार योजनाओं को साझा किया। इस अवसर पर पूरे भारत के व्यापारिक सहयोगियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। घर और कार्यालय की साज-सज्जा की सभी जरूरतों के लिए आपका विश्वसनीय भागीदार होने के लिए प्रतिबद्ध, अब इसके पूरे भारत में 350 से अधिक स्टोर हैं। आरवीडी बिजनेस कंसंल्टिंग के मुख्य सलाहकार रंजीत डोगरा ने कहा कि फर्नीचर की दुनिया में उच्चतम वैश्विक मानकों के लिए प्रयास करते हुए, हम रणनीतिक कार्यान्वयन और व्यापार संचालन को सुव्यवस्थित करने को नई तकनीकों को अपनाएंगे।

डेटा समर्थित रणनीतियों और एक कायाकल्प वाली ई कामर्स वेबसाइट के साथ फर्नीचर की खोज को आसान और सुखद बना देगा। ग्रुप नेशनल हेड मनमीत सिंह ने कहा कि अब हमारे पास 500 करोड़ के अपने मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए एक मजबूत नींव है। अपनी अत्याधुनिक विनिर्माण तकनीक और श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ उत्पादों के साथ, कंपनी ने स्टील अलमीरा, स्टील किचन, फाइलिंग कैबिनेट, लैब टेबल, अस्पताल फर्नीचर सहित कार्यालय फर्नीचर खंड में पहला नंबर हासिल करने में कामयाबी हासिल किया है।

महाराज अग्रसेन के सिद्धांतों पर आधारित कहानी

## 'घर एक मंदिर-कृपा अग्रसेन महाराज की' एण्डटीवी पर!

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद/रोहतक।

**अपने** दर्शकों के लिये अद्भुत और मनोरंजन से भरपूर कहानियां पेश करने के प्रयासों की कड़ी में इस बार एण्डटीवी लेकर आया है अपना नया फिक्शन शो घर एक मंदिर-कृपा अग्रसेन महाराज की। इस शो को जी स्टूडियोज ने प्रोड्यूस किया है, जिसमें कई बेहतरीन कलाकार अपने अभिनय का जलवा बिखेरते नजर आयेंगे।

इसमें गेंदा के रूप में श्रेणू पारीख, कुंदन अग्रवाल के किरदार में साई बल्लाल, अग्रसेन महाराज के रूप में समीर धर्माधिकारी, गेंदा के पति वरुण अग्रवाल के रूप में अक्षय म्हात्रे, मनीष अग्रवाल के किरदार में विशाल नायक, निशा अग्रवाल के रूप में केनिशा भारद्वाज, संतोष की भूमिका में यामिनी सिंह और अनुराधा अग्रवाल के रूप में अर्चना मित्तल जैसे एक्टर्स शामिल हैं! इस शो का प्रीमियर एण्डटीवी पर 10 अगस्त, 2021 को रात 9 बजे होगा इसका प्रसारण हर सोमवार से शुक्रवार किया जायेगा।

इस कहानी में महाराज अग्रसेन के मुख्य सिद्धांतों को उनकी परम भक्त और शो की नायिका गेंदा के नजरिये से दिखाया गया है। गेंदा साधारण परिवार की एक आज्ञाकारी लडकी है, जिसकी शादी एक व्यापारी परिवार में हो जाती है। इस कहानी में महाराज अग्रसेन और उन पर अटूट आस्था रखने वाली उनकी भक्त के बीच के खूबसूरत रिश्ते को दर्शाया गया है। वह उन्हें अपना विचारक, मार्गदर्शक और सखा मानती है। जीवन में गेंदा को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन महाराज अग्रसेन के विचारों से प्रेरणा लेकर वह उन मुश्किलों से लड़कर उभरती है। यह शो आस्था, परिवार और जीवन की दिल छू लेने वाली दिलचस्प कहानी लेकर आया है। इस शो के बारे में विष्णु शंकर, बिजनेस हेड, एण्डटीवी ने कहा, इस चुनौतीपूर्ण समय में हमें आगे बढने में जो चीज मदद करती है वह हैं हमारे सिद्धांत, हमारी धारणायें और सबसे महत्वपूर्ण हमारा परिवार।

# 'मुख्यमंत्री अन्त्योदय परिवार उत्थान योजना' के लिए मोबाइल एप लांच

## मुख्यमंत्री ने किया वेब पोर्टल लांच, छह विभागों की संयुक्त टीमें संवाद कर करेंगी योजनाओं का चयन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को अति गरीब परिवारों के उत्थान के लिए 'मुख्यमंत्री अन्त्योदय परिवार उत्थान योजना' के एप एवं वेबपोर्टल का शुभारंभ किया।

इस योजना के तहत छह विभागों की संयुक्त टीमें अत्योदय परिवारों के साथ संवाद करके उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए योजनाओं का चयन करेंगी। इस कार्य को क्रियान्वित करवाने के लिए इस एप का प्रयोग किया जाएगा।

इस एप के माध्यम से परिवारों की आय के सर्वे का डाटा अपडेट होगा और पात्र परिवारों की आमदनी को बढ़ाने के लिए छह विभागों की संयुक्त टीमें काम करेंगी।

मनोहर लाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य अति गरीब परिवारों का आर्थिक उत्थान करना है इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना शुरू की गई है। इस में परिवार पहचान पत्र योजना के माध्यम से अति गरीब परिवारों की पहचान की जा रही है। हमारा ध्येय है कि इस वर्ष प्रदेश के एक लाख अति गरीब परिवारों की पहचान कर उनकी आमदनी सालाना एक लाख करने के उपाय करने हैं। इस योजना के तहत, कौशल विकास, स्वरोजगार और वेतन रोजगार सृजन के उपायों का एक पैकेज अपनाया जाएगा ताकि अंत्योदय परिवारों की न्यूनतम वार्षिक आय शुरू में 1.00 लाख रुपये और बाद में 1.80 रुपये लाख तक प्रति वर्ष करने के उपाय किये जाएंगे।

### जिला इकाई के सदस्यों का किया फूलमालाओं से स्वागत

**रेवाड़ी।** हरियाणा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक परिषद का चौथी बार प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर आज जिला इकाई ने खुशी राम शर्मा का जोरदार स्वागत किया।

शर्मा ने जहां सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का आभार जताया तथा पूर्व की तरह संगठन को मजबूती प्रदान करने का विश्वास दिलाया। सोनीपत के सुभाष नगर के सामुदायिक केंद्र में प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष हवा सिंह बहोत की अध्यक्षता में आयोजित हरियाणा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक परिषद के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन में संस्था का त्रिवार्षिक चुनाव कराया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सभी कर्मचारी छह अगस्त को पंचकूला चलें : विनोद शर्मा



**सोनीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच पब्लिक हेल्थ शाखा सोनीपत का संगठन शिष्टमंडल 06 अगस्त को कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने को लेकर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन में शामिल होने के लिए, बुधवार को प्रदेश और ब्रांच सचिव विनोद शर्मा के नेतृत्व में प्रत्येक कर्मचारियों से साइडों पर व घर जाकर मिला। कर्मचारियों को मांगों को लेकर 06 अगस्त को पंचकूला में सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन में पहुंचने का आह्वान किया। बुधवार को दौरे पर ब्रांच प्रधान धूप सिंह लाकड़ा, प्रदेश और ब्रांच सचिव विनोद शर्मा, ब्रांच कोषाध्यक्ष सुरेश नैयर, ब्रांच उपप्रधान शंभू कुमार ने आपीएस ककरोई चौक, मुखी अस्पताल बूस्टिंग स्टेशन, मुरथल चौक पब्लिक हेल्थ स्टोर, सिविल अस्पताल, हुडा जनस्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के धरने को समर्थन देते हुए कमासपुर ट्यूबवेल, किशोरा ट्यूबवेल, मुरथल वाटर वर्क्स, सेक्टर 23 जलघर आदि शहर और गांवों में कार्यरत कर्मचारियों से मिला। जिसमें मुख्य रूप से नरेश शर्मा, राजू, जितेंद्र, पवन, सुमित, महेंद्र सारसर, अनिल भाटिया, रोहतास कुमार, जयगोपाल, इंद्रजीत, जगदीश, सुरेश शर्मा, चिरंजीवी, राजबीर टांक, भगवान सिंह, रामनारायण, सोनू, राजबीर शर्मा, रामेश्वर, सतबीर आदि कर्मचारियों से पंचकूला चलने का आह्वान किया।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाएंगे: उपायुक्त

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने इस दौरान जानकारी दी कि पुलिस लाइन में जिला स्तर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके लिए प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना की जाएगी। उन्होंने मांग की कि समारोह में आम जन की प्रतिभागिता में वृद्धि के लिए अनुमति प्रदान करें। समारोह की तैयारियों जोरों पर हैं, जिसको लेकर विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। हरियाणा के मुख्य सचिव विजयवर्द्धन वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी दी कि प्रदेश में 7-8 अगस्त को पुरूष सिपाहियों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें लाखों की संख्या में परीक्षार्थी शामिल होंगे। हर जिले में हजारों की संख्या में परीक्षार्थी आयेंगे। जिसके लिए हर प्रकार के प्रबंध पूर्ण करें। इसके उपरांत 28 अगस्त को महिला सिपाहियों की भर्ती में लगभग 2 लाख 57 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगी। जबकि सब-इंस्पेक्टरों की भर्ती में भी करीब ढ़ाई लाख महिला-पुरुष अभ्यार्थियों के शामिल होने की संभावना है। उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि इसके लिए तैयारियां जारी हैं। विडियो कान्फ्रेंस के दौरान जानकारी दी गई कि नये मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगियों (सीएमजीजीए) ने ज्वाईन कर लिया है, जिनको ट्रेनिंग जारी है।

### आयुष विवि और दिव्य पर्यावरण संरक्षण समिति ने बांटे पौधे

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्णा आयुष विवि और दिव्य कुरुक्षेत्र पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा बुधवार को सामूहिक रूप से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दूरवर्ती शिक्षा निदेशालय के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। कर्मचारियों को अमृत बेल, गिलोय, लेमन ग्रास और गुलमोहर के 150 से अधिक औषधीय पौधे वितरित किये। इस अवसर पर कुवि सहायक कुलसचिव व दिव्य कुरुक्षेत्र पर्यावरण संरक्षण समिति के संयोजक जितेंद्र जांगड़ा, डॉ. कुलदीप, डॉ. सुनील भारती सहित राखी, मोनिका, सचोलना, राजेश, प्रिंस व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कुवि सहायक कुलसचिव व दिव्य कुरुक्षेत्र पर्यावरण संरक्षण समिति के संयोजक जितेंद्र जांगड़ा ने श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बलदेव कुमार धीमान का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि आयुष विश्वविद्यालय जिले में औषधीय पौधे बांटकर सराहनीय काम कर रहा है। कोविड-19 महामारी में भी लोगों का आयुर्वेद में विश्वास बढ़ा है। यदि आयुर्वेदिक पद्धति के अनुसार लोग अपने जीवन का निर्वहन करते हैं तो निश्चित ही बड़ी से बड़ी महामारी से लड़ने में देश के नागरिक सक्षम बनेंगे। जितेंद्र जांगड़ा ने कहा कि आगे हमारा लक्ष्य है विश्वविद्यालय में औषधीय पौधे लगाने का है। इसके लिए आयुष विश्वविद्यालय से मांग की गई है। कर्नल एसएन शर्मा, सहायक कुलसचिव श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय ने कहा कि वर्ष में 50 हजार पौधे वितरण का विश्वविद्यालय द्वारा लक्ष्य लिया गया है। अब तक 8 हजार से अधिक पौधे जिले में बांटे जा चुके हैं। गिलोय, तुलसी, लेमन ग्रास और गुलमोहर औषधीय पौधे घर-घर पहुंचे इसके लिए विश्वविद्यालय प्रयासरत है।

परिवार पहचान पत्र बनाते समय हुआ बड़ा खुलासा

# हरियाणा में 88 हजार आयकर दाता ले रहे गरीबों की योजनाओं लाभ

## सीएम मनोहर लाल ने दिए सभी विभागों को रिव्यू करने के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** सरकार के परिवार पहचान पत्र प्रोजेक्ट के दौरान प्रदेश में 88 हजार ऐसे गरीब मिले हैं, जो आयकर अदा करने के बावजूद सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। हरियाणा सरकार द्वारा इन दिनों परिवार पहचान पत्र बनाए जा रहे हैं। हरियाणा की आबादी करीब पौने तीन करोड़ है। इनमें 11 लाख लोग ऐसे हैं, जो इनकम टैक्स भरते हैं।

केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ के लिए प्रदेश सरकार ने 54 लाख परिवारों के परिवार पहचान पत्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए सरकार ने नागरिक संसाधन विभाग का अलग से गठन कर रखा है। आधे लोगों के परिवार पहचान पत्र बन चुके हैं, जबकि बाकी के लिए प्रक्रिया जारी है। सरकार करीब एक लाख ऐसे लोगों की पहचान कर रही है, जिनकी आय एक लाख रुपये सालाना से कम है, ताकि उनकी आय में बढ़ोतरी की जा सके।

हरियाणा सरकार ने जब केंद्र से उपलब्ध हुए आयकरदाताओं की सूची का परिवार पहचान पत्रों में दर्ज कराई गई लोगों की आय से मिलान किया तो 88 हजार लोग सामने आ गए, जो गरीबी की श्रेणी में नहीं आते हैं। यह लोग बरसों से नियमित रूप से अपनी इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) दाखिल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य के साढ़े 15 लाख किसानों को छह हजार रुपये का लाभ दिया जाना है।

प्रदेश में 41 हजार ऐसे लोगों की भी पहचान की गई है, जिन्होंने खुद को किसान के रूप में पेश किया और केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि हासिल कर ली। प्रदेश सरकार चाहे तो केंद्र सरकार इन लोगों को यह राशि वापस ले सकती है, लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वसूली की बजाए भविष्य में इन्हें सरकारी योजना का लाभ नहीं देने के निर्देश जारी किए हैं। संबंधित विभागीय अधिकारियों को 41 हजार कथित किसानों के नाम सूची से बाहर करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर से अनुरोध किया है कि अब इन किसानों से यह पैसा वापस न लिया जाए, लेकिन भविष्य में दिए जाने वाले लाभ की सूची से इनका नाम हटा दिया जाए।



# हरियाणा के बाजारों में बढ़ाई जाए सुरक्षा : मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को बाजारों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास पर जनता दरबार दौरान प्रतिनिधिमंडलों की शिकायतें सुनीं। मौके पर ही उनके निवारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनता दरबार के दौरान स्वर्णकार संघ जींद के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष बाजारों में अपने कारोबार की सुरक्षा को लेकर मांग रखी। जिस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर स्वर्णकार बड़ी रकम एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं तो सुरक्षा प्रदान की जाएं ताकि बाजारों में लूट जैसी अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम की जा सके। इस दौरान हरियाणा के गोस्वामी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष केंद्र में ओबीसी कैटेगरी में डलवाने को अपनी मांग रखी। जिस पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को केंद्र सरकार को एक पत्र लिखने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव महावीर सिंह, टाउन कंट्री प्लानिंग एंड अर्बन एस्टेट्स विभाग के प्रधान सचिव एके सिंह, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव कृष्ण बेदी, मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# विकास मंच ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया 7वां स्थापना दिवस

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**सामान्य** वर्ग के निर्धन एवं मेधावी बच्चों को शिक्षा मे आर्थिक सहायता करने वाली शाहबाद की एकमात्र सामाजिक संस्था ने अपना 7वां स्थापना दिवस श्रीगुरु नानक प्रीतम गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मनाया। सर्वप्रथम मंच के पदाधिकारियों ने स्कूल स्टाफ के साथ ब्रह्म डैंक के पांच पौधे रोपित कर पौधारोपण किया।

इसके बाद स्कूल में उपस्थित 100 बच्चों के साथ केक काट कर मंच के सदस्यों ने अपना 7वां स्थापना दिवस मनाया। मंच सदस्यों ने सभी बच्चों को केक, पेस्ट्री, बिस्कुट एवं चाकलेट आदि भी वितरित किए। मंच के चेयरमैन अशोक खुराना ने बताया कि सात वर्ष पूर्व आज के दिन शाहाबाद विकास मंच की स्थापना की गई थी। मंच का मुख्य उद्देश्य सामान्य वर्ग के निर्धन एवं मेधावी बच्चों को शिक्षा मे आर्थिक सहायता करना है। मंच पिछले 7 वर्षों से लगभग 46 निर्धन बच्चों को शिक्षा के लिए गोद ले चुका है।

### जिला बार एसोसिएशन ने लगवाया वैक्सीनेशन कैंप

**कुरुक्षेत्र।** जिला बार एसोसिएशन, कुरुक्षेत्र द्वारा 11वां कोरोना वैक्सीनेशन कैंप लगवाया गया। जिसमें लगभग 320 लाभार्थियों ने वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज लगवाई। जिसमें बार एसोसिएशन के प्रधान गुरतेज सिंह सेखों, सेक्रेटरी साधू राम, वाइस प्रेसिडेंट परमजीत सैनी, ज्वाईंट सेक्रेटरी हिमांशु अग्रवाल व कैशियर अखिल वर्मा ने आये हुए वकील व उनके परिवार व सम्पूर्ण मेडिकल स्टाफ का स्वागत किया। सभी को कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बार के पूर्व प्रधान आत्मप्रकाश मनचन्दा, अशोक भारद्वाज, अमर सिंह मलिक, जगरूप सिंह व मनोज वशिष्ठ, अमर सिंह शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आदेश अस्पताल की बदौलत अपने पैरों पर खड़ा हुआ विक्रमजीत

### 27 दिसंबर से सड़क दुर्घटना के कारण बैड पर था विक्रमजीत

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।



**आदेश** अस्पताल व मेडिकल कॉलेज से मिले उपचार की बदौलत विक्रमजीत अपने पैरों पर खड़ा हो गया है। उल्लेखनीय है कि शाहाबाद निवासी विक्रमजीत 27 दिसंबर 2020 को सड़क पंजाब से वापस आते हुए सड़क हादसे में घायल हो गया। विक्रमजीत के पिता रणजीत सिंह ने बताया कि इस हादसे में विक्रमजीत को काफी गंभीर चोटें लगी थीं। टांगों का आपरेशन हुआ और अन्य उपचार भी मिला। लेकिन उसके बावजूद भी विक्रमजीत बैड पर था। वह चल नहीं पा रहा था। जिसे लेकर वह और उनका परिवार काफी चिंता में था। यही सोच थी कि उनका बेटा न जाने कब फिर से अपने पैरों पर चलेगा। रणजीत सिंह ने बताया कि जिस पर विक्रमजीत का उपचार मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल से शुरू किया गया।

# कोरोना की तीसरी लहर को रोकने के लिए जन सहयोग जरूरी

## कोविड शिविर में 237 लाभार्थियों को लगाई गई वैक्सीन

### शास्त्री नगर के हरिओम मंदिर में लगाया कोविड टीकाकरण शिविर

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र



**सर्व** समाज कल्याण सेवा समिति की ओर से बुधवार को शास्त्री नगर के हरिओम मंदिर में 11वां कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 237 लाभार्थियों को कोरोना वैक्सीन का टीका लगाया गया। शिविर का आयोजन शास्त्री नगर सुधार सभा के सहयोग से किया गया। शिविर में नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा बतौर मुख्यातिथि पहुंची।

मुख्यातिथि उमा सुधा का शिविर में पधारने पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, मीडिया प्रभारी तरुण कुमार, जिला कोऑर्डिनेटर अविनाश कौर, पुनित सेतिया और शास्त्री नगर सुधार सभा के प्रधान बीरबल शर्मा, सचिव सुभाष अरोड़ा, कैशियर प्रवीण गोयल, सदस्य पवन गुप्ता व विपिन गुप्ता ने स्वागत किया। मुख्यातिथि उमा सुधा ने शहरवासियों से टीकाकरण के लिए आगे आने की अपील करते हुए कहा कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर को आने से रोकने के लिए नागरिक ही सबसे बड़ा योगदान दे सकते है। जब प्रत्येक नागरिक अभी भी नियमों की पालना करेगा तो निश्चित ही कुरुक्षेत्र जिला को कोरोना की सम्भावित तीसरी लहर की चपेट में आने से बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन करवाने के लिए अब पंजीकरण करवाने की जरुरत नहीं है, साथ में अपना आधार कार्ड ले जाएं और वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर मौके पर ही वैक्सीनेशन करवा सकते है। शिविर में कृष्णा नगर गामड़ी पीएचसी के प्रभारी डा. प्रदीप के नेतृत्व में एनएम रमा व रेणु रानी ने टीकाकरण किया। आशा वर्कर ललिता और सक्षम कर्मचारी राम, अनिल व जोनी ने पंजीकरण किया। इस अवसर पर देवीशरण, सारांश पुंज गौरव जुनेजा भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

### इनसो स्थापना दिवस समारोह को लेकर युवाओं में भारी उत्साह

**कुरुक्षेत्र।** पांच अगस्त को रोहतक में होने वाले जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो के 19वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर युवाओं में भारी उत्साह है। वीरबार को जिलेभर से सैकड़ों युवा रोहतक पहुंचेंगे। एमडीयू में आयोजित इनसो के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। युवा जिला अध्यक्ष व शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड सदस्य जसविंदर खैहरा ने बताया कि जननायक स्व. चौ. देवीलाल की नीतियों और इनसो संस्थापक डा. अजय सिंह चौटाला की प्रेरणा से बनाए गए संगठन इनसो का पांच अगस्त को स्थापना दिवस होता है। इस बार स्थापना दिवस रोहतक जिले में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इनसो स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर जिले के छात्र वर्ग में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# निजीकरण नीति के विरोध में सड़क पर उतरे इंश्योरेंस कर्मी

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी



**सरकार** की निजीकरण नीति के विरोध में बुधवार को इंश्योरेंस कंपनियों के कर्मचारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। जोरदार प्रदर्शन कर यहां कानोड़ गेट पर धरना दिया। न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, ओरिएंटल इंश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस व यूनाईटेड इंडिया बीमा कंपनियों के कर्मचारी बुधवार को कानोड़ गेट पर एकत्रित हुए। सरकार की नीतियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया।

धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस के कमल यादव ने कहा कि पूरे देश में सभी पीएसयू बीमा कंपनियों के कर्मचारियों द्वारा धरना-प्रदर्शन कर सरकार की निजीकरण नीति का विरोध किया जा रहा है। सरकार अपनी मनमानी चलाकर सरकारी कंपनियों को निजी हाथों में सौंपना चाहती है, जो सरासर गलत है। सरकार की इस विरोधी नीति से 60-70 हजार कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। धरने के दौरान कर्मचारियों ने लोकसभा में पारित जीआईबीएनए-1972 संशोधन अधिनियम का भी विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की।

# अटल नवीनीकरण मिशन पर खर्च किए ढाई हजार करोड़: दत्तात्रेय

## राज्यपाल ने हुडको निदेशक से ली प्रोजेक्ट की जानकारी, दूसरा स्थान मिलने पर दी राज्य सरकार को बधाई

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़।



**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के सहयोग से चलाई जा रही "अटल नवीकरण मिशन" योजना हरियाणा में शहरों के विकास के लिए वरदान सिद्ध हुई है। दत्तात्रेय बुधवार को राजभवन में आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको) के निदेशक डा. एम. नागराज से शहरी विकास योजनाओं पर बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के शहरों का नवीनीकरण करने व आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ करने के लिए राज्य की योजनाओं के साथ-साथ केन्द्रीय योजनाओं का लाभ उठा रही है। शहरी विकास की विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदेश के शहरों व कस्बों का कायाकल्प हुआ है।

उन्होंने शहरी क्षेत्रों के लिए करवाए गए स्वच्छ सर्वेक्षण-2019 में देश में हरियाणा को दूसरा स्थान प्राप्त होने पर हरियाणा सरकार को बधाई दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विभागों के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सरकार की योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

राज्यपाल दत्तात्रेय के साथ हुई मुलाकात में हुडको के निदेशक डॉ. नागराज ने बताया कि अटल नवीनीकरण मिशन नाम से योजना शुरू की गई है, जिसके तहत देश के 500 शहरों और कस्बों में पानी, सीवरेज, बिजली और यातायात की सुविधाओं को आधुनिक रूप दिया जा रहा है। अटल नवीनीकरण योजना के तहत हरियाणा में 2500 करोड़ रुपये से भी अधिक की राशि खर्च की गई है।

उन्होंने बताया कि इस योजना की शुरूआत भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में की थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश के छोटे शहरों और कस्बों में आधारभूत ढांचे में परिवर्तन लाकर इन्हें महानगरों की श्रेणी में लाना है। इस योजना के तहत उन शहरों को चुना गया है जहां की आबादी एक लाख से अधिक है।

### सरकार न तो संसद में और न ही बाहर सुन रही किसानों की आवाज : डाबला

**रेवाड़ी।** हरियाणा कांग्रेस के प्रवक्ता ओमप्रकाश डाबला ने कहा कि बेहद दुख की बात है कि सरकार किसानों की बात न ही तो संसद में सुनती है और न ही संसद के बाहर। सरकार पूरे तरह संवेदनशील व हठधर्मी होकर किसानों को नकारते हुए आगे बढ़ रही है।

उन्होंने जारी एक बयान में कहा कि अपनी मांगों को लेकर किसान पिछले आठ महीनों से धरना प्रदर्शन कर अपनी कुर्बानी दे रहे हैं, लेकिन सरकार पर इसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। सरकार ने किसानों के प्रति किसी प्रकार की संवेदना नहीं दिखाई, बल्कि अपनी जिद पर अड़ी हुई है। किसानों की मदद करना तो दूर, संवेदना के दो शब्द तक बोलने को तैयार नहीं है।

# पर्यावरण बचाना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी: शैलेंद्र अरोड़ा

### हरियाणा राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड करनाल क्षेत्र किया पौधरोपण

**करनाल।** हरियाणा राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड करनाल क्षेत्र द्वारा एचएसआईआईडीसी वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-3 के सहयोग से पौधारोपण अभियान चलाया गया। पौधारोपण अभियान का नेतृत्व करते हुए, हरियाणा राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि पर्यावरण को बचाने की सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। पौधारोपण करना हर किसी का कर्तव्य ही नहीं देखभाल की जिम्मेदारी बनती हैं। क्योंकि धरती पर जितनी प्राकृतिक संपदा सुरक्षित होगी, जीवन भी उतना ही सुरक्षित होगा। लेकिन इस दौर में देखा जा रहा है कि लोग प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जिसके कई बार गंभीर परिणाम भी प्रकृति ने दिखाए हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार को सेक्टर-3 में पौधारोपण अभियान चलाया गया, अभियान के तहत करीब 120 पौधे रोपित किए गए। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए, प्रकृति को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए, आधुनिक युग में वे चीजे नहीं अपनानी चाहिए।

# प्रधान न्यायाधीश ने कृष्णा नदी जल विवाद मामले में सुनवाई से खुद को अलग किया

## आंध्र प्रदेश ने उच्चतम न्यायालय के तेलंगाना से जल विवाद को मध्यस्थता से सुलझाने के सुझाव को मानने से किया था इंकार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने बुधवार को अपने आप को आंध्र प्रदेश की उस याचिका पर सुनवाई से अलग कर लिया। जिसमें आरोप लगाया गया है कि तेलंगाना ने उसे कृष्णा नदी से पीने और सिंचाई के पानी के उसके वैध हिस्से से वंचित कर दिया है। आंध्र प्रदेश ने तेलंगाना के साथ विवाद को मध्यस्थता से सुलझाने के उच्चतम न्यायालय के सुझाव को मानने से इनकार कर दिया है। इसके बाद, प्रधान न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई से अपने आप को अलग कर लिया।

आंध्र प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले प्रधान न्यायाधीश ने कहा था कि उनका संबंध दोनों राज्यों से है और उन्होंने आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना को अपना विवाद मध्यस्थता से हल करने का सुझाव देते हुए कहा था कि वह अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप नहीं करना चाहता।

प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने आंध्र प्रदेश की ओर से पेश हुए वकील जी उमापति की उन दलीलों पर गौर किया कि राज्य मध्यस्थता का विकल्प चुनने के बजाय इस मामले में शीर्ष अदालत का फैसला चाहता है। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने आदेश दिया, फिर इस मामले को किसी और पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करिए। अगर आप मध्यस्थता नहीं चाहते तो हम आपको विवश नहीं कर रहे हैं। इस मामले को दूसरे पीठ के समक्ष रखिए। प्रधान न्यायाधीश ने संक्षिप्त सुनवाई के



दौरान कहा, वे मध्यस्थता नहीं चाहते और मैं मामले पर सुनवाई नहीं करना चाहता। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ आंध्र प्रदेश की याचिका पर सुनवाई करती है तो केंद्र सरकार को कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे कोई आपत्ति नहीं है और न ही सरकार को। हमारा पूरा भरोसा है।

प्रधान न्यायाधीश रमण ने आंध्र प्रदेश के मामले पर सुनवाई करने से विनम्रता से इनकार करते हुए कहा, शुक्रिया। प्रधान न्यायाधीश ने दो अगस्त को कहा था, मैं कानूनी रूप से इस मामले पर सुनवाई नहीं करना चाहता। मेरा संबंध दोनों राज्यों से है। अगर यह मामला मध्यस्थता से हल होता है तो कृपया ऐसा करिए। हम उसमें मदद कर सकते हैं। वरना मैं इसे दूसरी पीठ के पास भेज दूंगा।

आंध्र प्रदेश के वकील ने उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता की पेशकश पर राज्य की राय पीठ को बताने के लिए बुधवार तक का समय लिया था। जुलाई में आंध्र प्रदेश सरकार ने शीर्ष न्यायालय का रुख करते हुए दावा किया था कि तेलंगाना सरकार आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के तहत गठित सर्वोच्च परिषद द्वारा लिए गए फैसलों, इस अधिनियम के तहत गठित कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड (केआरएमबी) और केंद्र के निर्देशों को मानने से इनकार कर दिया।

याचिका में कहा गया कि आंध्र प्रदेश में लोगों के जीने के अधिकार समेत कई मौलिक अधिकारों का गंभीर रूप से हनन किया गया क्योंकि उन्हें तेलंगाना सरकार तथा उसके अधिकारियों के असंवैधानिक, गैरकानूनी और अनुचित कृत्यों के कारण पानी के वैध बंटवारे से वंचित रखा जा रहा है। इसमें कहा गया, इससे आंध्र प्रदेश के लोगों को काफी मुश्किल हुई क्योंकि श्रीशैलम बांध परियोजना के साथ ही नागार्जुन सागर परियोजना और पुलीचिंताला परियोजना में पानी की कमी से पानी की उपलब्धता काफी प्रभावित हुई। याचिका में उच्चतम न्यायालय से केंद्र को श्रीशैलम, नागार्जुनसागर और पुलीचिंताला जलाशयों का नियंत्रण अपने हाथ में लेने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा ने आठ दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने बुधवार को अपने आठ दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जिनका पिछले दिनों निधन हो गया। सदन की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा के आठ पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी। सभा ने दिवंगत पूर्व सदस्यों के सम्मान में कुछ पल का मौन रखा। बिरला ने अविभाजित मध्य प्रदेश के बिलासपुर से आठवीं और दसवीं लोकसभा के सदस्य रहे खेलन राम जांगड़े, उत्तर प्रदेश के खलीलाबाद से 11वीं लोकसभा के सदस्य रहे सुरेंद्र यादव, महाराष्ट्र के दहानू से सातवीं, आठवीं, नौवीं, दसवीं और 14वीं लोकसभा के सदस्य रहे दामोदर बरकू शिंगदा तथा दमन दीव से 13वीं और 14वीं लोकसभा के सदस्य रहे दहियाभाई वल्लभभाई पटेल के निधन की जानकारी सदन को दी। लोकसभा अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश के दमोह से 15वीं लोकसभा के सदस्य रहे शिवराज सिंह लोधी, कर्नाटक के बेलगाम से 12वीं लोकसभा के सदस्य रहे बाबा गौड़ा पाटिल, कर्नाटक के मांड्या से नौवीं तथा दसवीं लोकसभा के सदस्य रहे जी मांडे गौड़ा और राजस्थान के जालौर से 11वीं लोकसभा के सदस्य रहे परसराम मेघवाल के निधन की जानकारी भी सदन को दी। सदन ने कुछ पल मौन रहकर दिवंगत पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी।

### वीडियो में बंदूक लहराता नजर आया पुलिसकर्मी, निलंबित

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में वर्दी पहने एक पुलिसकर्मी बंदूक लहराता नजर आया। जिसके बाद अमरावती पुलिस प्रशासन ने उसे निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि अमरावती जिले के चंदूर बाजार पुलिस थाने में तैनात कांस्टेबल महेश मुरलीशार काले के इस कृत्य की वजह से पुलिस बल की छवि खराब हुई है। वायरल वीडियो में काले कथित तौर पर बंदूक हाथ में थामे, यह कहते हुए दिख रहे हैं कि अमरावती में जो कानून-व्यवस्था का पालन करेगा वह फायदे में रहेगा। एक अधिकारी ने बताया कि वीडियो जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद काले को मंगलवार को निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा, लोगों की नजर में उसके कृत्य से पुलिस बल की छवि खराब हुई। अमरावती (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक हरि बालाजी ने कहा कि वीडियो फिल्मी अंदाज में शूट किया गया है। अधिकारी ने बताया वह (काले) हथियार लहराते दिख रहे हैं। हम इसे प्रोत्साहन नहीं देते। उन्हें मंगलवार को निलंबित कर दिया गया।

### मलेशिया के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा देने से इनकार किया

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के प्रधानमंत्री मुहिद्दीन यासीन ने एक अहम सहयोगी के समर्थन वापस लेने के बाद बुधवार को अपने पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। कहा कि वह अगले महीने संसद में बहुमत साबित करेंगे। शाही महल में शाह सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह के साथ बैठक के बाद मुहिद्दीन ने राष्ट्रीय प्रसारक को बताया कि शाही घराने ने उन्हें सूचित किया कि सत्तारूढ़ गठबंधन से आठ सांसदों ने उनसे समर्थन वापस ले लिया है। गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी यूनाइटेड मलय नेशनल ऑर्गेनाइजेशन (यूएमएनओ) है जिसके 38 सांसद हैं। लेकिन पार्टी के कुछ सांसदों ने प्रधानमंत्री को समर्थन देने से इनकार किया है। यूएमएनओ के अध्यक्ष ने मंगलवार को घोषणा की कि पार्टी के कुछ सांसदों के समर्थन वापस लेने और यूएमएनओ के एक मंत्री के इस्तीफा देने के बाद मुहिद्दीन ने शासन का अधिकार खो दिया है। मुहिद्दीन ने बताया कि उन्होंने शाह से कहा कि उन्हें पर्याप्त सांसदों से समर्थन मिला है। उन्होंने कहा, मुझे भरोसा है कि अब भी संसद में मेरे पास बहुमत है। इसलिए मेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता...। हालांकि उन्होंने कोई संख्या नहीं बताई। वर्ष 2018 में चुनाव जीतने वाली पूर्व सुधारवादी सरकार के गिरने के बाद मार्च 2020 में मुहिद्दीन ने सत्ता संभाली। उनकी पार्टी ने यूएमएनओ और अन्य दलों के साथ मिलकर बेहद कम बहुमत से सरकार बनाई।

### सीबीआई के पूर्व निदेशक के खिलाफ की कार्रवाई की सिफारिश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक आलोक वर्मा के खिलाफ कथित रूप से पद के दुरुपयोग और संबंधित सेवा नियमों का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीबीआई के नोडल मंत्रालय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को पत्र लिखकर वर्मा के खिलाफ आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा है। अधिकारियों ने कहा कि वर्मा के खिलाफ कार्वाई को मंजूरी मिलती है तो उनकी पेंशन तथा सेवानिवृत्ति लाभों पर अस्थाई या स्थाई रोक लग सकती है। सीबीआई में कार्यरत रहने के दौरान 1979 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) से सेवानिवृत्त अधिकारी वर्मा की भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर अपने मातहत, गुजरात कैडर के आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना के साथ विवाद हुआ था। वर्मा और अस्थानों दोनों ने ही एक दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। अस्थाना अब दिल्ली के पुलिस आयुक्त हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, वर्मा पर पद का दुरूपयोग करने और सेवा नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। गृह मंत्रालय ने उनके खिलाफ आवश्यक कार्वाई की सिफारिश की है। गृह मंत्रालय आईपीएस अधिकारियों के लिए कैडर नियंत्रण प्राधिकार है। अधिकारियों ने बताया कि डीओपीटी ने गृह मंत्रालय की सिफारिश संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को भेज दी है जो आईपीएस अधिकारियों की नियुक्ति करने वाली संस्था है। आईपीएस अधिकारियों पर कोई भी जुर्माना लगाने से पहले यूपीएससी से परामर्श करना आवश्यक होता है।

### निर्वाचन नामावली को आधार से जोड़ने का प्रस्ताव विचाराधीन

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को बताया कि एक ही व्यक्ति के विभिन्न स्थानों पर नामांकन दाखिल करने के जोखिम को नियंत्रित करने के लिए निर्वाचन नामावली को आधार से जोड़ने का निर्वाचन आयोग का प्रस्ताव विचाराधीन है। लोकसभा में सजदा अहमद के प्रश्न के लिखित उत्तर में विधि एवं न्याय मंत्री किरण रीजीजू ने यह जानकारी दी। विधि मंत्री ने बताया कि हाल के दिनों में चुनाव सुधारों के मुद्दे पर विधि आयोग ने पूर्ण रूप से जांच की थी। आयोग ने विभिन्न पक्षकारों के साथ परामर्श करने के बाद निर्वाचन सुधारों के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए अपनी 244वीं और 255वीं रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।उन्होंने बताया कि इसमें अन्य बातों के अलावा आरोप तय होने पर चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने का विषय, चुनावी वित्त पोषण, पेड न्यूज जैसे मुद्दे शामिल हैं। रीजीजू ने कहा, भारत के निर्वाचन आयोग ने एक ही व्यक्ति के विभिन्न स्थानों पर नामांकन दाखिल करने के जोखिम को नियंत्रित करने के लिए निर्वाचन नामावली को आधार से जोड़ने का प्रस्ताव किया है। यह मामला सरकार के विचाराधीन है।


# प्रधानमंत्री ने ममता और शिवराज से बाढ़ की स्थिति के बारे में ली जानकारी

## नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश में बाढ़ प्रबंधों की समीक्षा की

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात कर राज्य के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ से पैदा हुई स्थिति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, मध्य प्रदेश राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावितों की मदद के लिए केंद्र सरकार मध्य प्रदेश की सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है।

मैंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की और स्थिति की समीक्षा की। मैं सभी की सुरक्षा की कामना करता हूं। मध्य प्रदेश के ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में खासकर श्योपुर और शिवपुरी जिलों में मूसलाधार बारिश से 1,171 गांव प्रभावित हुए हैं।



**राज्य के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ से पैदा हुई स्थिति की समीक्षा की**

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के दल ने अब तक बाढ़ वाले क्षेत्रों से 1,600 लोगों को बचाया है।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को दिया मदद का आश्वासन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की। राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान शाह ने हालात से निपटने के लिए मध्य प्रदेश को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। शाह ने ट्वीट किया, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश और नदियों का जलस्तर बढ़ने से आई बाढ़ के संबंध में मैंने शिवराज सिंह चौहान से बात कर स्थिति की जानकारी ली। केंद्र की ओर से प्रदेश को राहत कार्यों के लिए पूरी मदद दी जा रही है। इस कठिन घड़ी में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार प्रदेश की जनता के साथ खड़ी है।

### प्रधानमंत्री ने ममता से की बात, हरसंभव मदद का दिया भरोसा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात कर राज्य के कुछ हिस्सों में बांधों से पानी छोड़े जाने से पैदा हुई बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक ट्वीट के माध्यम से यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांधों से पानी छोड़े जाने के बाद राज्य के कुछ हिस्सों में बाढ़ की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात की। प्रधानमंत्री ने प्रभावित इलाकों के लोगों की सुरक्षा की कामना भी की। ज्ञात हो कि भारी बारिश के चलते दामोदर घाटी निगम के बांधों से पानी छोड़े जाने के बाद पश्चिम बंगाल के छह जिलों में आई बाढ़ की वजह से लगभग 2.5 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। कम से कम 14 लोगों की मौत हुई है।

# मुक्केबाज लवलीना ने देश को गौरवान्वित किया: राहुल

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को ओलंपिक की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को बधाई दी और कहा कि उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है।

लवलीना को टोक्यो ओलंपिक के महिला वेल्टरवेट वर्ग (69 किग्रा) के सेमीफाइनल में तुर्की की मौजूदा विश्व चैंपियन बुसेनाज सुरमेनेली के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को बधाई दी। आपने देश को गौरवान्वित किया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने भी लवलीना को बधाई दी।



**विश्व चैंपियन बुसेनाज सुरमेनेली के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा**

### प्रधानमंत्री ने लवलीना को दी जीत की बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलंपिक की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को बुधवार को बधाई दी। कहा कि रिंग में उनकी सफलता कई भारतीयों को प्रेरित करती है।

प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, बहुत शानदार मुकाबला किया लवलीना बोरगोहेन। बॉक्सिंग रिंग में उनकी सफलता कई भारतीयों को प्रेरित करती है। उनकी दृढ़ता और संकल्प प्रशंसनीय है। कांस्य पदक जीतने पर उन्हें बधाई। भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं।

### पूर्व विधायक के बेटे के मेंगलुरु स्थित आवास पर एनआईए ने छापा मारा

**मेंगलुरु।** राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों ने उल्लाल से पूर्व विधायक बी एम इदिनब्बा के बेटे के आवास पर बुधवार सुबह छापा मारा।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बेंगलुरु से सुबह आए अधिकारियों ने तुरंत जांच शुरू कर दी। इदिनाब्बा का बेटा बीएम बाशा इस घर में अपने परिवार के साथ रहता है। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी की कार्रवाई इस संदेह के आधार पर की गई कि परिवार के सीरिया स्थित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के साथ कथित संबंध हैं।

# भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत का समुद्र में परीक्षण शुरू

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक जहाज विक्रांत का बुधवार को समुद्र में परीक्षण शुरू हो गया। यह देश में निर्मित सबसे बड़ा और जटिल युद्धपोत है।

भारतीय नौसेना ने इसे देश के लिए गौरवान्वित करने वाला और ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि भारत उन चुनिंदा देशों में शुमार हो गया है जिनके पास विशिष्ट क्षमता वाला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया, निर्मित और एकीकृत अत्याधुनिक विमानवाहक पोत है। इस जहाज का वजन 40,000 टन है और यह पहली बार समुद्र में परीक्षण के लिए तैयार है। इसके नाम वाले एक जहाज ने 50 साल पहले 1971 के युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी।

इस विमानवाहक जहाज को अगले साल के उत्तरार्द्ध में भारतीय नौसेना में शामिल किए जाने की संभावना है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, यह भारत के लिए गौरवान्वित करने वाला और ऐतिहासिक दिन है। पूर्ववर्ती जहाज के 50वें साल में आज यह समुद्र में परीक्षण के लिए पहली बार रवाना हुआ।

# तृणमूल कांग्रेस के छह सदस्य पूरे दिन के लिए राज्यसभा से किए निलंबित

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**राज्यसभा** के सभापति एम वेंकैया नायडू ने बुधवार को पेगासस जासूसी विवाद को लेकर आसन के समक्ष तख्तियां लेकर हंगामा कर रहे तृणमूल कांग्रेस के छह सदस्यों को पूरे दिन के लिए सदन से निलंबित कर दिया।

सुबह जब सभापति ने किसानों के मुद्दे पर चर्चा के लिए दिए गए नोटिस स्वीकार करने और अन्य नोटिस खारिज किए जाने के बारे में सूचना दी तो

**किसानों के मुद्दे पर चर्चा स्वीकारने और अन्य के खारिज करने पर कर रहे थे हंगामा**

तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समक्ष आ कर पेगासस जासूसी विवाद पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। सभापति ने इन सदस्यों से अपने स्थानों पर लौट जाने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जो सदस्य आसन के समक्ष आ गए हैं और तख्तियां दिखा रहे हैं, उनके नाम नियम 255 के तहत प्रकाशित किए जाएंगे और उन्हें पूरे दिन के लिए निलंबित कर दिया जाएगा। इतने पर भी हंगामा नहीं थमा तब सभापति ने आसन की अवज्ञा कर हंगामा कर रहे सदस्यों से नियम 255 के तहत सदन से बाहर जाने को कहा। उन्होंने स्वयं किसी का नाम नहीं लिया और राज्यसभा सचिवालय से इन सदस्यों के नाम देने को कहा।

# एनएचआरसी ने मुंबई और कोलकाता की जेलों में कैदियों की आत्महत्या पर मांगी रिपोर्ट

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मुंबई और कोलकाता की जेलों में दो कैदियों के आत्महत्या के मामले को बुधवार को गंभीरता से लेते हुए इस संबंध में महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव से चार सप्ताह के भीतर संबंधित राज्यों में जेलों की स्थिति पर जवाब मांगा है।

इन मामलों से संबंधी कार्रवाई के दौरान एनएचआरसी ने एक बयान में कहा कि ये घटनाएं महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की जेलों में कुप्रबंधन का खुलासा करती हैं। बयान के अनुसार, एनएचआरसी ने नवी मुंबई में तलोजा केंद्रीय कारागार और कोलकाता में दमदम केंद्रीय सुधार गृह में दो कैदियों की आत्महत्या के कारण हुई मौत और मामला संज्ञान में आने के बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा अपेक्षित रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने को गंभीरता से लिया है।

# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंध आयोग विधेयक लोकसभा में हुआ पारित

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**लोकसभा** ने बुधवार को शोर-शराबे के बीच राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं संलग्न क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आयोग विधेयक, 2021 को मंजूरी दे दी।

विधेयक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उसके निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक से संबंधित समस्याओं को लेकर बेहतर समन्वय, अनुसंधान, पहचान और समाधान के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंध आयोग गठित करने और उससे संबद्ध विषयों का उपबंध किया

**मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध**

गया है।

वन एवं पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने विधेयक को चर्चा एवं पारित करने के लिए रखते हुए कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उसके समीपवर्ती क्षेत्रों में वायु प्रदूषण के निराकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए यह विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछले कुछ सालों में वायु प्रदूषण बढ़ने के कारणों में यातायात, औद्योगिक प्रदूषण और जैविक कचरे को जलाना आदि शामिल हैं।

यादव ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए एक समेकित संस्था जरूरी थी। इसी उद्देश्य से यह विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें पर्यावरण क्षेत्र के विशेषज्ञ लोगों के साथ ही एनसीआर के समीपवर्ती क्षेत्रों के लोगों को शामिल किया गया है।

### एसबीआई का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 55 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने बुधवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,504 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बताया कि इस दौरान खराब ऋणों में गिरावट से उससे मदद मिली। बैंक ने 2020-21 की अप्रैल-जून तिमाही में 4,189.34 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक बैंक की कुल एकल आय 2021-22 की पहली तिमाही में बढ़कर 77,347.17 करोड़ रुपये हो गई।

# राहुल गांधी ने दुष्कर्म पीड़िता नौ वर्षीय बच्ची के परिवार से मुलाकात की

## मृत बच्ची के परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या का लगाया आरोप, संदिग्ध परिस्थितियों में बालिका की हुई थी मौत

**कांग्रेस ने केंद्र और केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को यहां उस नौ वर्षीय बच्ची के माता-पिता से मुलाकात कर पूरी मदद का भरोसा दिलाया। जिसकी पिछले दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। बच्ची के परिवार ने उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

राहुल गांधी दिल्ली छावनी इलाके में पहुंचकर इस परिवार से मुलाकात की और न्याय के लिए उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने बच्ची के माता-पिता से मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, माता-पिता के आंसू सिर्फ एक बात कह रहे हैं- उनकी बेटी, देश की बेटी न्याय की हकदार है। और न्याय के लिए इस रास्ते पर मैं उनके साथ हूं। मौके पर जब पत्रकारों ने पूछा कि इस घटना के लिए वह किसे जिम्मेदार मानते हैं तो कांग्रेस नेता ने कहा, मैं सिर्फ यह



जानता हूं कि मेरा काम इस परिवार की मदद करने का है।

कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा, सबसे पहले राहुल गांधी ने इस बच्ची के लिए आवाज उठाई और परिवार से मिलने पहुंचे। बच्ची की मां ने राहुल को सारी बात बताई। राहुल गांधी ने भी परिवार के लिए न्याय की बात की है।

उन्होंने सवाल किया, हर बात पर ट्वीट करने वाले प्रधानमंत्री ने इस बच्ची के लिए ट्वीट क्यों नहीं किया? गोहिल ने बताया कि इस घटना को लेकर कांग्रेस दिल्ली के हर विधानसभा क्षेत्र में कैंडल मार्च और प्रार्थना सभा का आयोजन करेगी। उन्होंने कहा, हम राजनीति नहीं कर रहे हैं। हम सिर्फ बच्ची के लिए इंसाफ चाहते हैं।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा, स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घटना के आरोपी पर पहले भी इस तरह के आरोप लगे हैं। अगर ऐसा है तो पुलिस क्या कर रही थी? अगर पुलिस पहले ही इस व्यक्ति के खिलाफ कार्वाई करती तो इस बच्ची के साथ यह दरिंदगी नहीं होती।

कुमार ने कहा, निर्भया की घटना के बाद राहुल गांधी और गांधी परिवार ने उस पीड़िता के परिवार को न्याय दिलाया और मदद की। 2014 के बाद महिलाओं से दुष्कर्म के हजारों मामले सामने आए हैं। केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के झूठे विज्ञापनों और दावों के बावजूद ऐसे मामले बढ़ते जा रहे हैं।

उन्होंने मांग की, इस मामले का मुकदमा त्वरित निपटान अदालत (फास्ट ट्रैक कोर्ट) में चलाया जाए और पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिले। दिल्ली में अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग का गठन भी हो जाए ताकि दलित समाज के लोग उसके समक्ष अपनी बात रख सकें। अनिल कुमार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा।

### व्हाइटहैट जूनियर के संस्थापक करण बजाज ने कंपनी छोड़ी

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजूस द्वारा कोडिंग मंच व्हाइटहैट जूनियर का अधिग्रहण करने के एक साल बाद उसके संस्थापक करण बजाज ने बुधवार को कंपनी छोड़ने की घोषणा की। तृप्ति मुखर्जी संगठन का नेतृत्व करेंगी, जो इससे पहले ग्राहक अनुभव और वितरण प्रमुख थीं। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में बजाज ने 2018 में स्थापित इस कंपनी से अपनी विदाई की जानकारी दी। उन्होंने कहा, मैं नए रास्तों पर आगे बढ़ रहा हूं। इसके साथ ही 17,000 से अधिक कर्मचारियों और शिक्षकों के प्रति मेरी अत्यधिक कृतज्ञता, जो सिर्फ दो साल पहले तक मेरे जीवन का हिस्सा नहीं थे।

# नोएडा के सरकारी में अस्पतालों बच्चों के सिर्फ दो डॉक्टर

## कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए 360 बेड तैयार, मगर चिकित्सकों का अभाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



औद्योगिक राजधानी और हाईटेक जिले गौतमबुद्ध नगर प्रशासन का दावा है कि वह कोरोना की तीसरी लहर से निपटने में सक्षम है, जबकि स्वास्थ्य विभाग डॉक्टरों और अस्पतालों की भारी कमी से जूझ रहा है। आंकड़े बताते हैं कि जिला प्रशासन के दावे हवा-हवाई साबित हो सकते हैं। जनपद में पीडियाट्रिक समेत तमाम विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी है, जबकि तीसरी लहर में बच्चों के प्रभावित होने की संभावना ज्यादा है। राज्य सरकार इससे बचाव के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है। राजधानी लखनऊ समेत सभी जिला प्रशासन को एलर्ट पर रखा गया है।

गौतमबुद्ध नगर स्वास्थ्य विभाग कोविड की तीसरी लहर से लड़ने की तैयारी कर रहा है, मगर चिकित्सकों की संख्या इतनी कम है कि सारे किए.कराए पर पानी फिर सकता है। इसलिए प्रशिक्षण देकर चिकित्सकों की कमी को दूर किया जा रहा है। तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए पैरामेडिकल स्टाफ को भी पीडियाट्रिक प्रशिक्षण दिया गया है।

वेस्ट यूपी के सभी जनपदों के चिकित्सकों को सेक्टर-39 में स्थित अस्पताल में स्किल लैब में ट्रेनिंग दिया गया है। इससे बच्चों के इलाज में मदद मिलती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक एक हजार की जनसंख्या पर एक डॉक्टर जरूरी है। गौतमबुद्ध नगर में करीब 24 लाख निवासी हैं। आंकड़ों के मुताबिक फ्लिहाल यहां 18,750 निवासियों पर एक डॉक्टर तैनात है। आबादी के लिहाज से जनपद में 2,400 डॉक्टर होने चाहिए। जबकि गौतमबुद्ध नगर जिला अस्पताल, सभी सीएचसी व पीएचसी में सिर्फ 128 चिकित्सक तैनात हैं। इनमें से 40 विशेषज्ञ हैं।

अन्य 88 डॉक्टर एमबीबीएस हैं। अब तक के शोध के मुताबिक कोरोना वायरस की तीसरी लहर में बच्चों के प्रभावित होने का खतरा ज्यादा है। जिला प्रशासन ने कोरोना महामारी तीसरी लहर को देखते हुए 360 बेड का पीडियट्रिक आइसीयू तैयार करा दिया है। मगर बच्चों के इलाज के लिए यहां महज दो शिशु रोग विशेषज्ञ हैं। जबकि आंकड़ों के मुताबिक जिले में 18 वर्ष तक के बच्चों की आबादी लगभग नौ लाख है।

> "संभावित थर्ड वेव को देखते हुए सभी डॉक्टर को पीडियाट्रिक प्रशिक्षण दिया गया है। जरूरत पड़ने पर कुछ चिकित्सक शासन से मांगे जाएगें। बच्चों के इलाज के लिए एक अत्याधुनिक अस्पताल तैयार है।"
> -डॉ सुनील कुमार शर्मा

### सीएचसी- पीएचसी में चिकित्सक सूची

| | |
|---|---|
| फिजीशियन: | 00 |
| सर्जन: | 03 |
| रेडियोलाजिस्ट: | 02 |
| गॉयनोलाजिस्ट: | 05 |
| आई सर्जन: | 01 |
| ईएनटी: | 01 |
| एनेस्थेटिस्ट: | 01 |
| पीडियाट्रिशियन: | 01 |
| फार्मासिस्ट: | 32 |
| डेंटल हाइजीनिस्ट: | 05 |
| एक्सरे टेक्नीशियन: | 05 |
| लैब टेक्नीशियन: | 06 |
| हेल्थ विजीटर: | 22 |
| स्टाफ नर्स: | 14 |
| एएनएम: | 58 |

### जिला अस्पताल में डॉक्टर की संख्या

| | |
|---|---|
| फिजीशियन: | 00 |
| आई सर्जन: | 02 |
| पैथोलाजिस्ट: | 02 |
| रेडियोलाजिस्ट: | 03 |
| सर्जन: | 02 |
| स्किन स्पेशलिस्ट: | 01 |
| डेंटल सर्जन: | 01 |
| पीडियट्रिशियन: | 01 |
| आर्थो सर्जन: | 02 |
| एनेस्थेटिस्ट: | 02 |
| गॉयनोलाजिस्ट: | 08 |
| चिकित्साधिकारी: | 01 |
| एमबीबीएस: | 01 |
| चीफ फर्मासिस्ट: | 03 |
| लैब टेक्नीशियन: | 01 |

### स्वास्थ्य सुविधाएं पर नजर

| | |
|---|---|
| जिला अस्पताल | 01 |
| सीएचसी | 06 |

जिला अस्पताल में चिकित्सकों की जरूरत 40
तैनात 26

हर सीएचसी में चिकित्सकों की जरूरत 30
तैनात 02



## कार में लिफ्ट देकर लूटने वाले दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में हुए गिरफ्तार

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर.39 क्षेत्र के सेक्टर 42 में जंगल के पास बुधवार तड़के बदमाशों से हुई मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी बदमाश सवारियों को कार में बैठाने के बाद लूट कर उन्हें फेंक देते थे। जानकारी के मुताबिक कोतवाली 39 क्षेत्र के सेक्टर 37 से बदमाश सवारियों को आगरा और मथुरा आदि जगहों के लिए अपनी कार में बैठाने के बाद उन्हें यमुना एक्सप्रेस वे पर लूट लेते थे। बदमाश सवारियों से रुपयेए जेवर व अन्य कीमती सामान हथियार के बल पर लूट कर उन्हें किसी सुनसान जगह पर धक्का मारकर गाड़ी से फेंक कर फरार हो जाते थे। बुधवार तडके पुलिस को सूचना मिली कि कार सवार कुछ बदमाश सेक्टर 42 में जंगल के पास खडे हैं जिस पर पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया। पुलिस से घिरा देखकर घेराबंदी कर कार सवार तीन बदमाशों को रोकने का प्रयास किया जिस पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में कार सवार दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए जबकि एक फरार हो गया। एडीसीपी नोएडा जोन रणविजय सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश की पहचान पंकज मिश्रा और देशराज निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। बदमाशों को पैर में गोली लगने के कारण घायल हालत में गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनका का एक साथी मौके से फरार हो गया हैए जिसकी तलाश की जा रही है। पूछताछ में पता चला है कि बदमाशों ने मंगलवार को सेक्टर 37 से अपनी कार में सवारी को बैठा कर 30 हजार रुपये लूट लिए थे। इनके कब्जे से लूटे गए 30 ह?ार रुपये, घटना में प्रयुक्त वैगन आर कार 2 तमंचे 2 जिंदा कारतूस व 2 खोखा कारतूस बरामद हुए हैं।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

पारिवारिक-जीवन में अस्थिरता रह सकती है। माता-पिता के साथ कुछ वैचारिक मतभेद हो सकता हैं। प्रेम संबंधों के लिए समय शुभ है। नौकरीपेशा जातक कठिन परिश्रम से वरिष्ठों को संतुष्ट कर सकते हैं। ईमानदारी से काम करें तो पारिश्रमिक और लोकप्रियता बढ़ सकती है।

**( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

### वृष

आज दिन बढ़िया रहने वाला है। परिवार के लोगों से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। बच्चे खुश रहेंगे। नए बिजनेस को शुरू करने का विचार करेंगे। कार्य में सफलता हाथ जरूर लगेगी। तरक्की के अवसर को हाथ से न जाने दें, कोई भी छोटा चांस मालामाल बना सकता है। आज का दिन अच्छा रहेगा।

**( ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो )**

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** श्री हरि का ध्यान करें।

### मिथुन

नई बिजनेस डील सामने आ सकती है। परेशानियों से निपटने के लिए दिन अच्छा रहेगा। नया ऑफर भी मिल सकता है। सोचे हुए काम शुरू कर दें, काम जल्दी ही पूरे हो जाएंगे। रोजमर्रा के काम पूरे होने में कोई रुकावट नहीं आएगी। आप आगे भी बढ़ेंगे। महत्वपूर्ण मीटिंग और काम करने के लिए दिन शुभ है। समस्याएं भी जल्दी ही खत्म हो जाएंगी।

**( का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा )**

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** तांबे का सिक्का पानी में डालें।

### कर्क

भूमि, रिअल-एस्टेट या सांस्कृतिक परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। समस्याओं का समाधान आपके अपने हाथ में है, मतभेद से बचना होगा और काम में समर्पण को भी बढ़ाना होगा। वाहन के प्रति सावधान रहें। परिवार को पर्याप्त समय दें। यात्रा पर जाने वाले हैं तो यात्रा परिवार के साथ हो सकती है। इस यात्रा में काफी मजा आने वाला है।

**( ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो )**

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** भगवान विष्णु की आराधना करें।

### सिंह

आप बहुत भाग्यशाली होंगे और अधिकारियों से विशेष सहयोग प्राप्त करेंगे। सभी प्रयासों में सफल होंगे कुछ पोषित इच्छाओं की पूर्ति होगी नए अधिग्रहण हो सकते हैं। पारिवारिक-जीवन आरामदायक परिवेश से खुश रहेगा, सामाजिक रूप से आप अधिक लोकप्रियता हासिल करेंगे। नवीन शौक विकसित कर सकते हैं।

**( मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे )**

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** जेब में पीले रंग का रुमाल रखें।

### कन्या

आज दिन बेहतरीन रहने वाला है। ऐसी चीज हासिल कर पाएंगे, जिसकी बहुत कम उम्मीद थी। मन में नए-नए क्रिएटिव आइडिया आएंगे, जिनका आप बखूबी इस्तेमाल भी करेंगे। ऑफिस में हर कोई काम से खुश रहेगा। जूनियर भी काम सिखने आएंगे। महिला मित्र से मुलाकात हो सकती है। ऑउट ऑफ स्टेशन जाने का मन बना सकते हैं।

**( टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो )**

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** शिवलिंग पर जल चढ़ाएं।

### तुला

दिन अच्छा है। परिस्थितियों का फायदा उठाकर काम पूरे कर सकते हैं। कामकाज में भी मन लगेगा। अचानक कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं, उनका फायदा उठाने के लिए तैयार रहें। अचानक मन में बदलाव आ सकते हैं जो कि फायदेमंद रहेंगे. जीवनसाथी से संबंधों में अनुकूलता रहेगी। दिन आपके लिए अच्छा है।

**( रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** जौ के आटे से बनी रोटी गाय को खिलाएं।

### वृश्चिक

आज साहस से काम लें और किसी के उकसावे में न आएं. आपको काम के आधार पर परखा जाएगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। अपने प्रिय की भावनाओं को समझें। दफ्तर में माहौल में बेहतरी और कामकाज के स्तर में सुधार को महसूस कर सकते हैं। अधिक समय अपने दोस्तों के साथ व्यतीत करने का प्रयास करें। किसी बड़ी समस्या का समाधान निकल कर सकता है।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:** खिचड़ी का भंडारा करें।

### धनु

आज का दिन बेहद शानदार रहेगा। कठिन समय के बाद अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ आराम कर सकते हैं। कड़ी मेहनत और श्रम के लिए इनाम की उम्मीद कर सकते हैं। नौकरी में पदोन्नति मिलेगी। किंतु जॉब प्रोफाइल में भी बदलाव हो सकता है। दूर स्थान से अच्छी खबर भी आपको मिल सकती है। सेहत के मामले में दिन अच्छा रहेगा।

**( ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे )**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** भगवान विष्णु को पीले रंग का वस्त्र अर्पित करें।

### मकर

जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं। कुछ काम करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी, जो लोग होटल जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से थोड़ा बेहतर रहेगा। जो लोग बिजनेस को शिफ्ट करना चाहते हैं या कोई दूसरी ब्रांच खोलना का आज इसकी प्लॉनिंग कर सकते हैं जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों में पिता का सहयोग मिलेगा।

**( भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी )**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** शिवलिंग पर नारियल श्रीफल अर्पित करें।

### कुंभ

ऑफिस में खुद को नियंत्रण में रखें। पद लाभ का योग बन रहा है। कार्यक्षेत्र की परेशानियां खत्म हो सकती हैं। योजनाएं सफल हो सकती हैं। आगे के कामों की योजनाएं बनाना बहुत आसान रहेगा। रुके हुए काम पूरे करने के लिए दिन अच्छा है। योग्यता और अनुभव से काम करना होगा। आपकी समस्याएं निपट सकती हैं। सेहत के मामले में संभलकर रहें। रक्त विकार होने के योग हैं। खुशियां बनी रहेगीं।

**( गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा )**

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** चने की दाल का दान करें।

### मीन

आज दिन भर प्रसन्न रहेंगे, रात के वक्त कोई बुरी खबर चिंतित कर सकती है। व्यापार में बहुत बड़ी हानि हो सकती है। समय-समय पर जीवन में नए बदलाव देखने को मिलते रहेंगे। मुमकिन है कि घर में बेपरवाह रवैये की वजह से आलोचना का सामना करना पड़े। संबंधों में यथार्थवादी बनने की कोशिश करें। नया बिजनेस शुरू कर सकते हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**( दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )**

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** गोधूलि बेला में पीपल के पेड़ के नीचे तिल के तेल का दीया जलाएं।

# खाली प्लॉट का चंद मिनटों में पता लगेगा

### तकनीक का लाभ उठाकर नोएडा अथॉरिटी करोड़ों रुपये कमाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा अथॉरिटी की करोड़ों रुपए की जमीन शहर में जहां-तहां पड़ी हुई है। जिसके बारे में प्राधिकरण के कर्मचारी वर्षों से पता लगाने में नाकामयाब रहे हैं। अब अथॉरिटी की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वरी ने तकनीक का सहारा लेने का फैसला लिया है।

चंद मिनटों में प्राधिकरण को पता लग जाएगा कि शहर में कहां.कहां खाली प्लॉट पड़े हैं। अथॉरिटी इस जमीन की नीलामी करेगी। उम्मीद है कि इस नीलामी से अरबों रुपए हासिल होंगे।

नोएडा अथॉरिटी जियोग्राफिकल इन्फ ॉर्मेशन सिस्टम के जरिए सर्वे करवाएगी। इससे शहर में खाली भूखंड का पता लगेगा। इसके बाद प्राधिकरण के कर्मचारी मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन करेंगे। यह जिम्मेदारी वर्क सर्किलए नियोजन और आवासीय भूखंड विभाग को सौंपी गई है।

यह सर्वे अगले एक सप्ताह में कराया जाएगा। इन खाली मिले भूखंडों को योजना में शामिल करके लोगों को आवंटित किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋ तु माहेश्वरी ने बैठक में यह आदेश दिया है। सीईओ ने निर्देश दिए कि आवासीय भूखंड योजना.2011 के अंतर्गत सफ ल आवेदकों और पांच प्रतिशत आबादी के जनवरी-2021 से अब तक नियोजित भूखंडों के अवशेष आवंटन पत्र एक सप्ताह में जारी कर दिए जाएं।

ऋतु महेश्वरी ने कहा, पांच प्रतिशत आबादी मामले में भूलेख विभाग और वर्क सर्किल से साइट प्लान प्राप्त कर लिए जाएं। आवासीय भूखंडों के 40 लाख रुपए से अधिक धनराशि के डिफाल्टरों के भूखंडों का आवंटन निरस्त कर दिया जाए। अधिकारियों का कहना है कि इस श्रेणी के बकाएदारों की सूची बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

## पुलिस से मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बदमाश और पुलिस के बीच आमने-सामने की मुठभेड़ जारी है। अभी तक 72 घंटे में आधा दर्जन से भी अधिक मुठभेड़ों में कई बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो चुके हैं।

इसी कड़ी में साहिबाबाद और इंदिरापुरम पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में मोहन नगर के पास एक और बदमाशों को मुठभेड़ में गोली लगी जबकि उसका एक अन्य साथी भागने में कामयाब हो गया। बदमाश की पहचान चंदन के रूप में हुई है। इसके खिलाफ दिल्ली और यूपी के विभिन्न थानों के रोज नामचे में दर्जनों अपराधिक मामले दर्ज है । इंदिरापुरम के क्षेत्राधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने बताया कि मोहन नगर इलाके में चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक पर सवार दो बदमाशों को रोका तो उन्होंने फायरिंग कर दी।

# विकास कार्यों का पिटारा, 94 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास




नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन तथा साथ में मेयर आशा शर्मा व अन्य

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिले में विकास कार्यों की सौगात का पिटारा लगातार खुलता जा रहा है।

यूपी के नगर विकास तथा नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री आशुतोष टंडन ने हिंदी भवन में आयोजित एक विशाल कार्यक्रम में लगभग 94 करोड़ 43 लाख रुपए की विकास योजना के शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस मौके पर 68 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया और तीन विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया गया। महामाया स्टेडियम के पास सिटी फॉरेस्ट बनाने के लिए मंत्री ने शिलान्यास किया। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने कहा कि यूपी सरकार सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के हमारी सरकार विकास कार्यों को अंजाम दे रही है। इस मौके पर मेयर आशा शर्मा उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग विधायक सुनील शर्मा नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। इससे पूर्व नगर विकास मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ मंत्रणा भी की।

# जिले में बढ़ेंगे सर्किल रेट, मेट्रो और एक्सप्रेस-वे से सटे प्लॉट के लिए देना होगा लोकेशन चार्ज



### मेट्रो स्टेशनों के पास ये हैं सेक्टर .

सेक्टर.2, 3, 15, 16, 18, 27, 32, 34, 36, 37, 38ए, 39, 49, 50, 51, 52, 59, 61, 62, 63, 66, 71, 72, 75, 76, 78, 81, 82, 83, 84, 92, 95, 101, 102, 137

### नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे से सटे सेक्टर

सेक्टर-44, 91, 93ए, 93 बी, 94, 96, 97, 98, 105, 108, 124, 125, 126, 127, 128, 129, 132, 135, 136, 142, 143 बी, 144, 145, 146, 147, 148, 148ए, 150, 152, 153, 154, 157, 159, 161, 163, 166, 167 व 168

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर प्रशासन ने जिले में सर्किल रेट बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके तहत नोएडा के 20 आवासीय सेक्टरों की भूखंड दरों और 8 औद्योगिक संस्थागत भूखंडों के सर्किल रेट में 10 से 70 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है। अब सबसे महंगे सेक्टर-14ए, 15, और 44, व बी ब्लॉकद्ध में सर्किल रेट 1 लाख 94 हजार 250 रुपये प्रति वर्ग मीटर हो गया है। इसके अलावा मेट्रो स्टेशन व नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के पास सेक्टरों में वहां के सर्किल रेट के अलावा लोकेशन चार्ज के रूप में अतिरिक्त शुल्क के हिसाब से रजिस्ट्री करानी होगा।

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में आवासीय सेक्टरों की भूखंड दरों में करीब 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। यहां सबसे ज्यादा जेपी ग्रीन्स में न्यूनतम शुल्क 50 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर तय किया गया है। जोन ए के चार हजार वर्ग मीटर तक के औद्योगिक भूखंड के सर्किल रेट में करीब 45 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है।

यमुना क्षेत्र में सेक्टर-1 से 18 तक, 20, 21, 23, 23ए, 23 बी, 23 सी, 24, 24ए, 27, 28, 29, 33, 34 व 35 के आवासीय सेक्टरों में भूखंड के सर्किल रेट 17800 रुपये प्रति वर्ग मीटर प्रस्तावित किए गए हैं। व्यावसायिक भूखंड के सर्किल रेट 43500 से बढ़ाकर 46000 रुपये प्रति वर्ग मीटर तय किए गए हैं।

औद्योगिक, संस्थागत व आईटी-आईटीईएस के भूखंडों के सर्किल रेट में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। इसके अलावा आवासीय भूखंड के सामने ग्रीन बेल्ट होने पर भी पांच प्रतिशत अतिरिक्त सर्किल रेट के आधार पर रजिस्ट्री करानी होगी। सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से जारी प्रस्तावित सर्किल रेट की सूची में ये प्रावधान किए गए हैं।

### 18 अगस्त को आपत्तियों का निस्तारण होगा

नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में संपत्ति की रजिस्ट्री कराना महंगा होगा। तीनों क्षेत्र में आवासीय, औद्योगिक, व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग, संस्थागत, आईटी-आईटीईएस श्रेणी की संपत्तियों के सर्किल रेट बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

इसको लेकर जिला प्रशासन ने प्रस्तावित सर्किल रेट की सूची जारी कर दी है। लोग 16 अगस्त तक आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद 18 अगस्त को आपत्तियों का निस्तारण कर फाइनल सर्किल रेट जारी कर दिए जाएंगे।

### 2.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देना होगा

निबंधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 18 मीटर से अधिक व 30 मीटर तक चौड़ी सड़क पर स्थित औद्योगिक भूखंड की रजिस्ट्री कराने के लिए 2.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देना होगा। उदाहरण के तौर पर यदि किसी सेक्टर में औद्योगिक भूखंड का सर्किल रेट 40 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर है और ये भूखंड 18 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क पर है। ऐसे में इस भूखंड के क्षेत्रफ्ल के सर्किल रेट का मूल्याकन 2.5 फीसदी के हिसाब से एक हजार रुपये जोड़ते हुए 41 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से होगा। 30 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क पर स्थित भूखंड की रजिस्ट्री कराते समय 5 प्रतिशत अतिरिक्त, पार्क फेसिंग व ग्रीन बेल्ट होने पर 2.5 और कार्नर का औद्योगिक भूखंड होने पर 2.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क के हिसाब से सर्किल रेट की गणना की जाएगी।

# ऑपरेशन के दौरान लापरवाही से महिला की मौत, केस दर्ज

**नोएडा।** कोतवाली रबूपुरा क्षेत्र के कस्बे में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती महिला की मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई।

महिला की मौत की सूचना मिलते ही बडी संख्या में गुस्सा, परिजन अस्पताल पहुंच गए और दो घंटे तक जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया तथा पति की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

मृतका के पति प्रदीप कुमार का आरोप है कि सोमवार रात उसकी पत्नी की मौत हो गई थी लेकिन अस्पताल ने पैसे वसूलने के लिए मंगलवार सुबह उसकी पत्नी की मौत की सूचना उसको दी। पुलिस ने बताया की आछेपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार की शादी पूनम से वर्ष 2012 में हुई थी। पूनम के गर्भाशय बच्चेदानी में पीड़ा होने पर एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने गर्भाशय में गांठ होने और उसका ऑपरेशन करने की बात कही। आरोप है कि सोमवार दोपहर करीब 2 बजे गर्भाशय का आपरेशन किया गया लेकिन उसके बाद भी महिला का दर्द कम न होने और रक्तस्त्राव होने के चलते महिला की मौत हो गई।

# जमीन नहीं देने वाले किसानों से होगी बातचीत: जिलाधिकारी

### रैपिड रेल परियोजना का कार्य निर्धारित समय सीमा में हो

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



रैपिड रेल परियोजना के निर्माण में जमीन संबंधी आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए डीएम और रैपिड रेल अधिकारियों के मध्य जिला मुख्यालय पर मैराथन बैठक आहूत हुई।

बैठक में रैपिड रेल परियोजना के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे लाइन के आसपास कुछ जमीन ऐसी है जिसे अभी तक अधिग्रहण नहीं किया जा सका है और किसान समस्या पैदा कर रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि किसानों के साथ वार्ता कर इस मामले को सुलझा दिया जाएगा, लेकिन परियोजना का कार्य तय अवधि के बीच पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी इस परियोजना पर काम पूरा होगा मेरठ गाजियाबाद और दिल्ली के यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिलेगी। जिला अधिकारी आरके सिंह ने रैपिड रेल परियोजना के अधिकारियों को बताया कि परियोजना से संबंधित जो कोई भी परेशानी आ रही है प्रशासन को तुरंत अवगत कराया जाए ताकि उसका निराकरण समय अनुसार हो सके।

## एक दिन में लगे रिकॉर्ड 42 हजार टीके, जारी रहेगा अभियान: डीएम

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में टीकाकरण को रफ्तार देने के लिए 3 अगस्त को महाअभियान चलाया गया था। इसके तहत गौतमबुद्ध नगर में 1 दिन में रिकॉर्ड 41 हजार से ज्यादा टीके लगे। इसके साथ ही जनपद में सुस्त पड़े वैक्सीनेशन के अभियान को रफ्तार मिला है। डीएम सुहास एलवाई सभी विभागों और मिशन से जुड़े अफसरों.कर्मचारियों तथा अन्य सभी की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि इसी रफ्तार से कोरोना वायरस का टीकाकरण जनपद में जारी रहे। मंगलवार को जनपद में 204 वैक्सीनेशन सेंटर पर खुराक दी गई। बीते दिन अभियान के तहत 42316 लाभार्थियों को कोरोना की वैक्सीन दी गई।

# स्वर्ण नहीं जीत पाने से दुखी हूं, लेकिन कांस्य का जश्न के साथ मनाऊंगी : लवलीना

एजेंसी। टोक्यो



अपने पहले ओलंपिक में सिर्फ कांस्य जीतकर वह खुश नहीं है, लेकिन भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने बुधवार को कहा कि पिछले आठ साल के उसके बलिदानों का यह बड़ा इनाम है और अब वह 2012 के बाद पहली छुट्टी लेकर इसका जश्न मनाएंगी। 23 वर्ष की लवलीना को वेल्टरवेट (69 किलो) सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन तुर्की की बुसेनाज सुरमेनेली ने 5-0 से हराया। बोरगोहेन ने मुकाबले के बाद कहा, अच्छा तो नहीं लग रहा है। मैंने स्वर्ण पदक के लिए मेहनत की थी तो यह निराशाजनक है।

उन्होंने कहा, मैं अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर सकी। वह काफी ताकतवर थी। मुझे लगा कि बैकफुट पर खेलने से चोट लगेगी तो मैं आक्रामक हो गई, लेकिन इसका फायदा नहीं मिला। उन्होंने कहा, मैं उसके आत्मविश्वास पर प्रहार करना चाहती थी, लेकिन हुआ नहीं। वह काफी चुस्त थी। विजेंदर सिंह (2008) और एमसी मैरीकॉम (2012) के बाद ओलंपिक पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय मुक्केबाज बनी लवलीना ने कहा, मैं हमेशा से ओलंपिक में पदक जीतना चाहती थी। मुझे खुशी है कि पदक मिला लेकिन इससे अधिक मिल सकता था। उन्होंने कहा, मैंने इस पदक के लिए आठ साल तक मेहनत की है। मैं घर से दूर रही, परिवार से दूर रही और मनपसंद खाना नहीं खाया। लेकिन मुझे नहीं लगता कि किसी को ऐसा करना चाहिए। मुझे लगता था कि कुछ भी गलत करूंगी तो खेल पर असर पड़ेगा। नौ साल पहले मुक्केबाजी में कॅरियर शुरू करने वाली लवलीना दो बार विश्व चैंपियनशिप कांस्य भी जीत चुकी है। उनके लिए ओलंपिक की तैयारी आसान नहीं थी क्योंकि कोरोना संक्रमण के कारण वह अभ्यास के लिए यूरोप नहीं जा सकी। इसके अलावा उनकी मां की तबीयत खराब थी और पिछले साल उनका किडनी प्रत्यारोपण हुआ जब लवलीना दिल्ली में राष्ट्रीय शिविर में थी।

लवलीना ने कहा, मैं एक महीने या ज्यादा का ब्रेक लूंगी। मैं मुक्केबाजी करने के बाद से कभी छुट्टी पर नहीं गई। अभी तय नहीं किया है कि कहां जाऊंगी लेकिन मैं छुट्टी लूंगी।

यह पदक उनके ही लिए नहीं बल्कि असम के गोलाघाट में उनके गांव के लिए भी जीवन बदलने वाला रहा क्योंकि अब बारो मुखिया गांव तक पक्की सड़क बनाई जा रही है। इस बारे में बताने पर उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि सड़क बन रही है। जब घर लौटूंगी तो अच्छा लगेगा। मुक्केबाजी में भारत के ओलंपिक अभियान के बारे में उन्होंने कहा, मेरे भीतर आत्मविश्वास की कमी थी जो अब नहीं है। अब मैं किसी से नहीं डरती। मैं यह पदक अपने देश के नाम करती हूं जिसने मेरे लिए दुआएं की। मेरे कोच, महासंघ, प्रायोजक सभी ने मदद की। उन्होंने राष्ट्रीय सहायक कोच संध्या गुरूंग की तारीफ करते हुए कहा, उन्होंने मुझ पर काफी मेहनत की है। उन्होंने द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए आवेदन किया है और उम्मीद है कि उन्हें मिल जाएगा।

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने बोरगोहेन को कांस्य जीतने पर दी बधाई

अपने पहले ही ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर पूरे देश की नूरे नजर बनी मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से लेकर हर क्षेत्र के लोगों ने जमकर तारीफ की है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने ट्वीट किया, अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। ओलंपिक की मुक्केबाजी स्पर्धा में आपका कांस्य पदक युवाओं खासकर युवा महिलाओं को चुनौतियों का सामना करके सपने सच करने की प्रेरणा देगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, अच्छा मुकाबला लवलीना बोरगोहेन। मुक्केबाजी रिंग में उनकी कामयाबी से कई भारतीयों को प्रेरणा मिली है। उनकी दृढता और समर्पण प्रशंसनीय है। कांस्य जीतने पर उन्हें बधाई और भविष्य के लिए शुभकामना। खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, लवलीना अपने अपना सर्वश्रेष्ठ पंच लगाया। भारत को आपकी उपलब्धि पर गर्व है। आपने-अपने पहले ओलंपिक में तीसरा स्थान हासिल करके पदक जीता। सफर अभी शुरू हुआ है। शाबाश। पूर्व खेलमंत्री किरेन रिजिजू ने लिखा, लवलीना आपने देश को गौरवान्वित किया है। ओलंपिक कांस्य जीतने पर बधाई। हमें आपकी उपलब्धियों पर गर्व है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने लिखा, लवलीना बोरगोहेन को कांस्य पदक के लिए बधाई। पहले ओलंपिक में इस तरह के प्रदर्शन से कइयों की प्रेरणास्रोत बन गई है।यह अभी शुरुआत है और आपको लंबा सफर तय करना है। बीजिंग ओलंपिक 2008 में देश को मुक्केबाजी में पहला ओलंपिक पदक दिलाने वाले विजेंदर सिंह ने लिखा, मुक्केबाजी में कांस्य। आप पर गर्व है लवलीना। ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत के इकलौते स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने लिखा, इतनी कठिन उपलब्धि अपने पहले ही ओलंपिक में हासिल करना चमत्कार से कम नहीं। पूर्व हॉकी खिलाड़ी वीरेन रासकिन्हा ने ट्वीट किया, इसमें कोई शक नहीं कि तुर्की की विश्व चैंपियन बुसेनाज बेहतर मुक्केबाज थी। इसमें भी कोई शक नहीं कि लवलीना ने पूरा प्रयास किया। कांस्य पदक पर बधाई।

# कुश्ती दहिया सोने से एक कदम दूर

## टोक्यो ओलंपिक दीपक पूनिया और अंशु से अब ब्रॉन्ज मेडल की उम्मीदें

## सेमीफाइनल में हारी महिला हॉकी टीम, ब्रॉन्ज के लिए ब्रिटेन से भिड़ेंगी

एजेंसी। टोक्यो







**टोक्यो** ओलिंपिक में बुधवार को पहलवान रवि दहिया ने फाइनल में एंट्री कर भारत का एक और मेडल पक्का कर दिया। वहीं, दो अन्य पहलवानों दीपक पूनिया (सेमीफाइनल में) और अंशु मलिक (प्री क्वार्टर फाइनल में) को हार झेलनी पड़ी है। दीपक और अंशु दोनों रेपचेज राउंड के जरिए ब्रॉन्ज के दावेदार होंगे। महिला हॉकी के सेमीफाइनल में भारतीय टीम 1-0 की बढ़त लेने के बाद अर्जेंटीना से 1-2 से हार गई।

महिला हॉकी के सेमीफाइनल में भारत को अर्जेंटीना के खिलाफ 1-2 से हार झेलनी पड़ी। भारत की डिफेंडर गुरजीत ने दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल मारा। गुरजीत ने ही क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इकलौता विनिंग गोल दागा था। उधर, दूसरे क्वार्टर फाइनल अर्जेंटीना की कप्तान ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। तीसरे क्वाार्टर फाइनल में उन्होंने एक गोल और किया। भारत को अब ब्रॉन्ज मेडल मैच में ब्रिटेन का सामना करना है। ब्रिटेन को एक अन्य सेमीफाइनल में नीदरलैंड्स ने हराया।

इससे पहले कुश्ती के सेमीफाइनल मुकाबले में 57 किलोग्राम वेट कैटेगरी में रवि दहिया कजाकिस्तान के नूरीस्लाम सनयायेव को हराकर फाइनल में पहुंच चुके हैं। उन्होंने भारत के लिए कम से कम सिल्वर मेडल पक्का कर लिया है। रवि ने नूरीस्लाम को पिनफॉल में हराया। एक वक्त रवि 10-2 से पिछड़ रहे थे। इसके बाद रवि ने वापसी की और आखिरी 30 सेकेंड में कजाकिस्तान के पहलवान को पटखनी देकर दंगल जीत लिया। रवि ने पिछले मुकाबले में बुल्गारिया के पहलवान और दीपक ने चीनी पहलवान को हराया था। उधर, 86 किलोग्राम वेट कैटेगरी में दीपक पूनिया सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गए। उन्हें अमेरिकी पहलवान ने हरा दिया। ओलिंपिक कुश्ती में भारत ओवरऑल 5 मेडल जीत चुका है। केडी जाधव (1952), सुशील कुमार (2) (2008, 2012), योगेश्वर दत्त (2012) और साक्षी मलिक (2016) जीत चुके हैं।

लवलिना सेमीफाइनल में हारीं


महिला बॉक्सिंग के 69 किलोग्राम वेट कैटेगरी में भारत की लवलिना बोरगोहेन मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन तुर्की की बुसेनाज सुरमेली से हार गई हैं। बुसेनाज ने लवलिना को तीनों राउंड में हरा दिया। उन्हें ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ेगा।

**भारत को अब तक 3 मेडल :** टोक्यो ओलंपिक में भारत का यह तीसरा मेडल है। सबसे पहले मीराबाई चानू ने वेटलिफ्टिंग के 49 किलो वेट कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता था। वहीं पीवी सिंधु ने बैडमिंटन में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। अब लवलिना ने भारत को एक और मेडल दिलाया।

**चोपड़ा ने पहले ही प्रयास में 86.65 मीटर थ्रो किया :** नीरज पूल ए में शामिल थे। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में 86.65 मीटर का थ्रो फेंका। इसके साथ ही उन्होंने भारत के लिए पदक की उम्मीद जगाई। चोपड़ा की ओलिंपिक की तैयारियां चोट और कोविड-19 महामारी के कारण प्रभावित हुई थीं। हालांकि उन्होंने अपने प्रशंसकों को बिलकुल निराश नहीं किया और ओलिंपिक में अपनी पहली ही थ्रो पर फाइनल में जगह बना ली। वहीं दूसरे भारतीय थ्रोअर शिवपाल सिंह फाइनल के दौड़ से बाहर हो गए हैं। उन्होंने तीसरी कोशिश में 74.81 मीटर का थ्रो किया। इससे पहले वे दूसरे प्रयास में 74.80 मीटर ओर पहले प्रयास में 76.40 मीटर का थ्रो किया था।



### सेमीफाइनल में बुसेनाज से हारी लवलीना, कांस्य मिला



भारत की स्टार मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को बुधवार को यहां महिला वेल्टरवेट वर्ग (69 किग्रा) के सेमीफाइनल में तुर्की की मौजूदा विश्व चैंपियन बुसेनाज सुरमेनेली के खिलाफ शिकस्त के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इसके साथ ही टोक्यो ओलंपिक में भारतीय मुक्केबाजों का अभियान एक कांस्य पदक के साथ खत्म हुआ। ओलंपिक में पदार्पण कर रही विश्व चैंपियनशिप की दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना के खिलाफ बुसेनाज ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया और सर्वसम्मति से 5-0 से जीत दर्ज करने में सफल रही। तोक्यो खेलों में यह भारत का तीसरा पदक है। इससे पहले भारोत्तोलन में मीराबाई चानू ने रजत जबकि बैडमिंटन में पीवी सिंधू ने कांस्य पदक जीता। लवलीना का पदक पिछले नौ वर्षों में भारत का ओलंपिक मुक्केबाजी में पहला पदक है।

### रवि के फाइनल में पहुंचने पर उनके गांव में जश्न का माहौल

**सोनीपत (हरियाणा)।** पहलवान रवि दहिया के टोक्यो ओलंपिक फाइनल में पहुंचकर भारत के लिए पदक पक्का करने के बाद उनके गांव में जश्न का माहौल है। दहिया बुधवार को ओलंपिक खेलों के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बने। उन्होंने 57 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में कजाखस्तान के नूरिस्लाम सनाएव को हराया। इसके तुरंत बाद नाहरी गांव में उनके परिजन और रिश्तेदार जश्न मनाने लगे। दहिया के पिता राकेश की खुशी का ठिकाना नहीं था। उन्होंने कहा, रवि स्वर्ण पदक जीतेगा। मुझे पूरा विश्वास है। मैं अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकता। दहिया से पहले सुशील कुमार फाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र पहलवान थे। उन्होंने लंदन ओलंपिक 2012 में रजत पदक हासिल किया था। राकेश ने कहा, उसने परिवार वालों से वादा कर रखा है कि वह ओलंपिक स्वर्ण पदक लेकर आएगा। वह हर दिन आठ घंटे तक अभ्यास करता था। उन्होंने कहा कि छह साल की उम्र से रवि ने गांव के अखाड़े में कुश्ती शुरू कर दी थी और बाद में वह दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में चला गया था। राकेश ने याद किया वह प्रत्येक दिन गांव से अपने बेटे के लिए दूध और मक्खन लेकर जाते थे ताकि उनके बेटे को पोषक आहार मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस की कराटे एथलीट कोविड पॉजिटिव

**टोक्यो।** रूस की कराटे एथलीट अन्ना चेर्नियशेवा को कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाया गया जिससे वह टोक्यो ओलंपिक से बाहर हो गईं हैं। रूस कराटे महासंघ ने इंस्टाग्राम पर कहा कि अन्ना चेर्नियशेवा अपनी स्पर्धा में हिस्सा नहीं ले सकेंगी और दूसरी जांच में उनके पॉजिटिव आने की पुष्टि हुई। रूस ओलंपिक समिति टीम की सदस्य अन्ना (19 वर्षीय) ओलंपिक में उसकी एकमात्र कराटे खिलाड़ी थीं। उन्हें गुरुवार को ओलंपिक कराटे प्रतियोगिता के पहले दिन महिलाओं की 55 किग्रा कुमिटे स्पर्धा में हिस्सा लेना था।

### यूनानी तैराक कोरोना संक्रमण के कारण ओलंपिक से बाहर

**टोक्यो।** यूनानी तैराकी टीम के कलात्मक तैराकों में कोरोना संक्रमण के मामले पाए जाने के बाद उन्हें टोक्यो ओलंपिक से बाहर कर दिया गया है। टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति की प्रवक्ता मासा तकाया ने कहा, यूनान के 12 कलात्मक तैराकों और अधिकारियों में से पांच पॉजिटिव पाए गए हैं जो खेलगांव में रह रहे थे। यूनानी टीम ने कहा कि वे पृथकवास होटल में रह रहे हैं। यूनान को टीम और युगल स्पर्धाओं में भाग लेना है। आईओसी प्रवक्ता मार्क एडम्स ने दोहराया है कि वे टोक्यो ओलंपिक के दौरान चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक नेता माओ से तुंग की तस्वीर वाले बैज लगाकर दो चीनी खिलाड़ियों के उतरने के मामले पर भी चीनी ओलंपिक समिति से बात कर रहे हैं। चीन के दो स्वर्ण पदक विजेता पदक समारोह में ए बैज लगाकर आए थे जो ओलंपिक चार्टर के 50वें नियम के खिलाफ है।

### पीसीबी ने उमर को क्लब क्रिकेट खेलने की अनुमति दी

**कराची।** पाकिस्तान के विवादास्पद बल्लेबाज उमर अकमल को अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया के अंतर्गत क्लब क्रिकेट खेलने की अनुमति दी गई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। जुलाई में उमर ने पिछले साल भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने के लिए माफी मांग ली थी जिसके कारण उन्हें 12 महीने के लिए प्रतिबंधित भी कर दिया गया था। बोर्ड ने एक बयान में कहा, उमर ने अब तक भ्रष्टाचार रोधी व्याख्यान में शिरकत की है और साथ ही सुरक्षा और भ्रष्टाचार रोधी विभाग द्वारा आयोजित सवाल जवाब के सत्र में भी हिस्सा लिया है। बोर्ड ने यह भी कहा कि अगर वह अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर लेता है तो वह पाकिस्तान के घरेलू सत्र 2021-22 में भी भाग लेने के योग्य हो जाएगा।

### ब्राजील की मार्सेला ने महिला मैराथन तैराकी में जीता स्वर्ण

**टोक्यो।** ब्राजील की मार्सेला कुन्हा ने बुधवार को यहां टोक्यो ओलंपिक में महिला 10 किमी मैराथन तैराकी स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। मार्सेला ने एक घंटा 59 मिनट और 30.8 सेकेंड का समय लिया। उन्होंने नीदरलैंड की गत चैंपियन शेरोन वैन रोवेनडाल को सिर्फ 0.9 सेकेंड के अंतर से पछाड़ा। शेरोन ने एक घंटा 59 मिनट और 31.7 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक आस्ट्रेलिया की केरीना ली के नाम रहा जिन्होंने एक घंटा 59 सेकेंड और 32.5 सेकेंड का समय लिया। अपने तीसरे ओलंपिक में पहला पदक जीतने वाली मार्सेला पांच साल पहले रियो खेलों में 10वें जबकि 2008 बीजिंग खेलों में पांचवें स्थान पर रही थी।

### ओलंपिक में 41 साल बाद हॉकी के लिए

## जर्मनी के खिलाफ टीम इंडिया को चूक से बचना होगा

एजेंसी। टोक्यो



**सेमीफाइनल** में मिली हार को भुलाते हुए भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 41 साल बाद ओलंपिक में पदक जीतने का सपना पूरा करने के लिए गुरुवार को रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ तीसरे चौथे स्थान के प्लेआफ मुकाबले में अपने डिफेंस को मजबूत रखना होगा। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत को सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन बेल्जियम ने 5-2 से हराया। बेल्जियम का फोकस पेनल्टी कॉर्नर बनाने पर था और टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल कर चुके अलेक्जेंडर हेंडरिक्स ने हैट्रिक लगाई।

भारत पर शुरू ही से दबाव बनाते हुए उन्होंने भारतीय रक्षण को भी छितर बितर कर दिया। पूरे मैच में भारत ने 14 पेनल्टी कॉर्नर गंवाए जिनमें से आठ आखिरी क्वार्टर में गए। आठ बार की चैंपियन भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में आखिरी पदक 1980 में मॉस्को में जीता था। भारतीय डिफेंडरों को अब जर्मनी के खिलाफ ऐसी गलती करने से बचना होगा जो उन्होंने बेल्जियम के खिलाफ की। टीम में चार विश्व स्तरीय ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह, उपकप्तान हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार और अमित रोहिदास के होते हुए भी भारतीय टीम पांच में से एक ही पेनल्टी कॉर्नर तब्दील कर सकी। भारतीय टीम को सर्कल के भीतर अनावश्यक भिड़ंत से भी बचना होगा। कप्तान मनप्रीत सिंह को चौथे क्वार्टर में कार्ड मिला और बेल्जियम को दो पेनल्टी कॉर्नर भी। रैंकिंग के आधार पर दोनों टीमों में ज्यादा फर्क नहीं है। भारत तीसरे और जर्मनी चौथे स्थान पर है, लेकिन जर्मनी को हराना भारत के लिए आसान नहीं होगा। सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया से हारी जर्मन टीम यहां खुद को साबित करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने 2017 हॉकी विश्व लीग फाइनल्स के कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी को 2-1 से हराया था, लेकिन उस समय जर्मनी के शीर्ष खिलाड़ी उस टीम में नहीं थे। भारत के बाद जर्मनी ने सबसे ज्यादा चार ओलंपिक स्वर्ण जीते हैं। दोनों के बीच ओलंपिक में 11 बार मुकाबला हुआ है और दोनों टीमों ने चार-चार मैच जीते हैं। तीन मैच ड्रॉ रहे।

### जापान की 12 बरस की हिराकी को स्केटबोर्डिंग में रजत

**टोक्यो।** जापान की 12 वर्ष की कोकोना हिराकी ने स्केटबोर्डिंग में महिलाओं के पार्क इवेंट में रजत पदक जीत लिया है, जो जापान की सबसे युवा ओलंपिक पदक विजेता है। इस वर्ग में जापान की ही साकुरा योसोजुमी को स्वर्ण और ब्रिटेन की स्काय ब्राउन को कांस्य पदक मिला। योसोजुमी ने पहले ही दौर में 60.09 अंक बना लिए और 60 अंक पार करने वाली वह अकेली खिलाड़ी रही। इससे बाकी खिलाड़ियों पर दबाव बन गया और वह उससे आगे नहीं निकल सके। जापान ने पुरुषों और महिलाओं के स्ट्रीट वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीते थे।

### महिला गोल्फ में अदिति की शानदार शुरुआत, दिग्गजों से आगे

**टोक्यो।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने ओलंपिक खेलों में शानदार शुरुआत करके पहले दिन बुधवार को चार अंडर 67 का स्कोर करके संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया। पांच साल पहले रियो ओलंपिक में गोल्फ जगत का ध्यान खींचने वाली अदिति दुनिया की नंबर एक गोल्फर नैली कोरडा के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन की मेडेलेने सैगस्ट्रोम से एक शॉट पीछे हैं। अदिति ने कहा, मैंने अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन किया। मुझे लगा नहीं था कि इतना स्कोर कर सकूंगी। अदिति शीर्ष पर भी रह सकती थी, लेकिन उन्होंने 18वें होल पर बोगी किया। सैगस्ट्रोम ने बोगीरहित पांच अंडर 66 स्कोर किया। अदिति ने पांच बर्डी लगाए और एक बोगी किया।

## अब विश्व चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हूं: सिंधू

एजेंसी। नई दिल्ली

**ओलंपिक** में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी पीवी सिंधू ने अभी अपनी सफलता का पूरी तरह से जश्न भी नहीं मनाया है, लेकिन फिर भी अपना अगला लक्ष्य तय कर लिया है, जो इस साल स्पेन में विश्व चैंपियनशिप खिताब का बचाव करना है। रविवार को 26 साल की सिंधू लगातार दो व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय और देश की पहली महिला खिलाड़ी बनी थी। रियो 2016 में रजत पदक के बाद उन्होंने तोक्यो खेलों में कांस्य पदक जीता।



सिंधू ने यहां बातचीत के दौरान कहा, निश्चित तौर पर अब तक इन भावनाओं से पूरी तरह से नहीं बाहर निकल पाई हूं, लेकिन मैं इस लम्हें का लुत्फ उठा रही हूं। यह किसी के लिए भी सपना साकार होने की तरह है। ये ऐसे लम्हें हैं जिन्हें आप हमेशा याद रखते हो। उन्होंने कहा, ओलंपिक में लगातार दो पदक जीतना मेरे लिए बड़ी बात है। मुझे यकीन है कि यह अन्य लोगों को प्रेरित करेगा और खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह पूछने पर कि अब उनका लक्ष्य क्या है, सिंधू ने कहा, कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं होने वाली हैं। जल्द ही मैच अभ्यास शुरू करूंगी और अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती हूं। स्पेन में विश्व चैंपियनशिप भी है और मुझे अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मैं निश्चित तौर पर 2024 पेरिस ओलंपिक में खेलूंगी लेकिन इसमें काफी समय है। मैं अब इस लम्हें को सहेजकर रखने का प्रयास कर रही हूं। महामारी के कारण स्थगित की गई विश्व चैंपियनशिप का आयोजन स्पेन के हुएल्वा में 12 से 19 दिसंबर तक होना है। महामारी के बीच कई टूर्नामेंट रद्द होने के कारण सिंधू को अपने रक्षण पर काम करने का मौका मिला और उन्होंने इस दौरान स्मैश और नेट पर अपने कौशल को निखारा।

सिंधू ने कहा, मैंने पहले ही वादा किया था कि आपको कुछ नया कौशल और स्ट्रोक देखने को मिलेंगे। मुझे खुशी है कि मैं ओलंपिक में इसे दिखा पाई। मैं अपने कोच पार्क (तेइ-सांग) की आभारी हूं, हमने तकनीक पर कड़ी मेहनत की। यह पूछने पर कि ओलंपिकस से पहले अनिश्चितता को देखते हुए क्या चीजें मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण थी, सिंधू ने कहा, मुझे यकीन है कि ऐसा था क्योंकि महामारी से काफी लोग प्रभावित हुए और हमें लॉकडाउन का सामना करना पड़ा लेकिन मैंने इस समय का इस्तेमाल अपने कौशल और तकनीक पर काम करने के लिए किया। उन्होंने कहा, फिटनेस बरकरार रखना और ओलंपिक से पहले मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत रहना चुनौतीपूर्ण था, जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रहते हुए हमें अपना ख्याल रखना था।

### बैडमिंटन खिलाड़ी का हैदराबाद में भव्य स्वागत

**हैदराबाद।** ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी पीवी सिंधू का बुधवार को यहां गृहनगर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मौजूदा विश्व चैंपियन सिंधू ने टोक्यो खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने पांच साल पहले रियो ओलंपिक में रजत पदक हासिल किया था। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उनका स्वागत खेल मंत्री वी श्रीनिवास गौड़ और अन्य अधिकारियों ने किया। गौड़ ने सिंधू, उनके माता-पिता और अन्य को सम्मानित करते हुए कहा कि इस बैडमिंटन खिलाड़ी को अगले ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना चाहिए। उन्होंने कहा, सिंधू ने अपनी उपलब्धियों से देश और तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के तेलगु बोलने वाले राज्यों को गौरवान्वित किया है। 26 साल की सिंधू ने मंत्री का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने उनका काफी सहयोग किया है। उन्होंने राज्य सरकार का भी शुक्रिया किया जिसने उन्हें ओलंपिक की तैयारियों के लिए गाचीबाउली इंडोर स्टेडियम में ट्रेनिंग करने दी और उम्मीद जताई कि वह भविष्य में कई और पदक जीतेंगी।



# नैनीताल की खूबसूरती के दीवाने हैं हजारों

**एनएच 87 नैनीताल को पूरे देश से जोड़ता है। नैनीताल में रेल और हवाई सेवाएं नहीं हैं, लेकिन यहां का नजदीकी रेलवे स्टेशन यहां से सिर्फ 34 किमी दूर काठगोदाम में है। काठगोदाम से नैनीताल के लिए राज्य परिवहन की गाड़ियां दिन में हर समय उपलब्ध रहती हैं।**

दोस्तों के साथ घूमने-फिरने का प्लान बने तो सबसे पहले नैनीताल का नाम ही जहन में आता है। जहां गर्मियों में नैनीताल की खूबसूरती और ठंडा मौसम सैलानियों को अपनी ओर खींच लाता है वहीं सर्दियों में बर्फबारी और विंटर स्पोर्ट्स के दीवानों के लिए नैनीताल स्वर्ग बन जाता है। कहा जाता है कि एक समय में नैनीताल जिले में 60 से ज्यादा झीलें हुआ करती थीं। यहां चारों ओर खूबसूरती बिखरी है। सैर-सपाटे के लिए दर्जनों जगहें हैं, जहां जाकर पर्यटक मंत्र-मुग्ध हो जाते हैं।

एनएच 87 नैनीताल को पूरे देश से जोड़ता है। नैनीताल में रेल और हवाई सेवाएं नहीं हैं, लेकिन यहां का नजदीकी रेलवे स्टेशन यहां से सिर्फ 34 किमी दूर काठगोदाम में है। काठगोदाम से नैनीताल के लिए राज्य परिवहन की गाड़ियां दिन में हर समय उपलब्ध रहती हैं। अगर आप हवाई मार्ग से नैनीताल जाना चाहती हैं, तो यहां का नजदीकी पंतनगर एयरपोर्ट करीब 55 किमी दूर है। नैनीताल की खोज सन् 1841 में एक अंग्रेज चीनी (शुगर) व्यापारी ने की। बाद में अंग्रेजों ने इसे अपनी आरामगाह और स्वास्थ्य लाभ लेने की जगह के रूप में विकसित किया। नैनीताल तीन ओर से घने पेड़ों की छाया में ऊंचे-ऊंचे पर्वतों के बीच समुद्रतल से 1938 मीटर की ऊंचाई पर बसा है। यहां के ताल की लंबाई करीब 1358 मीटर और चौड़ाई करीब 458 मीटर है। ताल की गहराई 15 से 156 मीटर तक आंकी गई है, हालांकि इसकी सही-सही जानकारी अब तक किसी को नहीं है। ताल का पानी बेहद साफ है और इसमें तीनों ओर के पहाड़ों और पेड़ों की परछाई साफ दिखती है। आसमान में छाए बादलों को भी ताल के पानी में साफ देखा जा सकता है। रात में नैनीताल के पहाड़ों पर बने मकानों की रोशनी ताल को भी ऐसे रोशन कर देती है, जैसे ताल के अंदर हजारों बल्ब जल रहे हों।

ताल में बत्तखों के झुंड, रंग-बिरंगी नावें और ऊपर से बहती ठंडी हवा यहां एक अद्भुत नजारा पेश करते हैं। ताल का पानी गर्मियों में हरा, बरसात में मटमैला और सर्दियों में हल्का नीला दिखाई देता है।



### इन जगहों पर न भूलें जाना

**इको केव :** इको केव यहां के सबसे मशहूर जगहों में से एक है। इसमें कई सारी गुफाएं हैं। इस गुफा की सबसे खास बात ये है कि बाहर चाहे जैसा भी मौसम हो लेकिन इस गुफा में हमेशा ठंड ही रहती है। यहां से स्नो व्यू प्वॉइंट भी देखा जा सकता है। इस गुफा के आसपास कई सारी बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग भी हुई है।

**नैनी झील :** नैनीताल के दिल में बसी है खूबसूरत नैनी झील। नैनी झील में आसपास के सारे पहाड़ों का रिफ्लेक्शन पड़ता है, जिससे इसका पानी बिल्कुल हरा दिखता है और यह दृश्य काफी मनोरम लगता है। इस झील में आप बोटिंग का भी लुत्फ उठा सकती हैं, इससे आप झील की खूबसूरती को करीब से महसूस कर पाएंगे।

**नौकुचिया ताल :** जैसा कि आप जानती हैं कि नैनीताल को झीलों का शहर कहा जाता है। यहां आप घूमते-घूमते थक जाएंगी, लेकिन झीलों का सिलसिला खत्म नहीं होगा। यहां की नौकुचिया ताल काफी मशहूर है, भीमताल से 11 किमी की दूरी पर स्थित नौकुचिया ताल की खूबसूरती देखते ही बनती है। इस झील की गहराई तकरीबन 160 फीट है। यहां आप सूकून के पल बिता सकती हैं।



## नैनीताल में सैर-सपाटे की जगह

**तल्लीताल और मल्लीताल:** नैनीताल का मल्ला भाग (ऊपरी हिस्सा) मल्लीताल और नीचला भाग तल्लीताल कहलाता है। मल्लीताल में एक फ्लैट खुला मैदान है और यहां पर खेल तमाशे होते रहते हैं। इस फ्लैट पर शाम होते ही सैलानी इकट्ठे हो जाते है। भोटिया मार्केट में गर्म कपड़े, कैंडल और बेहतरीन गिफ्ट आइटम मिलते हैं। मल्लीताल से तल्लीताल को जोड़ने वाली सड़क को मॉल रोड कहा जाता है। मॉल रोड पर जगह-जगह लोगों के बैठने और आराम करने के लिए बेंच लगे हुए हैं। सैर-सपाटे के लिए यहां आने वाले सैलानी पैदल ही करीब डेढ़ किमी की इस दूरी को शॉपिंग करते हुए तय कर लेते हैं। वैसे दोनों ओर से रिक्शों की अच्छी व्यवस्था है।

**चाइना पीक या नैनापीक :** नैनीताल की सात चोटियों में 2611 मीटर ऊंची चाइना पीक सबसे ऊंची चोटी है। चाइना पीक की दूरी नैनीताल से लगभग 6 किलोमीटर है। इस चोटी से हिमालय की ऊंची-ऊंची चोटियों के दर्शन होते हैं। यहां से नैनीताल झील और शहर के भी भव्य दर्शन होते हैं। यहां एक रेस्तरां भी है।

**लड़ियाकांटा :** इस पर्वत श्रेणी की ऊंचाई 2481 मीटर है और यह नैनीताल से लगभग साढ़े पांच किलोमीटर दूर है। यहां से नैनीताल के ताल को देखना अपने आप में एक अनूठा अनुभव है।

**किलवरी :** 2528 मीटर की ऊंचाई पर दूसरी पर्वत चोटी है और इसे किलवरी कहते हैं। यह पिकनिक मनाने के लिए शानदार जगह है।

**डेरोथी सीट और टिफिन टॉप :** एक अंग्रेज ने अपनी पत्नी डेरोथी की याद में इस पहाड़ की चोटी पर उसकी कब्र बनाई और उसका नाम डेरोथी सीट रख दिया। तभी से यह डेरोथी सीट के नाम से जाना जाता है। नैनीताल से चार किलोमीटर की दूरी पर 2290 मीटर की ऊंचाई पर यह चोटी है। टिफिन टॉप से हिमालय के खूबसूरत नजारे दिखते हैं, यहां से नेपाल की ऊंची-ऊंची हिमालय पर्वत श्रृंखलाएं भी नजर आती हैं।

**देवपाटा और केमल्स बैक :** देवपाटा और केमल्स बैक नाम की ये दोनों चोटियां साथ-साथ हैं। देवपाटा की ऊंचाई 2435 मीटर है जबकि केमल्स बैक 2333 मीटर ऊंची है। इस चोटी से भी नैनीताल और उसके आसपास के इलाके के बेहद सुंदर नजारे दिखते हैं।

**स्नोव्यू और हनी-बनी :** नैनीताल से केवल ढाई किलोमीटर और 2270 मीटर की ऊंचाई पर हवाई पर्वत चोटी है। मल्लीताल से रोपवे पर सवार होकर यहां आसानी से जाया जा सकता है। यहां से हिमालय का विहंगम दृश्य दिखाई देता है। स्नोव्यू से लगी हुई दूसरी चोटी हनी-बनी है, जिसकी ऊंचाई 2179 मीटर है, यहां से भी हिमालय का सुंदर नजारा दिखता है।

**नैनीताल का चिड़ियाघर :** नैनीताल का चिड़ियाघर बस अड्डे से करीब 1 किमी दूर है। इसका नाम उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और स्वतंत्रता सेनानी गोविंद बल्लभ पंत के नाम पर रखा गया है। चिड़ियाघर में बंदर से लेकर हिमालय का काला भालू, तेंदुए, साइबेरियाई बाघ, पाम सिवेट बिल्ली, भेड़िया, चमकीले तितर, गुलाबी गर्दन वाले प्रकील पक्षी, पहाड़ी लोमड़ी, घोरल, हिरण और सांभर जैसे जानवर हैं।

**राजभवन :** इंग्लैंड के बकिंघम पैलेस की तर्ज पर बनाए गए राजभवन का निर्माण अंग्रेजों ने उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के गवर्नर के रहने के लिए किया था। अब यहां उत्तराखंड के राज्यपाल का निवास है और राज्य के अतिथि भी यहां आकर ठहरते हैं। दो मंजिला इमारत में 113 कमरे हैं। यहां शानदार गार्डन, गोल्फ लिंक, स्वीमिंग पूल, झंडीदार मोदी हाइट्स, मुंशी हाइट्स जैसी जगहें राजभवन में देखने योग्य हैं।

**घुड़सवारी :** नैनीताल आने वाले सैलानियों के लिए हॉर्स राइडिंग एक और आकर्षण है। यहां बारापत्थर से घोड़े किराए पर लेकर सैलानी नैनीताल की अलग-अलग चोटियों की सैर करते हैं। शहर के अंदर घुड़सवारी अब पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

---

**मिटेगी तकरार, बढ़ेगा प्यार!**

# पार्टनर संग ट्रिप को यादगार और रोमांटिक बनाने के लिए करें ये पहल

पार्टनर के साथ समय बिता कर ही ऐसे लगता है मानो दुनिया की हर चीज खूबसूरत है। हमेशा एक कपल के बिच प्यार होना बेहद जरुरी है और उस प्यार को हमेशा बरकरार रखने के लिए हम अपने पार्टनर को खुश रखने के लिए कुछ न कुछ करते रहते है कभी सरप्राइज कभी गिफ्ट लाते है। हम कई बार पार्टनर संग यात्रा पर भी जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अपने ट्रिप को आप यादगार और रोमांटिक बना सकते हैं? शायद नहीं, तो चलिए हम आपको वो तरीके बताते हैं।

**पहाड़ियों पर घूमना किसको पसंद नहीं होता ऐसे में आप आपके पार्टनर के साथ यहां जा सकते है और कही एडवेंचर कर सकते है। जब पहाड़ों के बिच जाएंगे टेढ़े मेढे रास्ते आएंगे तो यकीनन आपके बीच प्यार बढ़ेगा।**

### हाइकिंग करे

पहाड़ियों पर घूमना किसको पसंद नहीं होता ऐसे में आप आपके पार्टनर के साथ यहां जा सकते है और कही एडवेंचर कर सकते है। जब पहाड़ो के बिच जाएंगे टेढ़े मेढे रास्ते आएंगे, तो यकीनन आपके बिच प्यार बढ़ेगा। पहाड़ो की ऊंचाइयों पर जाकर वहा से प्रकर्ति की सुंदरता देख सकते हो, अद्भुत नजरों का आनंद ले सकते हो, एक दूसरे से सुकून में बाते कर सकते हो, ठंडी हवा के मजे ले सकते हो और समय भी शांति से अच्छा गुजर जाएगा।



### बीच पर जा सकते हैं

बीच पर समुद्र से आती लहरों के बीच मस्ती करने का अपना ही अलग मजा होता है। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ कैंडल नाइट डिनर कर सकते है, शांति से बेथ कर बाते कर सकते है, वॉटर स्पोर्ट्स कर सकते है, बोटिंग कर सकते है। अच्छी तस्वीरें क्लिक करवा सकते हैं। कई बीच पर डांस पार्टी भी आयोजित की जाती हैं। आप यहां अपने पार्टनर संग जा सकते हैं। इससे आपका ट्रिप बेहद अच्छा हो सकता है।

### रोड ट्रिप

हर बार जरुरी नहीं की पार्टनर के साथ कही अच्छी स्टेशन पर घूमने ही जाएं कभी कभी आसपास कही रोड ट्रिप का भी प्लान कर सकते है। पहाड़ों के बीच, अच्छे गाने सुनते, ठंडी हवा के साथ आप रोड ट्रिप प्लान कर सकते है। इस दौरान आप एक-दूसरे के करीब आते हैं, और कई रोमांटिक पल भी बनते हैं। यही नहीं इस दौरान आप एक-दूसरे के साथ कई बातें शेयर कर सकते हैं। यकीन मानिए रोड ट्रिप पर जाने से आपका ये ट्रिप बेहद रोमांटिक और यादगार हो सकता है।

### कैंपिंग

हम जब घूमने जाते हैं, तो या तो हम होटल लेते हैं या फिर रिजॉर्ट। लेकिन क्या आपने कभी अपने पार्टनर संग कैंपिंग की है? अगर नहीं, तो जनाब एक बार जरूर करके देखें।



यकीनन आपको काफी अच्छा लगेगा। रात के समय कैंप के बाहर के नजारे बेहद खूबसूरत और बेहद प्यारे लगते हैं। टिमटिम तारों के नीचे बैठकर, आग जलाकर एक साथ बातें करना, समय बिताना, साथ में खाना खाना और ऊपर से ठंडी हवाएं। ये सब आपकी कैंपिंग को और भी ज्यादा खूबसूरत बना देती हैं।

---

# बाली के इन मंदिरों को देखे बिना नहीं होगी इंडोनेशिया की ट्रिप पूरी

**यदि बाली में सर्वश्रेष्ठ हिंदू मंदिर की बात की जाए, तो उसमें तनाह लोट मंदिर का नाम अवश्य लिया जाता है। तनाह लोट मंदिर एक पर्यटन स्थल के रूप में बहुत लोकप्रिय है। तनाह लोट मंदिर समुद्री क्षेत्र में एक बड़ी मूंगा चट्टान पर बना है।**

**जब** भी बाली घूमने की बात होती है, तो यकीनन सबसे पहले वहां के शानदार बीचेस को एक्सप्लोर करने का ही ख्याल मन में आता है। लेकिन यहां का प्राकृतिक सौंदर्य जितना बेहतरीन है, उतने ही आकर्षक है यहां पर स्थित मंदिर। प्राचीन बाली में कई मंदिर ऊंचे इलाकों और तटों पर स्थित हैं, जो शानदार सदियों पुरानी वास्तुकला को समेटे हुए हैं। भले ही आप स्वभाव से धार्मिक हों या न हो, लेकिन फिर भी आपको इन मंदिरों में एक बार जरूर जाना चाहिए। यह मंदिर आपको बाली के सांस्कृतिक पक्ष से रूबरू होने का मौका देते हैं, साथ ही साथ मंदिर के पीछे की दिलचस्प इतिहास को जानकर यकीनन बेहद रोमांचित होंगे। तो चलिए आज हम आपको बाली में स्थित कुछ बेहतरीन मंदिरों के बारे में बता रहे हैं।

**तनाह लोट मंदिर:** यदि बाली में सर्वश्रेष्ठ हिंदू मंदिर की बात की जाए, तो उसमें तनाह लोट मंदिर का नाम अवश्य लिया जाता है। तनाह लोट मंदिर एक पर्यटन स्थल के रूप में बहुत लोकप्रिय है। तनाह लोट मंदिर समुद्री क्षेत्र में एक बड़ी मूंगा चट्टान पर बना है। तनाह लोट मंदिर क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए केवल तभी पहुंचा जा सकता है जब समुद्र का पानी कम हो। समुद्र के ज्वार के समय तनाह लोट मंदिर समुद्र के बीच में स्थित प्रतीत होता है। तनाह लोट मंदिर जाने का सबसे अच्छा समय सूर्यास्त से पहले दोपहर का है। दर्शन के बाद आप यहां पर सूर्यास्त भी अवश्य देखें। तनाह लोट में सूर्यास्त का दृश्य अद्वितीय और बाली में सबसे सुंदर दृश्यों में से एक है।



**उलुवातु मंदिर :** उलुवातु मंदिर को बाली के लोगों द्वारा पुरा लुहुर उलुवातु भी कहा जाता है और यह बाली में छह मुख्य हिंदू मंदिरों में से एक है। उलुवातु मंदिर अपनी वास्तुकला की विशिष्टता के अलावा, उलुवातु मंदिर स्थान एक बहुत ही खड़ी चट्टान के किनारे पर स्थित है और चट्टानों की समुद्र तल से लगभग 70 मीटर की ऊंचाई है। यहां पर सूर्यास्त के दृश्य के अलावा, उलुवातु मंदिर स्थान से पर्यटक हिंद महासागर के दृश्यों को भी देख सकते हैं। यहां पर आप बाली के डांस भी अवश्य देखें, क्योंकि बाली में एकमात्र स्थान जो सूर्यास्त के दौरान बाली केकक नृत्य पेशकश करता है वह उलुवातु मंदिर में है।

**उलुन दानू बेरातन मंदिर :** एक झील में एक स्वर्ग, वही वास्तव में उलुन दानू है। बेदुगुल में बेराटन झील के पश्चिमी किनारे पर स्थित, यह एक प्रसिद्ध फ्लोटिंग टेम्प्ल है, और बाली आने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक मनोरंजक स्थान है। इसकी संरचना के अलावा, यहां का शांत वातावरण और पॉजिटिविटभ् आपके मन, शरीर और आत्मा को फिर से जीवंत करने के लिए एकदम सही हैं। इंडोनेशिया के बाली के सभी मंदिरों में से यह सबसे शांत मंदिरों में से एक है।

**बेसकिह मंदिर :** बाली के सभी हिंदू मंदिरों में से, बेसकिह यहां पर सबसे बड़ा और सबसे पवित्र मंदिर परिसर है। इसके प्रवेश द्वार से जो एक सीढ़ी की तरह लगता है जो आपको सीधे स्वर्ग में ले जाता है। यकीन मानिए, यहां का वातावरण आपको निश्चित रूप से विस्मय कर देगा! बाली, इंडोनेशिया के सभी मंदिरों में, यह निश्चित रूप से बाली के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है।